खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 21°C
न्यूनतम : 09°C

नई दिल्ली, सोमवार 16 फरवरी 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 316 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 27 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



कांग्रेस छोड़ नसीमुद्दीन सिद्दीकी सपा में शामिल पेज 2



सुपर 8 में जगह बनाने उतरेगा श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया बाहर होने के कगार पर खेल टाइम्स



बढ़ते तापमान के निकट भविष्य में दिखने लगे संकेत सम्पादकीय



ईरान अमेरिका से एटमी समझौते पर वार्ता को तैयार पेज 12



पाकिस्तान के खिलाफ अपने अर्द्धशतक के दौरान शॉर्ट लगाते भारतीय बल्लेबाज इशान किशन

## 10 राज्य-यूटी डेडलाइन तक एसआईआर में चूके

**नई दिल्ली।** देश के नौ राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में जारी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के तहत 7 फरवरी तक अपनी फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश नहीं कर सके। हालांकि, केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप और पुड्डुचेरी ने शनिवार को अपनी फाइनल इलेक्टोरल रोल प्रकाशित कर दी। पुड्डुचेरी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक केंद्र शासित प्रदेश की फाइनल वोटर लिस्ट में 9,44,211 मतदाता के नाम हैं।

# हमने सुधार को पूरी प्रतिबद्धता के साथ किया लागू: पीएम

## कहा: इस साल का बजट भारत के विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा को दर्शाता है

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक विशेष इंटरव्यू में कहा कि उनकी सरकार ने सुधार को पूरी प्रतिबद्धता के साथ लागू किया है और यह सिर्फ बातों तक नहीं बल्कि काम में भी दिखा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस साल का बजट भारत के विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा को दर्शाता है। उनके मुताबिक यह बजट किसी मजबूरी में लिया गया अब या कभी नहीं जैसा फैसला नहीं है, बल्कि यह देश की तैयारी और आत्मविश्वास का संकेत है- यानी हम तैयार हैं वाला बजट है। पीएम मोदी ने कहा कि राजनीतिक स्थिरता और नीति की स्पष्टता से निवेशकों का भरोसा भारत में बढ़ा है। इसी कारण भारत अब मजबूत स्थिति में व्यापार समझौते कर रहा है। उन्होंने बताया कि देश ने 38 देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) किए हैं। उन्होंने कहा कि मजबूत मैन्युफैक्चरिंग, सेवाओं का क्षेत्र और एमएसएमई सेक्टर ने भारत को वैश्विक व्यापार वार्ताओं में ताकत दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान बताया कि भारत के एफटीए खास तौर पर छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए बनाए गए हैं ताकि टेक्सटाइल, लेदर, केमिकल, हस्तशिल्प, जेम्स-ज्वेलरी जैसे क्षेत्रों को ज्यादा विदेशी बाजार मिल सके। पीएम मोदी ने कहा कि सरकार देश की सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगी। उन्होंने रक्षा बजट में बढ़ोतरी का जिक्र करते हुए कहा कि मौजूदा जरूरतों के अनुसार रक्षा क्षेत्र का आधुनिकीकरण करना सरकार की जिम्मेदारी है। पीएम मोदी ने आगे कहा है कि यूपीए सरकार के दौर में आर्थिक कुप्रबंधन की वजह से भारत अंतर्राष्ट्रीय मंच पर आत्मविश्वास के साथ बातचीत नहीं कर पाता था। उन्होंने कहा कि उस समय अक्सर बातचीत शुरू होती थी, लेकिन ठोस नतीजे नहीं निकलते थे और लंबे-लंबे समझौते भी बिना खास उपलब्धि के खत्म हो जाते थे।

■ कहा: राजनीतिक स्थिरता और नीति की स्पष्टता से निवेशकों का भरोसा भारत में बढ़ा

# भारत को मिलने वाले 114 में से 24 होंगे सुपर राफेल-एफ-5 होगा नाम

## अभी भारतीय वायुसेना के पास एफ-3 मौजूद, 2030 के बाद होगी डिलीवरी



फ्रांस के साथ 3.25 लाख करोड़ का होने जा रहा सौदा

**नई दिल्ली।** फ्रांस के साथ भारत 114 राफेल लड़ाकू विमानों का सौदा 3.25 लाख करोड़ रुपये में करने जा रहा है। 17 फरवरी से फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रों की तीन दिन की भारत यात्रा शुरू हो रही है। इसी दौरान इस डील पर मुहर लगेगी।

इन 114 में से 24 विमान सुपर राफेल होंगे, जिन्हें फ्रांस की विमान निर्माता कंपनी दसा एविएशन एफ-5 नाम से बना रही है। अभी वायुसेना के पास एफ-3 राफेल हैं, जो 4.5 जेनरेशन के लड़ाकू विमान हैं। इनमें स्टेल्थ क्षमता और परमाणु हथियार दागने की शक्ति है। लेकिन, नए विमान एफ-4 पीढ़ी के हैं। इसलिए इन्हें 5वीं जेनरेशन का कहा जा रहा है। यूरोपीय मानकों के हिसाब से एफ-5 राफेल असल में छठी पीढ़ी के जेट होंगे। फ्रांस के बाद इस तरह के सबसे बेहतर विमान भारतीय वायुसेना के पास होंगे। एफ-5 अभी विकास के चरण में हैं। एफ-4 की आपूर्ति 2028-29 से शुरू होगी। 2030 के बाद जो भी विमान मिलेंगे, वो एफ-5 श्रेणी के सुपर राफेल होंगे। वायुसेना के एक अधिकारी ने बताया कि सुपर राफेल अमेरिका के एफ-35 और रूस के सुखोई-57 से अगली पीढ़ी का फाइटर होगा। इस सौदे के तहत 88 राफेल सिंगल सीटर और 26 डबल सीटर होंगे, जिन्हें प्रशिक्षण और लड़ाकू दोनों भूमिका में इस्तेमाल किया जा सकेगा। दसा एविएशन से 18 विमान उड़ने के लिए तैयार स्थिति में मिलेंगे। बाकी 96 भारत में बनेंगे। इनके 60 फीसदी कलपुर्जे स्वदेशी होंगे। भारत का यह सबसे बड़ा रक्षा सौदा है। अब यह प्रस्ताव अंतिम मंजूरी के लिए कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) के पास भेजा जाएगा। प्रस्ताव को 16 जनवरी को रक्षा खरीद बोर्ड से मंजूरी मिल चुकी थी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, नए राफेल विमानों की खरीद से एयर डिफेंस और बॉर्डर एरिया में तैनाती की क्षमता मजबूत होगी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली कमेटी ने नेवी के लिए 6 अमेरिकी बोइंग पी8-1 सर्विलांस एयरक्राफ्ट, कॉम्बैट मिसाइलों और एयर-शिप बेस्ड हाई एल्टीट्यूड स्यूडो सैटेलाइट्स के प्रपोजल को भी मंजूरी दी है। इन सभी सौदों की कुल कीमत 3.60 लाख करोड़ रुपये है। यह सौदा 'मेक इन इंडिया' के तहत किया जाएगा। डसॉल्ट एविएशन एक भारतीय कंपनी के साथ मिलकर इन विमानों को बनाएगी। यह सौदा 'मेक इन इंडिया' के तहत किया जाएगा। डसॉल्ट एविएशन एक भारतीय कंपनी के साथ मिलकर इन विमानों को बनाएगी। सेना के लिए एंटी-टैंक माइंस (विभव), आर्मर्ड रिकवरी व्हीकल, टी-72 टैंक तथा इन्फैंट्री कॉम्बैट व्हीकल के वाहन प्लेटफॉर्म के ओवरहाल को मंजूरी मिल चुकी है।

## फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों का तीन दिवसीय भारत दौरा: पीएम मोदी से होगी वार्ता

**नई दिल्ली।** भारत और फ्रांस के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भारत आ रहे हैं। वह अपनी पत्नी ब्रिगिट मैक्रों के साथ तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे। यह दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछली फ्रांस यात्रा के बाद हो रहा है।

मैक्रों का यह दौरा कई मायनों में अहम माना जा रहा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रपति मैक्रों 16 फरवरी की देर रात करीब 11:30 बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। उनके दौरे के आधिकारिक कार्यक्रमों की शुरुआत 17 फरवरी से होगी। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कई अहम मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। 17 फरवरी को राष्ट्रपति मैक्रों की मुलाकात पीएम मोदी से होगी। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच कई समझौतों का आदान-प्रदान होगा और एक संयुक्त बयान भी जारी किया जाएगा। शाम को वह होटल ताज महल पैलेस में भारत-फ्रांस इनोवेशन फोरम में हिस्सा लेंगे। इसके बाद रात में गेटवे ऑफ इंडिया पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। अगले दिन 18 और 19 फरवरी को राष्ट्रपति मैक्रों नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। यहां वह एआई इम्पैक्ट समिट के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे।

■ एआई-इनोवेशन पर होंगे अहम समझौते

## एआई इम्पैक्ट समिट से पहले दिल्ली पुलिस की ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार से शुरू हो रहे एआई इम्पैक्ट समिट के मद्देनजर विस्तृत ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। प्रगति मैदान के भारत मंडपम में 16 से 20 फरवरी तक पांच दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय आयोजन होगा, जिसमें विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष, मंत्री, वरिष्ठ प्रतिनिधि और प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के नेता भाग लेंगे। कार्यक्रम की उच्च-स्तरीय प्रकृति को देखते हुए आयोजन स्थल और आसपास के क्षेत्रों में यातायात को नियंत्रित रखने की व्यवस्था की गई है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि आम जनता की सुरक्षा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए व्यापक ट्रैफिक प्रबंधन उपाय लागू किए जाएंगे। इनका प्रभाव मुख्य रूप से नई दिल्ली जिले और आसपास के क्षेत्रों में देखा जाएगा।

# ट्रेड डील में किसानों के साथ हो रहा धोखा: राहुल गांधी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रविवार को भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी से पांच सवाल किए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस डील के नाम पर भारतीय किसानों के साथ विश्वासघात हो रहा है।

राहुल गांधी ने कहा कि यह मुद्दा देश की कृषि के भविष्य से जुड़ा है। उन्होंने पीएम मोदी से सवाल करते हुए लिखा कि किसानों को जवाब तो मिलने ही चाहिए। यह सिर्फ आज की बात नहीं है। ये भविष्य की भी बात है। क्या हम किसी दूसरे देश को भारत की कृषि उद्योग पर लंबे समय की पकड़ बनाने दे रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट 5 सवाल करते हुए पूछा कि ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स (डीडीजी) इम्पोर्ट करने का क्या मतलब है? क्या इसका मतलब यह है कि भारतीय जानवरों को जीएम अमेरिकी मक्का से बने डिस्टिलर अनाज (चारा) खिलाए जाएंगे? क्या इससे हमारे डेयरी प्रोडक्ट प्रभावी रूप से अमेरिकी कृषि उद्योग पर निर्भर नहीं हो जाएंगे? अगर हम जीएम सोया तेल के आयात की अनुमति देते हैं, तो मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और देशभर के हमारे सोया किसानों का क्या होगा? वे एक और कीमतों का झटका कैसे झेल पाएंगे? जब आप अतिरिक्त उत्पाद कहते हैं, तो उसमें क्या-क्या शामिल है? क्या यह समय के साथ दाल और अन्य फसलों को अमेरिकी आयात के लिए खोलने के दबाव का संकेत है?

■ कांग्रेस सांसद ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर पीएम मोदी से पांच सवाल किए

## व्यापारी की हत्या में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के पांच सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने रविवार को बाहरी उत्तरी दिल्ली के बवाना औद्योगिक क्षेत्र में एक व्यवसाई की नौ फरवरी को की गई हत्या के सिलसिले में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुख्ता खुफिया जानकारी के आधार पर दिन में कुछ संदिग्धों को रोककर आत्मसमर्पण करने को कहा गया, तो उन्होंने कथित तौर पर गोलियां चला दीं। आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की गई। पैर में गोली लगने की वजह से एक आरोपी घायल हो गया। बाद में पुलिस ने उसे दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान तीन संदिग्धों को पकड़ा गया, जबकि अन्य दो को बाद में दबोचा गया। इस मामले में कुल पांच गिरफ्तारियां की गई हैं। इस कार्रवाई के दौरान कोई पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है।

# वीडियो गेम्स से बच्चों को बनाया जा रहा आतंकी

## अमेरिका में 42 फीसदी मामलों में नाबालिग शामिल

हेग, वार्ता



**माइनक्रॉफ्ट और** राबलॉक्स जैसे लोकप्रिय वीडियो गेम्स अब बच्चों को आतंकवादी संगठनों और नफरत फैलाने वाले समूहों में भर्ती करने का जरिया बनते जा रहे हैं। यूनाइटेड नेशंस की काउंटर-टेररिज्म कमेटी के मुताबिक, यूरोप और नॉर्थ अमेरिका में आतंकवाद से जुड़े मामलों में अब 42 फीसदी आरोपी नाबालिग हैं।

2021 की तुलना में यह आंकड़ा तीन गुना बढ़ा है। नीदरलैंड्स के हेग स्थित इंटरनेशनल सेंटर फार काउंटर-टेररिज्म के अनुसार, यूरोप में 20 से 30 फीसदी आतंकवाद विरोधी जांचों में 12-13 साल के बच्चे शामिल हैं। संगठन के डायरेक्टर थॉमस रेनॉर्ड ने इसे चौंकाने वाला बताया और कहा कि ऐसा पहले कभी नहीं देखा गया। यूएन के जांचकर्ताओं का कहना है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के जरिये कट्टरपंथी संगठन तेजी से नए सदस्य बना रहे हैं। अब भर्ती की उम्र भी घटती जा रही है। अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया की इंटेलिजेंस एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि राबलॉक्स और डिस्कार्ड जैसे प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल बच्चों को ट्रेनिंग देने और भर्ती करने में हो रहा है। गेम्स में ऐसे वर्चुअल वर्ल्ड बनाए जा रहे हैं, जहां खिलाड़ी आतंकी हमलों और गोलीबारी की घटनाओं को दोहरा सकते हैं। 2019 में न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च में मस्जिदों पर हुए हमले को भी इन गेम्स में दोहराया गया है। 2022 में ब्रिटेन में एक 15 साल की लड़की को एक टेक्सास के नियो-नाजी ने ऑनलाइन ग्रूम किया।

■ यूरोप में 20 से 30% केस में 12-13 साल के बच्चे



## संक्षिप्त समाचार

### चलती गाड़ी पर गिरा विद्युत पोल, सपा नेता लाल बहादुर यादव की मौत

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले के अंतू थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर चलती कार में विद्युत पोल गिरने से समाजवादी पार्टी नेता लाल बहादुर यादव की मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि बाबूगंज बाजार निवासी सपा नेता लालबहादुर यादव कार से रविवार दोपहर शहर की तरफ जा रहे थे कि बाबूगंज में स्थित भारत पेट्रोल पंप के सामने लग रहे हाईमास्ट लाइट के पोल को खड़ा किया जा रहा था। तभी अचानक पोल असंतुलित होकर कार पर गिर पड़ा। उन्होंने बताया कि इस हादसे में कार के अंदर बैठे लाल बहादुर यादव गंभीर रूप से घ्यायल हो गए। उन्हें अंतू के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया जहां पर डाक्टरो ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### धन उगाही के आरोप में सीएचसी अधीक्षक पद से हटाए गए

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के मिहींपुरवा ब्लॉक स्थित मोतीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक को एएनएम और आशा बहुओं के साथ कथित अभद्र व्यवहार एवं अवैध धन उगाही के आरोपों के बाद पद से हटा दिया गया है। जिलाधिकारी ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्ईय समिति गठित कर सात दिनों में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को सैकड़ों एएनएम और आशा बहुओं ने सीएचसी परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सीएचसी अधीक्षक डा. थानेदार पर अभद्रता और अशोभनीय हरकत का आरोप लगाते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग की। एएनएम ऋषु ने नारेबाजी के बीच शिकायती पत्र सौंपते हुए अधीक्षक पर गंभीर आरोप लगाए। अन्य महिला कर्मियों ने समय से वेतन न मिलने, वेतन में कथित कटौती तथा धन उगाही जैसे आरोप भी लगाए।

## मुख्यमंत्री योगी ने गोरखनाथ मंदिर में लगाया जनता दर्शन दरबार

# समस्या का समय से निस्तारण करें अधिकारी

**गोरखपुर, वार्ता**



- इलाज के लिए पैसों की कमी नहीं आएगी, पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं, ताकि उन्हें इलाज में परेशानी न हो

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन कर लोगों से मुलाकात की और समस्याएं सुनकर अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री रविवार को देवाधिदेव महादेव की आराधना के विशेष पर्व महाशिवरात्रि पर आनुष्ठानिक व्यस्तता में भी जनसेवा का अनुष्ठान जारी रखा। जनता दर्शन में आए लोगों से मुख्यमंत्री ने कहा कि चिंता मत करें, हर समस्या का समाधान होगा, सबकी भरपूर मदद की जाएगी। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और तत्परता से उसका निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराएं। रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे। एक-एक कर सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान कराएंगे। किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। इस दौरान सीएम ने अधिकारियों से कहा कि जो लोग पात्र हैं और किसी कारण से उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया है। उनके आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं, ताकि उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े। मुख्यमंत्री योगी की एक सुपरिचित पहचान गोसेवक की भी है।

### महाशिवरात्रि पर योगी ने दी शुभकामनाएं श्रद्धालुओं का किया अभिनंदन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देवाधिदेव महादेव की उपासना को समर्पित पावन पर्व 'महाशिवरात्रि' के अवसर पर प्रदेशवासियों और तीर्थराज प्रयाग में स्नान करने पहुंचे श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि महाशिवरात्रि के पावन स्नान पर्व पर आज तीर्थराज प्रयाग की त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए पधारे सभी पूज्य साधु-संतों, धर्माचार्यों, कल्पवास के लिए आए साधकों एवं श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन है। उन्होंने प्रार्थना की कि देवाधिदेव महादेव एवं पुण्य प्रदायिनी मां गंगा की कृपा सभी भक्तों पर बनी रहे।

## अयोध्या का स्टेशन भाजपा के 'भ्रष्ट मॉडल' का उदाहरण: अखिलेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- कन्नौज रेलवे स्टेशन को लेकर भाजपा पर कसा तंज, कहा- निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बरतें

**लखनऊ।** कन्नौज में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कन्नौज रेलवे स्टेशन को गोरखपुर रेलवे स्टेशन की तर्ज पर विकसित करने की सरकार की योजना को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तंज कसा है। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से तंज कसते हुए कहा कि अयोध्या में जो रेलवे स्टेशन बनाया गया, वह भाजपा के 'भ्रष्ट मॉडल' का उदाहरण है। रविवार को अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार को चाहिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि बनते ही गिर जाने वाली पानी की टंकी थोड़ी दूर बनाई जाए, छत ऐसी हो कि नीचे खड़े लोगों को छतरी न लगानी पड़े और एप्रोच रोड की परत न उखड़े। उन्होंने यह भी कहा कि लिफ्ट और एस्केलेटर लगाए जाएं तो वे सही तरीके से काम भी करें। सपा अध्यक्ष ने कमीशनखोरी पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में पारदर्शिता होनी चाहिए और यात्रियों के लिए वेटिग एरिया वास्तव में सुविधाजनक बनाया जाए, क्योंकि कई बार ट्रेनों में लंबी देरी होती है। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था और शौचालयों की स्थिति सुधारने की भी मांग की। अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा कि ठेकेदार स्थानीय होना चाहिए, ताकि जिम्मेदारी तय की जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गौरतलब है कि अयोध्या रेलवे स्टेशन परिसर में एक दीवार गिरने की घटना सामने आई थी, जिसके बाद निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठे थे। जिसको लेकर प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) की फैक्ट चेक इकाई ने नव-उद्घाटित अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर चारदीवारी गिरने की सोशल मीडिया पर चल रही खबरों का खंडन किया था।

## विधिक सेवा प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखा किया रवाना

**लखनऊ, वार्ता**

- यूपी के 74 जिलों में हेल्पलाइन का शुभारंभ

न्याय तक आमजन की सुलभ पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए एक दिन पूर्व शनिवार को प्रदेश के 74 जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के लिए मल्टी यूटिलिटी विधिक सेवा प्रचार वाहनों को रवाना किया और राज्य स्तरीय मध्यस्थता हेल्पलाइन 1800-180-1212 का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम का आयोजन उच्च न्यायालय, खंडपीठ लखनऊ के चीफ जस्टिस पोर्टिको में भव्य रूप से किया गया।

इस अवसर पर मा. न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ने विधिक सेवा प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में माननीय न्यायमूर्ति पंकज मित्तल, न्यायमूर्ति अरुण भंसाली, न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय, न्यायमूर्ति चंद्रशेखर तथा न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी सहित अनेक वरिष्ठ न्यायाधीशों और गणमान्य अतिथियों ने गरिमामई उपस्थिति दर्ज कराई। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में उपलब्ध कराए गए इन प्रचार वाहनों का उद्देश्य दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक जागरूकता का प्रसार करना है। इन वाहनों के माध्यम से आम नागरिकों को निष्शुल्क विधिक सहायता, उनके अधिकारों तथा विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

## कांग्रेस छोड़ नसीमुद्दीन सपा में शामिल अखिलेश की मौजूदगी में ली सदस्यता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में रविवार को बड़ा घटनाक्रम देखने को मिला, जब बहुजन समाज पार्टी सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके वरिष्ठ नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

कांग्रेस छोड़ने के बाद नसीमुद्दीन के सपा में जाने की संभावना पहले से जताई जा रही थी। लखनऊ स्थित सपा मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उन्हें औपचारिक रूप से पार्टी में शामिल कराया। उनके साथ अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी सपा का दामन थामा। पार्टी के राज मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सपा में शामिल होने के बाद नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने अखिलेश यादव के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए कहा कि उनके साथ उनके पुराने और सम्मानजनक संबंध रहे हैं। उन्होंने कहा, ष्मैं पार्टी में सबसे नया हूं और यहां मौजूद सभी नेता मेरे वरिष्ठ हैं।

हम सब मिलकर संगठन को मजबूत करेंगे। पार्टी मजबूत होगी, तो प्रदेश और समाज भी मजबूत होगा। उन्होंने सपा सरकार के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी भत्ता और छात्रों को लैपटॉप देने जैसी योजनाएं पहली बार लागू की गईं, जिससे युवाओं को लाभ मिला। इस दौरान नसीमुद्दीन ने शेरो-शायरी का भी सहारा लिया। इस मौके पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा और प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि आज हमारे पास फूल आ गए हैं, तो किसी का फूल मुरझाता जा रहा है। उन्होंने प्रदेश की कानून-व्यवस्था और सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जनता बदलाव चाहती है और समाजवादी पार्टी सभी वर्गों को साथ लेकर चलने के लिए प्रतिबद्ध है। गौरतलब है कि नसीमुद्दीन सिद्दीकी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मुस्लिम समुदाय का प्रभावशाली नेता माना जाता है। वे बसपा में लंबे समय तक सक्रिय रहे और मायावती सरकार में कैबिनेट मंत्री भी रहे।

### उत्तर भारत का आधुनिक आर्य गुरुकुल म्यूजयिम 80 फीसदी तैयार

**लखनऊ/आगरा।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले के सिरसागंज में निर्माणाधीन आर्य गुरुकुल म्यूजयिम का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। 24.45 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह उत्तर भारत का पहला आधुनिक आर्य गुरुकुल म्यूजयिम नई तकनीकों से सुसज्जित होगा, जहां इतिहास को पढ़ने के बजाय महसूस करने का अवसर मिलेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने समीक्षा बैठक में परियोजना को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने बताया कि संग्रहालय में इमर्सिव लर्निंग, विजुअल स्टोरीटेलिग और इंटरैक्टिव डिस्प्ले के माध्यम से आर्य समाज के इतिहास और विचारधारा को प्रस्तुत किया जाएगा।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 82626.76
निफ्टी 25471.10



सोना रु. 154000 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)




चांदी रु. 250000 प्रति किलो



## वैश्विक कारकों से मिलेगी शेयर बाजार को दिशा

**मुंबई, वार्ता**



आईटी कंपनियों पर दबाव से घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह गिरावट देखी गई और अब आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर वैश्विक कारकों पर ज्यादा रहेगी। घरेलू स्तर पर अगले सप्ताह आयात-निर्यात के आंकड़े जारी होने हैं। इससे बाजार में निवेश धारणा प्रभावित हो सकती है। निवेशक वैश्विक कारकों से संकेत लेकर अपनी रणनीति तय कर सकते हैं।

बीते सप्ताह आईटी कंपनियों में बड़ी गिरावट देखी गई। इसका प्रमुख कारण एक अमेरिकी कंपनी द्वारा एआई समर्थित एक ऐसे टूल के विकास की खबर है जिससे भारतीय आईटी कंपनियों को मिलने वाले ऑर्डर के प्रभावित होने की आशंका है। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 953.64 अंक (1.14 प्रतिशत) की साप्ताहिक गिरावट में शुक्रवार को 82,626.76 अंक पर बंद हुआ। इसमें पहले दो दिन तेजी और बाद के तीन दिन गिरावट रही। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक भी 222.60 अंक यानी 0.87 फीसदी उतरकर सप्ताहांत पर 25,471.10 अंक पर रहा। मझौली कंपनियों के निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.37 प्रतिशत की गिरावट रही, जबकि छोटी कंपनियों का निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.56 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। सेंसेक्स में सबसे ज्यादा साप्ताहिक नुकसान उठाने वाली चारों कंपनियां आईटी क्षेत्र की रहीं। इंफोसिस का शेयर 9.12 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 8.70 प्रतिशत, टीसीएस का 8.48 प्रतिशत और टेक महिंद्रा का 5.18 प्रतिशत गिर गया। एफएमसीजी कंपनियों में हिंदुस्तान यूनीलिवर का शेयर 4.89 फीसदी और आईटीसी का 3.82 फीसदी गिर गया, जबकि ट्रेंट में 3.22 प्रतिशत की तेजी रही। बैंकिग एवं वित्तीय कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक का शेयर सेंसक्स में सबसे ज्यादा 12.42 प्रतिशत उछला।

### राम मंदिर का वैभव सात समंदर पार, 20 फरवरी को मॉस्को में होगी भव्य रामलीला

**लखनऊ।** अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राम मंदिर से जुड़े विकास कार्यों और दीपोत्सव जैसे भव्य आयोजनों की गूंज अब सात समंदर पार तक पहुंच गई है। इसी सांस्कृतिक प्रेरणा के तहत रूस की राजधानी मॉस्को में 20 फरवरी को भव्य रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन भारत-रूस सांस्कृतिक संबंधों के नए अध्याय के रूप में देखा जा रहा है। रूस में भारत के दूतावास और जवाहरलाल नेहरू सांस्कृतिक केंद्र के सहयोग से आयोजित इस रामलीला में रूसी कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। राम की भूमिका एवगेनी, सीता का किरदार दारिया, लक्ष्मण की भूमिका मुरात और हनुमान के रूप में दिमित्री मंच पर भारतीय आस्था की सजीव प्रस्तुति देंगे। भव्य मंच सज्जा, पारंपरिक वेशभूषा और संगीत के माध्यम से रामकथा को जीवंत किया जाएगा। इस आयोजन की मुख्य संचालक रूसी-भारतीय मैत्री संस्था 'दिशा' है, जो डा. रामेश्वर सिंह के नेतृत्व में वर्षों से दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक सेतु का कार्य कर रही है। आयोजकों के अनुसार रामलीला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सत्य, मर्यादा और आदर्श जीवन का सार्वभौमिक संदेश देती है।

## चावल, गेहूं में साप्ताहिक गिरावट, चीनी, खाद्य तेल मजबूत

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव घट गए। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। चीनी और खाद्य तेलों के दाम बढ़ गए, जबकि दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 69 रुपये घटकर सप्ताहांत पर 3,753 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं सात रुपये सस्ता हुआ और सप्ताहांत पर 2,856 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा चार रुपये चढ़कर 3,341 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। बीते सप्ताह खाद्य तेलों में तेजी रही। मूंगफली तेल की औसत कीमत 319 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल का भाव 256 रुपये और पाम ऑयल का 222 रुपये बढ़ा। सोया तेल 105 रुपये और सरसों तेल 78 रुपये महंगा हुआ। वनस्पति में 36 रुपये की तेजी रही। सप्ताह के दौरान तुअर दाल औसतन 82 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल की कीमत 65 रुपये और मूंग दाल की 11 रुपये बढ़ी। मसूर दाल में 66 रुपये और चना दाल में 61 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 18 रुपये प्रति क्विंटल गिर गए। वहीं चीनी 17 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7717.18 रुपये, मसूर काली 8021.25 रुपये, मूंग दाल 10136.12 रुपये, उड़द दाल 10648.94 रुपये, तुअर दाल 11055.72 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: गेहूं दड़ा 2855.71 रुपये और चावल 3752.76 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3340.61 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4316.55 रुपये और गुड़ 4982.94 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17745.59 रुपये, मूंगफली तेल 18288.25 रुपये, सूरजमुखी तेल 16603.41 रुपये, सोया तेल 14074.80 रुपये, पाम ऑयल 12910.73 रुपये और वनस्पति 14573.89 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## महाशिवरात्रि 2026: काशी-मथुरा में निकली भोलेनाथ की बारात

- कानपुर, मेरठ और फर्रूखाबाद में बम-बम की गूंज

**वाराणसी।** काशी में महाशिवरात्रि पर्व पर मंदिर में भोर से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। पहली पहर की मंगला आरती में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। इस दौरान भक्तों पर पुष्प वर्षा भी की गई। आज लाखो की संख्या में भक्त बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। वहीं यूपी के अन्य शहरों में शिवालयों से ही बम-बम की गूंज नजर आ रही है। लखनऊ, कानपुर, आगरा, प्रयागराज, बरेली, मेरठ समेत सभी शहरों में शिवरात्रि की धूम नजर आ रही है। काशी विश्वनाथ मंदिर की ओर से भक्तोंकी सुविधा के लिए डिजिटल दर्शन की भी व्यवस्था की है। इस लिंक पर क्लिक कर आप बाबा के दर्शन कर सकते हैं।

सड़कों पर भूत, पिशाच, नर,किन्नर अलग-अलग स्वरूप में बाबा की बारात में शामिल होते हुए नजर आए। यह बारात तिलभांडेश्वर से निकली। बारात में तरह-तरह के कलाकार प्रभु के अलग-अलग स्वरूप में मौजूद थे, जो हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे। इस मौके पर महंत आवास पर मौजूद बाबा की चल प्रतिमा का श्रृंगार भी हुआ। बाबा दूल्हा के रूप में नजर आए, तो मां गौरा दुल्हन के रूप में सजी दिखीं। महाशिवरात्रि का पर्व देशभर में धूमधाम के साथ मनाया गया। भगवान श्री कृष्ण की नगरी मथुरा में भी श्री कृष्ण जन्म स्थान से भोलेनाथ की बारात हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। बैंड-बाजे बाराती और भूत प्रेत की झांकियां के साथ शहर में निकली। बारात अनेक मार्गो से होती हुई श्री कृष्ण जन्मभूमि गेट नंबर एक पर पहुंची, यहीं यात्रा का समापन हुआ। नाथ नगरी के रूप में पहचान रखने वाले बरेली में महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही शहर के प्रमुख शिवालयों में भक्तों की लंबी कतारें लग हुई। हर-हर महादेव के जयघोष के बीच जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक का सिलसिला जारी रहा। आस्था का मुख्य केंद्र इस बार भी महाभारत कालीन मान्यताओं वाला त्रिवटीनाथ मंदिर है। कानपुर के आनंदेश्वर मंदिर में भोर से ही भक्त उमड़ पड़े। यहां आज दिन भर करीब 3 लाख से अधिक भक्तों ने दर्शन किए। भक्तों की सुरक्षा के लिए यहां पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वहीं मेरठ में औघड़नाथ समेत कई मंदिरों में पूजन-अर्चना जारी रही। यहां भोर से ही भक्त शिवालयों में पहुंचने लगे। बम भोले के उद्घोष के साथ भक्तों ने परिवार के साथ भोले बाबा का पूजन-अर्चना कर मंगलकामना की।

## जम्मू-कश्मीर में 8000 बेनामी बैंक अकाउंट फ्रीज

- सुरक्षा बलों ने बड़े हवाला नेटवर्क का किया भंडाफोड़

**श्रीनगर।** सुरक्षा एजेंसियों ने जम्मू-कश्मीर में बेनामी बैंक अकाउंट का इस्तेमाल करके मनी लॉन्ड्रिंग करने वाले एक गैंग का भंडाफोड़ किया है। ये 8000 गुमनाम अकाउंट इंटरनेशनल फ्रॉड करने वाले गैंग के 'हथियारों' में से एक हैं। इन अकाउंट का इस्तेमाल मुख्य रूप से साइबर फ्रॉड के लिए किया जाता था। हालांकि सिक्योरिटी एजेंसियों को डर है कि अलग-अलग मिलिटेंट ग्रुप और अलगाववादी ताकतें भी इन अकाउंट का इस्तेमाल देश विरोधी गतिविधियों के लिए फाइनेंशियल मदद देने के लिए कर सकती हैं।

एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि स्कैम का पूरा इकोसिस्टम इन अकाउंट पर निर्भर करता है। पैसे के लिए कोई डेस्टिनेशन न होने पर स्कैम पहले ही स्टेप में फेल हो जाता है। जो लोग अपने अकाउंट किराए पर देते हैं, वे सिर्फ हालात के शिकार नहीं होते, वे क्राइम के इंजन होते हैं। कार्यालय सूत्रों के मुताबिक एक रिपोर्ट है कि ये गुमनाम अकाउंट साइबर फ्रॉड की दुनिया में सबसे कमजोर, लेकिन सबसे अहम कड़ी हैं, क्योंकि इन अकाउंट की मदद के बिना क्रिमिनल मनी को क्रिप्टोकरेंसी में बदलना लगभग नामुमकिन है। ऐसे गुमनाम बैंक अकाउंट को 'म्यूल अकाउंट' कहा जाता है। साइबर फ्रॉड करने वाले आमतौर पर अपने नाम के अकाउंट का इस्तेमाल नहीं करते हैं। वे क्रिमिनल मनी को अलग-अलग जगहों पर भेजने के लिए किसी तीसरे व्यक्ति के अकाउंट का इस्तेमाल करते हैं। वे पकड़े जाने के खतरे से बचने के लिए इन गुमनाम अकाउंट का इस्तेमाल करते हैं।

## भारत है सद्भावना का बड़ा केन्द्र: भागवत

**गोरखपुर, वार्ता**



- गोरखपुर में सामाजिक सद्भाव बैठक में बोले संघ प्रमुख मोहन
- कहा-देश ठीक रहेगा तो हम भी ठीक रहेंगे

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोरक्ष प्रांत की ओर से संघ शताब्दी वर्ष के तहत तारामंडल स्थित बाबा गम्भीरनाथ प्रेक्षागृह में सामाजिक सद्भाव बैठक रविवार को हुई, जिसमें विभिन्न जाति, समाज और पंथ के प्रमुख और प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस सामाजिक सद्भाव बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत ने कहा कि आज सामाजिक नेतृत्व यहां उपस्थित है। उन्होंने कहा कि भारत स्वार्थ नहीं देखता, दुनिया के अन्य देशों पर संकट आने पर भारत उनकी सहायता के लिए आगे आता है, भारत सद्भावना का केन्द्र है।

समाज उसे कहते हैं, जिसका परस्पर जुड़ाव हो। स्वार्थ का अपनापन टिकता नहीं है। अन्य देशों में विचार है कि मनुष्य से मनुष्य का संबंध एक सौदा है, किन्तु अपने देश में मनुष्यों के संबंध का विचार ऐसा नहीं है। यहां संबंध अपनेपन का है, हमारे देश में अनेक विविधताएं और अनेक रीति-रिवाज हैं। मोहन भागवत ने कहा कि यहां विविधता में एकता है, क्योंकि यहां एक नाता है। भारत को हम माता मानते हैं। एक ही चैतन्य सब में है - वह भगवान है। हमारी अलग-अलग विशिष्टताओं के बावजूद यही नाता हमें जोड़ रखता है, हमारी संस्कृति में हम महिला को वात्सल्य की दृष्टि से देखते हैं। सदियों के आचरण से हमारा यह स्वभाव बना है। हमारे यहां अलग रंग-रूप और वेशभूषा अलगाव का कारण नहीं बनते। हमारे समाज का लक्ष्य जीवन के सत्य को जानना है और जीवन का सत्य भगवान हैं। सरसंघचालक ने कहा कि यही हमारा समान लक्ष्य और समान संस्कृति है। समाज सद्भाव से चलता है, समाज में यदि सद्भावना नहीं है, तो कानून और पुलिस के बावजूद समाज नहीं चलता। संघ के 100 वर्ष पूरे हुए हैं, यह कोई उत्सव की बात नहीं है, जिसे करने में 100 वर्ष लग गए, वह और पहले हो जाना चाहिए था। हमें करना यह है कि ब्लॉक स्तर पर वर्ष में 2-3 बार बैठें, हम अपनी जाति की चिंता कर रहे हैं, यह अच्छी बात है, लेकिन ध्यान रखें कि हम एक बड़े समाज के लोग हैं। हिन्दू समाज में पूर्ण स्वतंत्रता है, हम हिन्दू समाज के अंग हैं।

# फाल्गुन मास का जलाभिषेक करने उमड़ा जनसैलाब

## बहसूमा के फिरोजपुर महादेव मंदिर में हजारों ने चढ़ाया शिवलिंग पर जल





जलाभिषेक करने के लिए लंबी कतार में खड़े कांवड़िए व श्रद्धालू।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** फाल्गुन मास के उपलक्ष में जलाभिषेक करने के लिए श्र)ालु एवं कांवड़ियों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। रविवार की सुबह से ही मंदिर परिसर एवं मंदिर के बाहर श्र)ालुओं एवं कांवड़ियों की लंबी कटारे लगी रही। श्र)ालुओं ने बड़े परिश्रम एवं कठिनाइयों के साथ भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया और परिवार की लंबी आयु की कामना की मंदिर के सामने लगे मेले में महिलाओं एवं बच्चों ने खेल खिलौने खरीदे और तरह-तरह के बनाए गए व्यंजनों का स्वाद चखा।

जलाभिषेक शांतिपूर्ण कराये जाने को लेकर पुलिस प्रशासन चप्पे-चप्पे पर अपनी नजर लगाये खड़ा रहा। कावड़ शांतिपूर्ण होने पर पुलिस प्रशासन ने राहत कीसांस ली। बताते चले कि 15 रवरी को ाल्गुन मास का त्र्योदशी एवं चतुर्दशी का जलाभिषेक किया गया। जिसमें मंदिर समिति द्वारा सारी व्यवस्थाएं धारी की धारी रह गई। रविवार की सुबह से ही कावड़िया भगवान आशुतोष के जय जयकारों को लगाते हुए मंदिर परिसर में पहुंच रहे थे। कावड़िया कुछ घुटने के बल तथा लेटकर मंदिर परिसर में पहुंच रहे थे। मंदिर समिति के अधयक्ष रकम सिंह, हरजेदर सिंह, पूर्व प्रधाान देवेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार की सुबह से ही श्र)ालुओं एवं कांवड़ियों का ताता लगा रहा। जिसमें लगभग 20 से 30 हजार कावड़िया एवं श्र)ालुओं ने भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया, तथा कावड़ियों के ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था की गई। भगवान आशुतोष का जलाभिषेक करने के लिए मंदिर के अंदर तथा मंदिर के बाहर लंबी कटारे लगी रही। श्र)ालु एवं कावड़िया कठिन परिश्रम करते हुए भगवान आशुतोष के जय जयकारों के साथ परिक्रमा कर जलाभिषेक किया। इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रतिभा सिंह एवं अतिरिद्र थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह एवं उपनिरीक्षक धार्मवीर सिंह आदि में सारी व्यवस्थाएं देखी। इस मौके पर मुख्य रूप से संजय समिति अधयक्ष रकम सिंह, संजीव रस्तोगी, प्रधाान देवेंद्र सिंह, लाखन सिंह, हरजेन्दर रामपाल ोजी, इलम सिंह, प्रधाान शुभम् अरोडा, बिट्टू, डक्क्टर साजिद, पुजारी पुरण सिंह भगत जी आदि का सहयोग रहा।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया महाशिवरात्रि का पर्व, भक्तों ने श्रद्धा से किया जलाभिषेक






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** महाशिवरात्रि का पर्व रविवार को बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर हो या देहात सभी शिव मंदिरों की विशेष सजावट की गई। शिवालयों को फूलों के साथ रंग बिरंगी लाइटों के साथ सजाया गया।

कसेरूखेड़ा स्थित श्री रामेश्वरम राधा कृष्ण मंदिर में रविवार सुबह से ही ओम नमः शिवाय और बम बम भोले के जयकारों के साथ भगवान शिव के जलाभिषेक का सिलसिला जो शुरू हुआ वह पूरे दिन चलता रहा। मंदिर प्रांगण में पूरे दिन शिव भक्तों का भारी संख्या में आना जाना लगा रहा जहां शिव भक्तों ने विधि-विधान से जलाभिषेक कर भगवान भोले की आराधना की और व्रत रखकर बेलपत्र, भांग, धतूरा, जल, बेर, और दुग्धाभिषेक से महादेव जी की विशेष पूजा-अर्चना कर मनौतियां मांगी। वहीं कुंवारी कन्याओं ने सुयोग्य वर और महिलाओं ने संतान प्राप्ति होने के लिए विशेष पूजा अर्चना की। रविवार की शाम को मंदिर में महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें कमलेश शर्मा, राजेश, ताराव. ती, शोभा जोशी, बबीता, आयुषी, प्राची, संगीता, कशिश, शिवकुमार शर्मा, विनय वत्स, मुकेश मित्तल, राजवीर सिंह मलिक, धीरेंद्र, हर्ष आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से ई-रिक्शा चालक घायल, कार चालक फरार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे के बाहरी छोर पर दौराला मसूरी रोड पर स्थित पशु पैंठ के सामने तेज रफ्तार कार ने ई रिक्शा में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। कार सवार युवक कार को लॉक कर मौका पाकर फरार हो गए। बताया जाता है कि अमित पुत्र महकार निवासी ग्राम अझोता थाना दौराला ई रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है उसकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। अमित रविवार की सुबह अपनी रिक्शा लेकर लावड़ से अपने गांव जा रहा था जैसे ही वो पशु पैंठ के सामने पहुंचा तो लावड़ की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार आल्टो कार नंबर यूपी 20 बी.वी 7361 ने उसके रिक्शा में पीछे से जोरदार टक्टर मार दी जिससे वह घायल होकर लहूलुहान अवस्था में सड़क के किनारे गिर गया। इस टक्कर के बाद उसकी रिक्शा भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घायल अमित सड़क के किनारे तड़प रहा था। तभी कार सवार युवकों ने उसकी मदद नहीं की और मौका पाकर अपनी कार लॉक कर चाबी लेकर फरार हो गए। तभी कुछ लोगों ने अमित को पहचानते हुए उसके भाई को सूचना दी मौके पर पहुंचे भाई ने राहगीरों की मदद से उसे दौराला सीएचसी में भर्ती कराया जहां युवक की हालत चिंताजनक बनी हुई है। वहीं पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर दौराला थाने भेजा।

# फलावदा में चोरो ने आधा दर्जन नलकूपों को खंगाला

### इससे पहले भी चोरी का पुलिस नहीं कर पाई खुलासा, ग्रामीणों में घटना से गहरा रोष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे के मवाना मार्ग पर स्थित जनता इंटर कॉलेज के पीछे जंगल में जाने वाले मुख्य मार्ग पर शनिवार देर रात चोरों ने आधा दर्जन नलकूपों को निशाना बनाते हुए ऑपरेटर, तांबे की कोयल, केबिल, विद्युत तार और कृषि यंत्र चोरी कर लिए। जबकि पूर्व में भी नलकूपों से चोरी हो चुकी है। जिनका पुलिस आज तक खुलासा नहीं कर सकी। घटना के संबंध में पीड़ित किसान प्रमोद आर्य, जयप्रकाश सैनी, ओमवीर सिंह, सोनू, विवेक कुमार, वरुण कुमार निवासी फलावदा ने थाने में तहरीर देकर पुलिस को बताया कि देर रात चोरों ने उनके नलकूपों पर लगे लोहे के गेट के ताले उखाड़कर करीब एक लाख रुपए की कीमत के इलेक्ट्रिक सामान चोरी कर ले गए हैं। वहीं कस्बे के जूड़ गडीना मार्ग पर आधा दर्जन किसानों के नलकूपों के ताले तोड़ने का प्रयास किया जिस कारण इन किसानों के नलकूपों से चोरी होने से बच गए। किसानों ने यह भी बताया कि करीब 6 महीने पूर्व उनके नौ नलकूपों से चोरों ने इलेक्ट्रिक सामान चोरी किए थे इस संबंध में थाने में तहरीर दी गई थी लेकिन आज तक पुलिस ने घटना का खुलासा नहीं किया। सभी किसानों ने घटना के खुलासे की मांग को लेकर पुलिस की कार्य प्रणाली के खिलाफ हंगामा करते हुए आक्रोश जाहिर किया है। अभी एक सप्ताह पूर्व थाना क्षेत्र के गांव झिझाडपुर, गांव पिनाई के जंगल में स्थित 11 किसानों के नलकूपों से चोरों ने इलेक्ट्रिक सामान चोरी किया था। इस घटना का भी पुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर सकी। किसानों के जंगल में स्थित नलकूपो से चोरी करने वाला गैंग आए दिन क्षेत्र के कई गांवों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं।

# खैर नगर बाजार में शेष सड़क निर्माण कार्य शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दवा व्यापारियों के निरंतर प्रयासों के परिणाम स्वरूप खैर नगर बाजार की शेष बची हुई सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। लंबे समय से अधूरी पड़ी सड़क के कारण व्यापारियों और ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। निर्माण कार्य शुरू होने पर व्यापारियों ने मौके पर पहुंचकर कार्य का जायजा लिया। इस दौरान जिला मेरठ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के महामंत्री रजनीश कौशल और सर्जिकल अध्यक्ष मनोज शर्मा सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे। उन्होंने ठेकेदार मो. इरफान को निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने की सख्त हिदायत दी। व्यापारियों ने उम्मीद जताई कि सड़क निर्माण कार्य शीघ्र और मानकों के अनुरूप पूरा किया जाएगा, जिससे बाजार की व्यवस्था सुचारु होगी और ग्राहकों को भी राहत मिलेगी। वहीं दवा व्यापारियों में चर्चा थी कि बाजार में जाम की समस्या अधिक है। उन्होंने इसके लिए ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों से बात कर समाधान करने की बात कही है।

## मैक एजुकेशन सैंटर पर टेस्ट सीरीज टॉपर्स को किया सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** क्षेत्र की अग्रणी शैक्षिक संस्था महलका एजुकेशन सेंटर पर शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कोचिंग में चल रही टेस्ट सीरीज के टॉपर्स को सम्मानित किया गया।

महलका एजुकेशन सेंटर के संचालक शहजाद नसीर ने बताया कि आगामी बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर संस्था की लावड़ व महलका शाखा पर विद्यार्थियों को बेहतर तरीके से तैयारियां कराई जा रही है। इसी के मद्देनजर टेस्ट सीरीज का आयोजन कराया गया। टेस्ट सीरीज में सभी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। टेस्ट सीरीज में बेहत. रीन प्रदर्शन कर कक्षा 12 की इल्मा खानम ने पहला क्रिष चंदेल ने दूसरा व अनुज जैनपुर ने तीसरा स्थान, वहीं कक्षा 10 में रिया व तनुश ने संयुक्त रूप से प्रथम मानवी व विशाल ने दूसरा खुशी सैनी व विनायक सैनी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी टॉपर छात्रों को शील्ड ज्योमेट्री बॉक्स तथा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। उन्होंने परीक्षार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभ कामनाएं दी। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान लाला चंद्रमोहन राजवंशी, जसवन्त राजवंशी, दुष्यंत राजवंशी, हुसैन रिजवी, गुलफाम सैफी, तुषार टोंक, नीशू राजवंशी, गौरव सैनी, शोएब सिद्दीकी, आदिल अंसारी आदि मौजूद रहे।

# चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्य ही वास्तविक शिक्षाः सोमेंद्र तोमर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नेहरू नगर स्थित प्रगति लिटिल जीनियस प्ले स्कूल का वार्षिकोत्सव उल्लास, उमंग और संस्कारों की मधुर छटा के साथ धूमधाम से मनाया गया। रंग-बिरंगी सजावट, बच्चों की खिलखिलाहट और अभिभावकों की उत्सुक उपस्थिति ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सोमेन्द्र तोमर, ऊर्जा राज्य मंत्री, द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। दीप की ज्योति के साथ ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी वातावरण में गूंज उठी।

### बच्चों की प्रतिभा ने जीता सबका दिल

कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्नों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। देशभक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य, सामाजिक संदेशों से ओत-प्रोत लघु नाटक, हनुमान चालीसा पाठ की सामूहिक प्रस्तुति विशेष रूप से बच्चों द्वारा खाने की बर्बादी, मोबाइल की लत और स्वच्छता जैसे विषयों पर दिए गए संदेशों ने उपस्थित जनसमूह को भावुक कर दिया।

छोटे-छोटे कदमों से बड़े बदलाव की प्रेरणा देने वाले इन प्रस्तुतियों ने यह सिद्ध कर दिया कि संस्कारों की नींव बचपन में ही मजबूत होती है। हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ के दौरान पूरा सभागार भक्ति-भाव में डूब गया। अभिभावकों ने भी बच्चों के साथ स्वर मिलाकर पाठ किया, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेन्द्र तोमर ने कहा कि आज के यह नन्हे बच्चे ही कल के जिम्मेदार नागरिक बनेंगे। जिस प्रकार इस विद्यालय ने शिक्षा के साथ संस्कार और सामाजिक चेतना को भी प्राथमिकता दी है, वह अत्यंत सराहनीय है। केवल पुस्तकीय ज्ञान ही पर्याप्त नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों का विकास ही वास्तविक शिक्षा है।

### यादगार बना वार्षिकोत्सव

कार्यक्रम के अंत में बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए। बच्चों की मासूम मुस्कान और अभिभावकों की गर्वभरी आंखें इस बात की गवाही दे रही थीं कि यह वार्षिकोत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि संस्कार, सृजन और समर्पण का उत्सव था। प्रगति लिटिल जीनियस प्ले स्कूल का यह वार्षिकोत्सव न केवल मनोरंजन से भरपूर रहा, बल्कि सामाजिक चेतना और नैतिक मूल्यों का संदेश देने वाला एक प्रेरणादायक आयोजन सिद्ध हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की मैनेजिंग डायरेक्टर अनुश्री वर्मा, इंदु, बबीता, दीपिका, दिव्या एवं नेहा का विशेष सहयोग रहा।

## भारत-पाक का मैच देखने के लिए दुकानों पर लगे ताले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कभी-कभी इतिहास दो. हराता है सैंचुरियन के मैदान में भारत पाकिस्तान के बीच वर्ल्ड कप का मैच चल रहा था तिथि थी त्रयोदशी सचिन ने इस मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था 56 गेंद में 99 रन की बदोलत भारत मैच जीत गया था इस वर्ल्ड कप में भी रविवार के दिन त्रयोदशी तिथि रही समाचार लिखे जाने तक भारत का पलड़ा भारी दिख रहा था दुकानों पर ताले लटके थे।

# भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम ट्रेड डील या फ्रेमवर्क पर समझौता जारी, अभी कोई डील तय नहीं: कालू प्रधान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष कालू प्रधान ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच एक अंतरिम ट्रेड डील या फ्रेमवर्क पर समझौता जारी है, इस द्विपक्षीय वार्ता में रोज नए बदलाव हो रहे है। 6 फरवरी को पहले संयुक्त ब्यान जारी किया गया जिसमें 10 फरवरी को कुछ बड़े बदलाव हुए। कृषि उत्पाद से दालों का नाम हटा दिया गया। इसके अलावा कई शब्दों में बदलाव हुए है। सूचना आ रही है कि टेक्सटाइल में भी अमेरिका भारत को बांग्लादेश के बराबर लाभ देगा यानी कपड़ों में 0 प्रतिशत डयूटी से भारत को बड़ा लाभ होगा जिसका फायदा कपास के किसानों को मिलेगा। डील के पक्ष या विरोध में केवल अंदाज के आधार पर प्रतिक्रिया आ रही है लेकिन इसे साबित करने के लिए अभी कोई साक्ष्य नहीं है। कुछ लोग किसानों को बरगलाने का कार्य कर रहे है। कालू प्रधान ने कहा कि अमेरिका ने भारत के सामानों पर टैरिफ 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत होना भारतीय निर्यातकों के लिए निश्चित तौर पर राहत है।

# पुलिस ने कुछ ही घंटों में गायब हुई ई रिक्शा को किया बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** चौकी क्षेत्र के ग्राम महल में बीती देर रात एक युवक के घर के बाहर से उसकी ई रिक्शा अचानक गायब हो गई। रविवार की सुबह युवक ने लावड़ चौकी पहुंचकर पुलिस को जानकारी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार लावड़ चौकी क्षेत्र के महल गांव निवासी वीर सिंह पुत्र कर्म सिंह ने रविवार की सुबह लावड़ चौकी पहुंचकर पुलिस को बताया कि देर रात उसके घर के बाहर से उसकी ई रिक्शा गायब हो गई है जिसके बाद लावड़ चौकी प्रभारी कुमार गौरव सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने कुछ ही घंटों बाद ई रिक्शा को बरामद कर उसके मालिक वीर सिंह को सौंप दिया। ई रिक्शा पाकर वीर सिंह ने लावड़ चौकी प्रभारी कुमार गौरव सिंह व समस्त पुलिस स्टाफ की जमकर प्रशंसा की।

## दौड़ प्रतियोगिता में अजीम ने पाया प्रथम स्थान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सिटी लुक पब्लिक स्कूल में रविवार को वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

दौड़ प्रतियोगिता में LKG के विद्यार्थी अजीम अहमद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्रबंधक प्रदीप गुप्ता व प्रधानाचार्य मोनिका गोयल ने मेडल पहनाकर अजीम अहमद को सम्मानित करते हुए उन्हे आगे बढ़ने का आर्शीवाद दिया।

## राष्ट्रीय हनुमान दल के जिला अध्यक्ष बने यश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय हनुमान दल की कोर कमेटी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित सिंह की संस्तुति पर मेरठ निवासी यश गुप्ता को जिला अध्यक्ष, मेरठ पद पर नियुक्त किया गया है। संगठन राष्ट्र निर्माण, गौ रक्षा, धर्म रक्षा, जनसंख्या नियंत्रण कानून तथा मानव सेवा जैसे कार्यों के लिए प्रतिबद्ध है।

संगठन पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि यश गुप्ता अपने समर्पण और नेतृत्व क्षमता से मेरठ में संगठन को मजबूत करेंगे। बता दें कि यश पहले भी इसी संगठन के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं। उनके कार्यों को देखकर संगठन ने दोबारा उन पर विश्वास जताया है। कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी है।

## शिकायत से बौखलाए दरोगा ने युवक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** टीपी नगर निवासी विवेक ने एफआईआर दर्ज कराई थी कि एक महिला ने उसकी पत्नी बनकर उसे मृत दिखाकर बैंक में से चार लाख रूपये निकाल लिए थे। ब्रहमपुरी थाने में तैनात दरोगा प्रहलाद सिंह मामले की जांच कर रहा था विवेक का आरोप है कि गिरफ्तारी के लिए वह 50 हजार रूपये की रिश्वत मांग रहा था विवेक ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन में कर दी। जहां से दरोगा के किसी साथी ने दरा. ेगा को इसकी सूचना दे दी। विवेक का आरोप है कि दरोगा ने उसे थाने में बुलाया और उसकी जमकर ठुकाई कर दी। दरोगा को यह एहसास हो गया कि यह युवक उसकी फिल्म बना रहा है तब दरोगा ने मोबाइल छीनकर फिल्म डिलीट करने का दबाव बनाया लेकिन युवक ने फिंगर प्रिंट वाले मोबाइल पर अंगूठा नहीं लगाया। इसके बाद दरोगा ने उसका चालान शांतिभग की धारा में कर दिया। जमानत के बाद युवक ने शाह टाइम्स को फोन पर जानकारी दी।

# शोभित में एमटेक और एमएससी साइबर सुरक्षा के अंतरराष्ट्रीय छात्रों को दी विदाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग द्वारा सत्र 2024-26 के एमटेक कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग तथा एमएससी साइबर सुरक्षा एवं फॉरेंसिक साइंस के अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के सम्मान में हस्ता ला विस्ता शीर्षक से एक गरिमामय एवं भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र, वाइस प्रेसिडेंट अंतरराष्ट्रीय प्रकरण अभिनव शोभित, कुलपति प्रो. विना. ेद कुमार त्यागी, कुलपति, गंगोह सहारनपुर प्रो. रंजीत सिंह तथा प्रो-वाइस चांसलर प्रो. डॉ. जयानंद की गरिमामयी उपस्थिति रही। अपने प्रेरक संबोधन में सभी गणमान्य अतिथियों ने छात्रों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि तकनीकी एवं साइबर सुरक्षा जैसे उभरते क्षेत्रों में प्राप्त ज्ञान उन्हें वैश्विक मंच पर विशिष्ट पहचान दिलाएगा।

उन्होंने विद्यार्थियों को विवि का गौरव बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण वह भावनात्मक क्षण रहा जब अंतरराष्ट्रीय छात्रों ने मंच से विवि में बिताए अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने अत्यंत प्रभावशाली ढंग से बताया कि यहां उन्हें केवल उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा ही नहीं, बल्कि अनुशासन, तकनीकी दक्षता, शोध दृष्टि, सांस्कृतिक समन्वय और परिवार जैसा अपनापन मिला। उनके वक्तव्य ने उपस्थित सभी को भावुक कर दिया और यह स्पष्ट किया कि विश्व. विद्यालय ने उन्हें केवल डिग्री ही नहीं, बल्कि जीवन में आगे बढ़ने का आत्मविश्वास और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए सशक्त आधार प्रदान किया है। समारोह के दौरान छात्रों को विशेष उपाधियों से भी सम्मानित किया गया। मिस्टर फेयरवेल मुझम्मिल सुनुसी उमर मिस्टर एनर्जेटिक सोल सर्वाधिक एथलेटिक व्यक्तित्व नासिर औवल, मिस्टर वेल ड्रेस्ड अलियू इब्राहिम सुलेमान को जजों द्वारा उनकी परफॉरमेंस के हिसाब से चुना गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह को और भी जीवंत बना दिया। विदेशी छात्रों ने भारतीय गाना हिंदी में गाकर सभी को चकित कर दिया। गीत एवं नृत्य प्रस्तुतियों ने वातावरण में उत्साह और उमंग का संचार किया। विद्यार्थियों की प्रतिभा और ऊर्जा ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इस अवसर पर छात्रों को विभिन्न विशेष उपाधियों से सम्मानित किया गया तथा एम.टेक एवं एम.एससी साइबर सुरक्षा और फॉरेंसिक साइंस के मेधावी छात्रों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। उनकी सफलता को उनके परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का परिणाम बताया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में निदेशक डॉ. संदीप कुमार, डॉ. निधि त्यागी, समन्वयक प्रणय सिंह, निदेशक (आउटरीच) नेहा वशिष्ठ, हिमानी, डॉ. रुचि होल्कर, शिवांगी एवं शिखा चौधरी का उल्लेखनीय योगदान रहा। उनके उत्कृष्ट समन्वय और टीम भावना के कारण यह समारोह अत्यंत सफल एवं प्रभावशाली रहा। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। हस्ता ला विस्टा केवल एक विदाई नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए ज्ञान, अनुभव और आत्मविश्वास के साथ वैश्विक अवसरों की ओर बढ़ने की एक नई शुरुआत का प्रतीक बन गया।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

### वेव सिटी में असामाजिक तत्वों का हमला

# बिल्डर की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

■ **बिल्डर पक्ष ने इसे विकास विरोधी तत्वों की साजिश बताते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** वेव सिटी इलाके में एक प्रमुख रियल एस्टेट प्रोजेक्ट पर असामाजिक तत्वों द्वारा धमकी और उत्पात मचाने का मामला सामने आया है। प्रासु बिल्डकन एल.एल.पी. द्वारा विकसित की जा रही ग्रुप हाउ. सिंग परियोजना एस.के.ए. डिवाइन पर बीते दिन शाम को करीब 50 लोगों के एक समूह ने अवैध रूप से घुसपैठ कर निर्माण कार्य रोकने की कोशिश की।

बिल्डर पक्ष ने इसे विकास विरोधी तत्वों की साजिश बताते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर थाना वेव सिटी ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना की जानकारी देते हुए प्रोजेक्ट के साइट इंचार्ज मोहित अग्रवाल ने बताया कि 14 फरवरी 2026 को शाम करीब 7 बजे लगभग 50 लोग गाली-गलौज करते हुए साइट पर घुस आए।

इन लोगों ने वहां काम कर रहे मजदूरों और कर्मचारियों को धमकाया, निर्माण कार्य बंद करने की धमकी दी और न मानने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। मोहित अग्रवाल ने कहा कि यह पूरी तरह से अवैध और विकास विरोधी हरकत है। हमारी फर्म ने सभी आवश्यक अनुमतियां लेकर और जीडीए, उप रेरा सहित संबंधित विभागों से एनओसी प्राप्त कर निर्माण कार्य शुरू किया है। ऐसे तत्व शहर के विकास को बाधित करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हम कानूनी रूप से मजबूत हैं।

शिकायत में नामजद आरो. पियों में ग्राम काजीपुरा के निवासी आनंद चौधरी, बिजेंद्र, अनुज चौधरी, गुड्डू मुखिया; ग्राम नायफल के डॉ. मनोज; और सादत नगर, ईकला के टीकम नागर शामिल हैं। इनके अलावा लगभग 45 अन्य अज्ञात लोगों का भी जिक्र है। साइट पर मौजूद कर्मचारियों ने घटना का वीडियो रिकॉर्ड कर लिया है, जो पुलिस जांच में सबूत के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा।

मोहित अग्रवाल ने बताया कि इस घटना से कर्मचारी भयभीत हैं और असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, जिससे निर्माण कार्य प्रभावित हो सकता है।थाना वेव सिटी के प्रभारी ने पुष्टि की कि शिकायत मिलते ही आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

बिल्डर पक्ष ने पुलिस से त्वरित कार्रवाई की मांग की है, ताकि निर्माण कार्य सुचारू रूप से जारी रहे और शहर के विकास में कोई बाधा न आए।प्रासु बिल्डकन एल.एल.पी. के प्रति. निधि ने कहा कि कंपनी हमेशा कानून का पालन करती है और ऐसे प्रोजेक्ट्स से हजारों लोगों को रोजगार और आवास मिलता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर न्याय सुनिश्चित करेगी।

# आइफा के विद्यार्थियों ने पुलवामा हमले के शहीदों की पेंटिंग बनाकर दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** इंस्टिट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स संस्थान में दिनांक 14 फरवरी दिन शनिवार को पुलवामा हमले में शहीद हुए 40 वीर जवानों की स्मृति में आईफा के करीब 150 छात्राओं में प्रत्येक शहीद जवानों के चित्र (आकृति) बनाकर 150 मीटर लंबी वृहद पेंटिंग बनाकर उनके बलिदान को याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गान के साथ आईफा के सभी छात्र-छात्राओं ने सड़क पर बैठकर उन सभी शहीदों के चित्रों को बड़े व लंबे पेपर पर वृहत पेंटिंग बनाई। इस दौरान देशभक्ति गीतों की गूंज होती रही। इस दौरान मेरठ के प्रसिद्ध सिंगर समीर खान मेरठी ने देशभक्ति गीत 'मेरा रंग दे बसंती चोला' देशभक्ति गीत गाकर देशभक्ति की गूंज से वातावरण सरोवर हो गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामा. जिक कार्यकर्ता, छात्र छात्राएं, स्थानीय नागरिकों भाग लेकर शहीदों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। संस्थान के मैनेजर डॉ. संघर्ष शर्मा ने कहा कि देश कभी भी पुलवामा के अमर शहीदों का बलिदान नहीं भूल सकते द्य हमारे सैनिक देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर देते हैं इसलिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह उनके सम्मान एवं परिवारों के प्रति संवेदनशील रहे। इस दौरान सभी छात्र- छात्राओं ने देश की सुरक्षा और एकता बनाए रखने का संकल्प भी लिया। इस मौके पर भाजपा नेता प्रदीप बॉस, आर.सी शर्मा, राजेंद्र शर्मा, भौतेंद्र कुमार, अमित कुमार बंसल, डॉ. रूचि विद्यार्थी, प्रीति शर्मा, दीपांशु, प्रशांत झा, पलक अत्रेय, शीतल रानी, स्वीटी, आभा शर्मा, गीता घोष, अक्षिता वर्मा, उपस्थित रहे।

# कौशाम्बी में विकास कार्यों का किया गया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर कौशांबी सूर्य लाइन में सड़क निर्माण के कार्य का शुभारंभ किया गया। क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल की पार्षद निधि द्वारा यह कार्य कराया जा रहा है। इसका शुभारंभ समाजसेवी प्लॉट एरिया के संरक्षक देवेंद्र भार्गव एवं बी एस तोमर द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया। इस अवसर पर पार्षद द्वारा क्षेत्र में चल रहे अन्य कार्यों के बारे में बताया गया तथा इस कार्य के लिए महापौर सुनीता दयाल एवं नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक का आभार प्रकट करा प्लॉट एरिया के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश अरोड़ा द्वारा कौशांबी में चल रहे विकास कार्यों की प्रशंसा की गई इस अवसर पर मुनेश चौहान उर्मिला अरोड़ा संजय गुप्ता एसके सिंह मुकेश कुमार अंशु प्रेम गोयल आरके बंसल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## ओपन जिम की शुरुआत

**गाजियाबाद।** क्रॉसिंग रिपब्लिक स्थित जीएच-7 सोसाइटी में आज एक महत्वपूर्ण सामुदायिक पहल के अंतर्गत ओपन जिम का शुभारंभ किया गया। यह ओपन जिम सोसाइटी के सभी आयु वर्ग के निवा. सियों के लिए उपयोगी है, विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इसे विकसित किया गया है। सोसाइटी एओए के अनुसार, बास्केटबॉल कोर्ट के समीप स्थित यह क्षेत्र लंबे समय से खाली एवं उपेक्षित पड़ा हुआ था, जिसका निवा. सियों के हित में समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा था। वर्तमान एओए द्वारा इस स्थान को चिन्हित कर पहले वॉटरप्रूफिंग का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कराया गया, तत्पश्चात इसमें टाइल्स, आर्टिफिशियल घास एवं आसपास छोटे पौधे लगवाकर इसका सौंदर्यीकरण किया गया।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आई.टी.एस डेंटल कॉलेज जनवरी माह में मरीजों के लिए विभिन्न स्थानों पर नियमित शिविर का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत संस्थान ने गाजियाबाद जिले के विभिन्न हिस्सों में लगभग 4500 मरीजों के विभिन्न शिविर लगाये जिसमें भोजपुर, रहीसपुर, खिमावती, डासना, लोनी, मोदीनगर, डिकोली, मोहन नगर, विजय नगर, नंदग्राम, भोपूरा, फरूकनगर, सीकरी खुर्द, रावली, संजय नगर, प्रताप विहार, सिहानी आदि के साथ-साथ एस.सी.सी हाईट, के. डी.पी. ग्रैंड सवाना, ब्लू मून एवं राजनगर रेजीडेन्सी जैसी गाजियाबाद की विभिन्न सोसायटियों में भी विभिन्न दंत चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

इन शिविर का मुख्य उद्देश्य मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, व्यक्तियों को सामान्य दंत समस्याओं के प्रारंभिक संकेतों के बारे में शिक्षित करना और मुफ्त निदान तथा उपचार सेवाएं प्रदान करना था। प्रत्येक शिविर की शुरूआत मौखिक स्क्रीनिंग सत्र से हुई, जिसके बाद प्रत्येक मरीज को अपना उपचार कराने के लिए प्रेरित किया गया। विशेष रूप से दांतों की सड़न, मसूड़ों की बीमा. रियों, दंत फ्लोरोसिस और उन्हें रोकने के उपायों पर जोर दिया गया। इसके साथ ही उन्हें कैरियोजेनिक खाद्य पदार्थो के बारे में शिक्षित किया गया जो दांतों की सड़न पैदा कर सकते है। इसके बाद उन्हें मौखिक रोगों से संबंधित उकने प्रश्नों के उत्तर भी दिये। इसके अतिरिक्त मरीजों को संस्थान में प्रदान किये जाने वाले उन्नत उपचार जैसे डेंटल इंप्लांट, लैमिनेट्स, वेनीर्स, माइक्रोस्कोपिक रूट कैनाल ट्रीटमेंट, ब्रेसेस, एलाइनर्स, टीथ व्हाइटनिंग, हेयर ट्रांसप्लांट आदि के बारे में भी बताया गया।

इसके बाद षिविर स्थल पर मरीजों के दांत निकाले गये, दांतो की सफाई करायी, दांतों की सड़न को रोकने के लिए एपीएफ जैल लगाना और और मरीजों का एक्स-रे तथा दांतो मे मसाला भी भरा गया। इसके अतिरिक्त, संस्थान के द्वारा भोजपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पी.एच.सी) और मुरादनगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सी.एच.सी) में अपनी चल रही सेटेलाइट के जरिए लगभग 1500 से अधिक मरीजों को निशुल्क उपचार प्रदान किया।

### आईटीएस मोहन नगर यूजी कैंपस में

# यूजी स्पोर्ट्स मीट-2026 का भव्य व सफल आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईटीएस, मोहन नगर यूजी कैंपस में बीबीए तथा बीसीए विद्यार्थियों हेतु द्वि-दिवसीय वार्षिक यूजी स्पोर्ट्स मीट 2026 (वार्षिक खेल महोत्सव) का भव्य आयोजन महामाया स्टेडियम में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। स्पोर्ट्स मीट का उद्देश्य आईटीएस स्नातक परिसर के बीबीए तथा बीसीए के छात्रों को एक सार्थक मंच उपलब्ध कराना था।

स्पोर्ट्स मीट-2026 का औपचारिक उद्घाटन आईटीएस समूह के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, आईटीएस (यूजी कैंपस) की प्राचार्या प्रो (डॉ) नैन्सी शर्मा, यूजी कैंपस की अकादमिक डीन प्रो (डॉ) विदुषी सिंह, आयोजन समिति के सदस्य प्रो आदिल खान, डॉ नीरज कुमार जैन, प्रो विकास कुमार, प्रो प्रशांत त्यागी, प्रो अमित शर्मा, प्रो मानवी नेहरा, रजिस्ट्रार (यूजी) विकास त्यागी तथा स्पोर्ट्स ऑफिसर अनुज चौधरी द्वारा रिबन काटकर किया गया। चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने अपने संदेश में कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में आपसी समझ तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण विकसित करते हैं और उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करते हैं। प्राचार्या प्रो (डॉ) नैन्सी शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि खेलों के माध्यम से टीम भावना सुदृढ़ होती है। समापन समारोह में निदेशक (पीआर) सुरिंदर सूद एवं प्राचार्या प्रो (डॉ) नैन्सी शर्मा ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं विजेता टीमों को पुरस्कार, प्रमाण पत्र, ट्रॉफी एवं पदक प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर आईटीएस समूह के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, आईटीएस यूजी कैंपस की प्राचार्या प्रो (डॉ) नैन्सी शर्मा, आयोजन समिति के सदस्य प्रो आदिल खान, डॉ नीरज कुमार जैन, प्रो विकास कुमार, प्रो प्रशांत त्यागी, प्रो अमित शर्मा, प्रो मानवी नेहरा, रजिस्ट्रार (यूजी) विकास त्यागी, अनुज चौधरी (स्पोर्ट्स ऑफिसर), प्रो (डॉ) विदुषी सिंह (डीन- एकेडेमिक्स) सहित अन्य संकाय सदस्य एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड व नेत्र की जांच के शिविर का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** प्रतीक ग्रैंड सोसायटी सिद्धार्थ विहार विजय नगर गजप्रस्थ पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल गजप्रस्थ द्वारा राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता के अनुरोध पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं डाक विभाग के सहयोग से आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं नेत्र की जांच के शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन यशस्वी विधायक संजीव शर्मा द्वारा किया गया। शिविर के आयोजन में अरुण कुमार पार्षद कन्हैया लाल देवेंद्र कुमार त्रिपाठी प्रेम सिंह चौधरी आदि का पूर्ण सहयोग रहा तथा सभी ने अतिथियों का माला पहनाकर पटका पहनाकर सम्मान किया।

कैंप संयोजक के रूप में पंडित अशोक भारतीय ने अपनी मुख्य भूमिका का निर्वहन किया। इस अवसर पर 70 प्लस आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए श्रेया आई सेंटर इंदिरापुरम की तरफ से आंखों की निशुल्क जांच की व्यवस्था की गई कैंप में 18 वर्ष तक की आयु के नए आधार कार्ड बनाए गए तथा सभी आयु वर्ग के पुराने आधार कार्ड में संशोधन किया गया। सैकड़ो की संख्या में जनता ने आधार कार्ड आंखो की जांच व आयुष्मान कार्ड शि. विर का लाभ उठाया।

विधायक संजीव शर्मा ने सभी से एक ही छत के नीचे मिल रही सभी सुविधाओं के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डाक विभाग एवं श्रेया आई सेंटर की भूरि भूरि प्रशंसा की तथा पंडित अशोक भारतीय का कैंप के आयोजन में योगदान करने के लिए धन्यवाद किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से संजीव शर्मा अरुण कुमार शैलेंद्र बाजपेई पार्षद कन्हैया लाल रिटायर्ड आईएएस ओमवीर वीरवाल सीएमओ ऑफिस से सौरभ डाक विभाग से सुमित कासिम दिनेश आदि उपस्थित रहे। अजय चोपड़ा महिम गुप्ता धर्मेंद्र देवेन्द्र कुमार त्रिपाठी संदीप त्यागी रसम प्रेम सिंह चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# संजयनगर रामलीला ग्राउंड में 21 जोड़ों का भव्य सामूहिक विवाह संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर गाजियाबाद के संजय नगर रामलीला ग्राउंड में एक अनोखा और हृदयस्पर्शी दृश्य देखने को मिला। युवा समाजसेवी दक्ष त्यागी की विशेष उपस्थिति और आशीर्वाद से 21 जोड़ों का भव्य सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। इस आयोजन ने न केवल समाज में सेवा की मिसाल कायम की, बल्कि भक्ति और सामाजिक एकता का भी अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। श्री जगन्नाथ राधा रानी चौरिटेबल सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 9 फरवरी से चल रही श्रीमद भागवत कथा का भी आज विधि-विधान से समापन हुआ। मुख्य आकर्षण रहे युवा समाजसेवी दक्ष त्यागी, जिन्होंने विशिष्ट अतिथि के रूप में नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। दक्ष त्यागी ने इस अवसर पर कहा कि महाशिवरात्रि का यह पावन पर्व गरीब परिवारों की बेटियों के लिए सुखद गृहस्थ जीवन की शुरुआत का प्रतीक बना। ऐसे सामूहिक विवाह समाज में समानता और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। मैं इन जोड़ों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं और ऐसे पुनीत कार्यों में हमेशा सहयोग के लिए तैयार हूं।

कार्यक्रम में अध्यात्म जगत की प्रमुख हस्तियां शामिल रहीं, जिनमें श्री धाम वृंदावन से पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी वेदानंद गिरी जी महाराज, श्री धाम गंगोत्री से पूज्य स्वामी अद्वैतानंद गिरी जी महाराज, परम पूज्या साध्वी श्रद्धाजी महाराज प्रमुख थे। संतों ने शिव-विवाह के प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए नवदंपत्तियों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद दिया। विशेष अतिथियों में स्थानीय पार्षद उमेश पप्पू नागर, हरेंद्र अग्रवाल, सुभाष गुप्ता, सुरेश गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, विवेक त्यागी, विनीत त्यागी, वीर सिंह जाटव, सतीश गर्ग और आनंद प्रकाश गर्ग ने भी शिरकत की। कथा व्यास श्री पंचायती निरंजनी अखाड़े से स्वामी शिवानंद गिरि जी महाराज ने गृहस्थ धर्म की महत्ता पर जोर दिया। आयोजकों ने बताया कि संतों के चरणों की धूल से पूरा प्रांगण धन्य हो गया। हजारों श्रद्धालुओं ने विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। संस्था के संरक्षक रविंद्र सिंह राणा, डॉ. उमेश गर्ग, डॉ. आलोक गुप्ता, अध्यक्ष अमित गुप्ता, महामंत्री कपिल गोयल, सचिव पूजा गुप्ता सहित दर्जनों गणमान्य नागरिकों ने इस नेक कार्य में सक्रिय योगदान दिया।

# सेंट टेरेसा स्कूल कौशांबी में मोबाइल से दूरी जीवन में संतुलन विषय पर प्रेरक कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सेंट टेरेसा स्कूल में विद्यार्थियों को मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने एवं संतुलित जीवन शैली अपनाने के उद्देश्य से एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय "मोबाइल से दूरी, जीवन में संतुलन" रहा, जिसमें बच्चों को तकनीक के सही और सीमित उपयोग का महत्व समझाया गया।

इस अवसर पर क्षेत्र के पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल जी,एस एच ओ अजय शर्मा, विप्रो सीनियर मैनेजर शिव शंकर उपाध्याय विद्यालय के चेयरपर्सन राजा रमन खन्ना जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को मोबाइल फोन के अत्यधिक प्रयोग से होने वाली शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मनोज गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि मोबा. इल आज के समय में एक उपयोगी साधन है, लेकिन इसका अनियंत्रित प्रयोग बच्चों के शारी. रिक स्वास्थ्य, पढ़ाई और सामा. जिक व्यवहार को प्रभावित कर सकता है।

उन्होंने विद्यार्थियों को खेलकूद, पुस्तकों के अध्ययन, परिवार के साथ समय बिताने तथा सकारात्मक गतिविधियों में रुचि लेने के लिए प्रेरित किया। एस एच ओ श्री अजय शर्मा ने बच्चों को साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन सावधानी और जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार के विषय में महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं तथा मोबाइल के सुरक्षित उपयोग पर बल दिया।

कार्यक्रम के दौरान श्री शिव शंकर उपाध्याय जी ने विद्यार्थियों को आने वाले समय में मोबाइल तथा अन्य इंटरनेट सेवाओं का सही उपयोग करने की सलाह दी तथा परीक्षाओं के समय अपने समय को किस तरह उपयोग करें और सफलता प्राप्त करें विषय पर विद्यार्थियों का ध्यान आकर्षित किया।

## डॉ. प्राची ने ट्विन प्रेग्नेंसी पर साझा किए विचार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** प्रतिष्ठित रेडियोलॉजिस्ट डॉ प्राची सिंघल ने एक बार फिर अपने क्षेत्र का भारतीय चिकित्सा जगत में प्रतिनिधित्व किया। डॉ प्राची बताती हैं कि बतौर रेडियोलोजी प्रोफेसर वो शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में पदस्थ रहीं पर अब प्राइवेट प्रैक्टिस में आने के बाद भी रेडियोलोजी पढ़ाने का उनका उत्साह बरकरार हैं। इससे उन्हें लगातार नई रिसर्च के बारे में पढ़ना भी पड़ता है। रविवार को आईआरआईए जो कि रेडियोलॉजिस्ट्स की राष्ट्रीय संस्था है के तत्वाधान में एमडी व पोस्ट-एमडी डॉक्टर्स के लिए दिन भर का ऑनलाइन ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया था। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मोदीनगर से डॉ प्राची अवस्थी सिंघल को जुड़वां या ट्विन प्रेगनेंसी पर अपने विचार व उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों को साँझा करने के लिए आमंत्रित किया गया। अपने 1 घंटे के लेक्चर में डॉ प्राची ने अपने कई केसेस और अनुभवों के साथ विषय पर प्रकाश डाला। उन्होंने नई तकनीक व नई गाइडलाइन्स के आधार पर मरीज की डायग्नोसिस बनाने पर जोर दिया। पिछले कई वर्षों से इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में (जो वर्ष में तीन बार होता है) डॉ प्राची को लगातार आमंत्रित किया जा रहा है और उनके कार्य को बहुत सहराया जाता रहा है।

### रालोद सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

# अंकुर त्यागी के द्वारा कमेटी की घोषणा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर राष्ट्रीय लोकदल सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अंकुर त्यागी के द्वारा अपनी कमेटी की घोषणा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने की व कार्यक्रम का संचालन अरुण चौधरी भुल्लन क्षेत्रीय महासचिव ने किया।

आलोक चौधरी को महानगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। कमेटी में छह उपाध्यक्ष बनाए गए कपिल त्यागी, आर्यन ठाकुर, रवि डागर, चिरायु शर्मा, अरविंद खुराना, नितिन डागर रहे। महासचिव पद पर अंकित त्यागी कृष्णा ठाकुर, यासीन अली, अनूप चौधरी, हर्षित त्यागी, अक्षय सैनी की नियुक्ति हुई। सचिन कुमार को कोष अध्यक्ष बनाया गया।

सचिव पद पर अक्षय सैनी, राघव गर्ग, देशराज ठाकुर, जॉनी जाटव, संजय वाल्मीकि, आर्यन खुराना, सोलोमन त्यागी की नियुक्ति की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, अजय वीर एडवोकेट राष्ट्रीय प्रवक्ता, कुंवर अय्यूब अली प्रदेश महासचिव, अजय पाल प्रमुख पूर्व जिला अध्यक्ष, अरुण चौधरी भुल्लन क्षेत्रीय महासचिव, योगेंद्र पतला क्षेत्रीय महासचिव, अंकुर त्यागी जिला अध्यक्ष सहकारिता सुमन चौधरी महिला जिला अध्यक्ष, राखी संधू महिला महानगर अध्यक्ष, राशि उपाध्याय, जगराज सिंह बालियान, किशन सिंह राघव, रवि वाल्मीकि, मुनेंद्र बिल्ला, लोकेश कटारिया, मनोज राठी, नरेंद्र सिंह अध्यक्ष एससी एसटी प्रकोष्ठ, नीरज सेहरावत, वीर सिंह सलेमाबाद, जुनैद खान, दिनेश शर्मा संजीव अरोड़ा, वीर सिंह सलेमाबाद, रंजीत सिंह तेवतिया, नीरज नवीपुर, सतपाल सलेमाबाद, सुखबीर सिंह, गौरव करोठिया आदि उपस्थित रहे।

# पट्टे के नाम पर यमुना में खुलेआम हो रहा अवैध खनन

## ग्रामीणों के विरोध के बावजूद अधिकारियों की मिली भगत से दिन-रात हो रही है सरकारी खजाने की लूट


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रेत खनन पट्टे की आड़ में खनन माफिया सरकारी खजाने को लूटने में दिन रात लगे हुए हैं। बडे पैमाने पर नैथला गांव की यमुना खादर में रेत खनन किया जा रहा है, लेकिन जिला प्रशासन अवैध खनन की हो रही इस लूट से बिल्कुल बेखबर बना हुआ है जिसका फायदा उठाकर खनन माफिया सरकारी खजाने को लूटने में दिन -रात लगे हैं। इतना ही नहीं परिवहन विभाग भी इस अवैध कार्य की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है। बडे-बडे ओवरलोड वाहन सडकों पर खुलेआम दौड रहे हैं लेकिन किसी के लिए भी कोई कानून नही है जिसके फलस्वरूप किसी के खिलाफ भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

जनपद अवैध रेत खनन के मामले में पहले से ही सुर्खियों में बना हुआ है। यहां पर अवैध रेत खनन का कारोबार बड़े पैमाने पर किया जाता रहा है। जनपद में खनन माफियाओं का जलवा है। उन्हें किसी भी कानून अथवा प्रशासन की कार्रवाई का कोई भी डर नहीं है जिसके कारण खनन माफिया जनपद में खुलेआम बड़े पैमाने पर सरकारी खजाने को लूटने में लगे रहते हैं। यमुना खादर में खनन माफिया बड़े पैमाने पर सरकारी खजाने को लूटने में लगे हैं। पटटा स्वीकृत होने के नाम पर अवैध तरीके से खनन किया जा रहा है। बड़ी-बड़ी मशीनें लगा कर दिन रात ओवरलोड ट्रक भर भर कर वहां से सड़कों पर दौड रहे है। यमुना नदी में खनन माफियाओं ने गहरे गहरे कुंड बना दिए हैं। दिलचस्प बात यह है कि सरकारी खजाने की हो रही इस लूट से जिला प्रशासन पूरी तरह से अनजान बना हुआ है। जनपद के अधिकारीगण लोकसभा चुनाव के कार्य में व्यस्त है जिसका फायदा भी खनन माफियाओं को मिल रहा है। परिणामस्वरूप दिन-रात खुलेआम बड़े पैमाने पर अवैध रेत खनन हो रहा है। खनन माफिया बेखौफ होकर सरकारी खजाने को लूटने में लगे हैं और जिला प्रशासन पूरी तरीके से अनजान बना हुआ है जिससे बड़े पैमाने पर राजस्व का भी नुकसान हो रहा है। ओवरलोड ट्रक भर भर कर सड़कों पर दौड रहे हैं कहीं भी किसी भी चेकिंग पॉइंट पर कोई भी किसी तरह की चेकिंग उनके लिए नहीं है क्योंकि खनन माफियाओं के लिए जनपद में कोई कानून लागू नहीं है जिसके चलते यह पूरा खेल चल रहा है।











# महाशिवरात्रि पर पुरा महादेव मंदिर में सैकड़ों कावड़ियों व श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही प्रमुख मंदिरों और ऐतिहासिक भगवान परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारों से पूरा वातावरण शिवमय हो उठा।

श्रद्धालु गंगाजल, दूध, बेलपत्र और पुष्प अर्पित कर भगवान शिव का विधि-विधान से जलाभिषेक कर रहे हैं। विशेष रूप से भगवान परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर में भक्तों का भारी सैलाब देखने को मिला, जहां सुबह से ही दर्शन और जलाभिषेक का सिलसिला लगातार जारी रहा। मंदिरों में जलाभिषेक का विशेष शुभ मुहूर्त शाम 5 बजकर 5 मिनट निर्धारित होने के कारण श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि होती रही। भीड़ को देखते हुए मंदिर समितियों ने विशेष व्यवस्थाएं कीं, जिससे श्रद्धालुओं को व्यवस्थित ढंग से दर्शन कराए जा सकें। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। जनपद के भगवान परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग की गई तथा सीसीटीवी कैमरों से चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखी गई। पुलिस के अधिकारी लगातार गश्त कर स्थिति पर नजर बनाए रहे, जिससे श्रद्धालु शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में पूजा-अर्चना कर सकें। पूरे जनपद में महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा, अनुशासन और सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने की ओर अग्रसर रहा। श्रद्धालुओं ने भी व्यवस्था का पालन करते हुए सहयोग का परिचय दिया, जिससे धार्मिक आस्था और प्रशासनिक व्यवस्था का संतुलित स्वरूप देखने को मिला। इस मौके पर डीएम अस्मिता लाल, एसपी सूरज राय, डिप्टी कलेक्टर मनीष यादव, एएसपी प्रवीण चौहान, ईओ केके भड़ाना आदि मौजूद रहे।











## बालाजी धाम में जलाभिषेक के लिए उमड़ा भक्तिका सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। सुबह से ही क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजते रहे।



खेकड़ा क्षेत्र के डूंडाहेड़ा स्थित बालाजी धाम में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही बड़ी संख्या में भक्त यहां पहुंचने लगे थे और जलाभिषेक किया। आसपास के गांवों और कस्बों से भी श्रद्धालु विशेष रूप से जलाभिषेक के लिए पहुंचे। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, बालाजी धाम में सच्चे मन से जलाभिषेक कर मन्नत मांगने पर भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इसी आस्था के कारण दूर-दूर से श्रद्धालु यहां दर्शन और पूजा के लिए आते हैं। बालाजी धाम के महामंडलेश्वर भैया दास महाराज ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि इस बार भी भक्तों में भारी उत्साह देखा गया। महामंडलेश्वर ने यह भी बताया कि आज भले ही विशेष भीड़ है, लेकिन सामान्य दिनों में भी मंदिर में श्रद्धालुओं का निरंतर आगमन बना रहता है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ से माहौल भक्ति भाव से सराबोर रहा, ओर हर हर महादेव के जयकारों से प्रांगण गूंजता रहा।

## भगवान आशुतोष श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर रविवार को ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरी क्षेत्रों के शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया।



बम बम भोले सभी शिवालय गूंज उठे सुबह 5 बजे से लेकर मंदिरों में जलाभिषेक करने वालों का तांता लगा रहा शिव का उपवास रखते हुए सभी ने शिव की महिमा का गुणगान किया। शिव भक्तों मंदिरों में सुबह से ही लंबी लाइन जलाभिषेक करने के लिए लगी रही भगवान आशुतोष पर सच्चे मन से शिवलिंग पर दूध दही बेल पत्थर नारियल पंचमेवा प्रसाद का भोग लगाकर जगह-जगह प्रसाद वितरण किए गए। ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों में जलाभिषेक करने वाले शिव भक्तों का तांता लगा रहा। भोले के दरबार पर मस्तक झुका कर सभी लोगों ने अपनी अपनी मन्नत मांगी।

## पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना चांदीनगर पुलिस ने चोरी के मामलों में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से टयूबवेलों से चोरी किया गया तार, एक प्लास, एक सरिया तथा दिल्ली से चोरी की गई एक मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर बरामद की है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों ने थाना चांदीनगर क्षेत्र के ललियाना व खासपुर के जंगलों से 12 से अधिक टयूवेलो से केबल व अन्य सामान चोरी किए थे, जिससे क्षेत्र के किसानों में आक्रोश था। बरामद मोटरसाइकिल के संबंध में दिल्ली के थाना फर्श बाजार, शाहदरा में पूर्व से मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तार अभियुक्तों में कार्तिक पुत्र सोनू, निवासी ज्वाला नगर चौक, हीरालाल की दुकान के पास, थाना फर्श बाजार, शाहदरा, दिल्ली (उम्र करीब 20 वर्ष) तथा आकाश उर्फ विवेक पुत्र राजकुमार, निवासी एच ब्लॉक, गंगा विहार, विश्व भारती स्कूल के सामने, थाना गोकुलपुरी, उत्तर-पूर्वी दिल्ली (उम्र करीब 19 वर्ष) शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना चांदनगर पर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## महाशिवरात्रि पर शिव मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर रविवार को रटौल शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भोर से ही भक्तों ने भगवान शिव का विधि-विधान से जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजता रहा।



शिवराचौदस के अवसर पर कस्बे में बैंड-बाजों के साथ भव्य झांकी निकाली गई, जिसमें भगवान शिव, माता पार्वती एवं शिवगणों की सजीव झलक प्रस्तुत की गई। श्रद्धालु झांकी के साथ भक्ति भाव से नाचते-गाते चलते नजर आए। मंदिर परिसर के बाहर आयोजित मेले में भी दिनभर रौनक बनी रही। झूले, खिलौनों तथा खाने-पीने के स्टॉलों पर लोगों की भारी भीड़ देखी गई। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। स्थानीय श्रद्धालुओं ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर हर वर्ष यहां भव्य आयोजन होता है और इस बार भी बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में मास्टर देवेंद्र अरोड़ा, बृजलाल गांधी, मनुपाल बंसल, मनोज अग्रवाल, नीटू, रोशन लाल, चेयरमैन जुनैद फरीदी, साजिद चौधरी, हसमत चौधरी, संजय अरोड़ा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पुस्तक पाठकों को जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए करती प्रेरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के कोताना रोड स्थित ब्राह्मण एकता कल्याण समिति जिलाध्यक्ष पंडित विजयपाल शर्मा के प्रतिष्ठान पर रविवार को जागौश गांव निवासी किसान परिवार में जन्मी साहित्य जगत में पहचान बनाने वाली स्वरचित पुस्तक की युवा लेखिका साक्षी शर्मा ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि यह पुस्तक पाठकों को जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित करती है।



उन्होंने बताया कि सफलता की ओर आसान कदम पुस्तिका सभी लोगों के मन को भा रही है। हजारों पाठक इस पुस्तक को पढ़ चुके हैं और सभी पढ़ने वाले लोग इस सफलता की ओर कदम बता रहे है। युवा लेखिका साक्षी शर्मा ने बताया कि मेरा जन्म जन्म राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ मंडल स्थित जनपद बागपत के पश्चिमी छोर यमुना नदी के किनारे बसे जागौश गांव में हुआ है। मेरी शिक्षा का क्षेत्र ऋषिकुल विद्यापीठ इंटर कॉलेज रहा है। इसके उपरांत उच्च प्राथमिक शिक्षा नवोदय विद्यालय दिल्ली से पूर्ण की है। स्नातक शिक्षा से पूर्व मैंने डी एल एंड दिल्ली से करके अपने करियर के लिए लेखन एवं मंच भाषण का चुनाव किया और इसी पद पर अग्रसर हु मेरे जीवन का उद्देश्य जरूरतमंद की सहायता और आजकल के नौजवान बच्चों को अच्छी दिशा दिखाने ही मेरा मकसद है। अपने माता-पिता की संघर्ष यात्रा ने अनुभूत कराया की नशवर जीवन का मकसद केवल परोपकाराय है। उन्होंने अपने सभी सम्मानित लोगों से आहवान किया कि आप भी अपने बच्चों का भविष्य उज्जवल करने का कार्य करें। युवा लेखिका साक्षी शर्मा ने बताया कि मुझे मेरे गुरुजनों मात पिता के आशीर्वाद ने ही इस मुकाम तक पहुंचाया है।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, डेढ़ साल का मासूम बेटा हुआ बेसहारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के गांव इस्सोपुर खुरगान में रविवार दोपहर एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही मायके और ससुराल पक्ष में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की, साक्ष्य एकत्रित किए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।



जानकारी के अनुसार गांव इस्सोपुर खुरगान निवासी मस्कुरा पत्नी सलमान रविवार को अपने घर में खाट पर मृत अवस्था में पाई गई। बताया जा रहा है कि काफी देर तक दरवाजा बंद रहने पर ग्रामीणों को शक हुआ। जब दरवाजा खुलवाकर अंदर देखा गया तो विवाहिता खाट पर अचेत अवस्था में पड़ी थी। पास जाकर देखने पर उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल मृतका के मायके पक्ष को सूचना दी। मृतका के परिजन सूचना मिलते ही गांव पहुंचे और घटना को लेकर गहरा दुख जताया। परिजनों ने डायल 112 पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना के संबंध में जानकारी जुटाई। बताया गया है कि मस्कुरा की शादी करीब तीन वर्ष पूर्व सलमान निवासी इस्सोपुर खुरगान के साथ हुई थी। वह थाना कांधला क्षेत्र के गांव मलकपुर की रहने वाली थी। शादी के बाद उसके यहां एक पुत्र का जन्म हुआ, जिसका नाम हन्नान है और उसकी उम्र करीब डेढ़ वर्ष बताई जा रही है। मां की असामयिक मौत से मासूम बेटे के सिर से ममता का साया उठ गया। घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। हालांकि पुलिस का कहना है कि अभी तक मामले में किसी प्रकार की लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। यदि परिजनों की ओर से तहरीर दी जाती है तो उसके आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए हर पहलू पर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी कि यह मौत प्राकृतिक थी या इसके पीछे कोई अन्य कारण है।

# कहासुनी ने लिया हिंसक रूप, चार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे की रेल मंडी कलोनी में मामूली कहासुनी के बाद दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों से चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। दोनों पक्षों ने अपना-अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक पक्ष से राजू और उसका पुत्र मोनू घायल हुए, जबकि दूसरे पक्ष से शिवम, ओम और हरिओम को चोटिल हुए है। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद मोनू की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।जबकि राजू, शिवम और हरिओम को उपचार के बाद छुट्टी दे दी।घायल मोनू के पिता राजू ने आरोप लगाया कि शिवम ने शराब के नशे में लाठी-डंडों से हमला किया। उन्होंने बताया कि मारपीट के दौरान उनका एक दांत टूट गया, जबकि उनके पुत्र मोनू के सिर पर गंभीर चोट आई है। राजू का कहना है कि शिवम आए दिन नशे की हालत में गाली-गलौज करता है और विरोध करने पर झगड़ा करने लगता है। दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट में जमकर लाठी, डंडे चले और कॉलोनी में में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और हल्का बल प्रयोग कर दोनों पक्षों को शांत किया। दोनों पक्षों ने अपना-अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद एक दूसरे के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।





# दिगंबर जैन मंदि से निकाली रथ यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गांव भैंसवाल स्थित 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में कल्याण मंदिर स्त्रोत्र विधान विधि विधान से संपन्न हुआ। सवेरे जैन धर्म का ध्वजारोहण हुआ। जिसके बाद जी का अभिषेक एवं शांतिधारा और कल्याण मंदिर स्त्रोत्र विधान 105 समर्पण सागर महाराज के सानिध्य संपन्न हुआ। इस दौरान समाज के लोगों को सम्मानित किया गया। तत्पश्चात मंदिर परिसर स चतुर्थ वार्षिक भव्य रथ यात्रा निकाली गई। रथ पर भगवान महावीर की प्रतिमा विराजमान थी। रथयात्रा में ख्वाति गौरव जैन बने। शारथी समकित जैन, कुबैर पारस जैन, महाइंद्र निखिल जैन व सचिन जैन रहे। रथ यात्रा गांव के विभिन्न मार्गो से होते हुए संपन्न हुआ, जिसका ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी जेके जैन उपस्थित रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष राजीव जैन, महामंत्री आशीष जैन, समयंक जैन, संयोजक सचिन जैन भगतजी, मनोज जैन, शरद जैन, मोहित जैन, ललित जैन, राजीव जैन, पंकज जैन आदि मौजूद रहे।

# समझौते के बहाने बुलाकर हमला, कई लोग घायल, केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली कैराना क्षेत्र में दहेज विवाद को लेकर समझौते के बहाने बुलाए गए मायके पक्ष के लोगों पर लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम हिरनवाड़ा थाना बाबरी निवासी फरमान पुत्र रोजूदीन ने कोतवाली कैराना में दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन का विवाह करीब पांच वर्ष पूर्व मोहल्ला दरबार खुर्द, कैराना निवासी अजरूदीन पुत्र शमीम के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से हुआ था। आरोप है कि विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसकी बहन को प्रताड़ित करते रहे। करीब तीन वर्ष पूर्व मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया गया था, तब से वह मायके में रह रही है। पीड़ित के अनुसार विगत 13 फरवरी को सुबह लगभग 11 बजे ससुर शमीम पुत्र नसीबू ने फोन कर समझौते के लिए कैराना बुलाया। इस पर फरमान अपने भाइयों और अन्य रिश्तेदारों के साथ दोपहर करीब 3 बजे मोहल्ला दरबार खुर्द पहुंचा। आरोप है कि वहां मौजूद शमीम, इमरान, फानू, इस्लाम, सलीम, फिरोज समेत 8-10 अज्ञात व्यक्तियों ने उन्हें समझौते के बहाने इंडियन मैरिज होम ले जाकर कमरे में बंद कर दिया और लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और हस्तक्षेप कर दरवाजा खुलवाया, जिससे घायलों की जान बच सकी। हमले में फुरकान, रिहान, फरमान तथा रोजूदीन को गंभीर व साधारण चोटें आई हैं। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया कि जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया हैं। मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# वेदखेड़ी आश्रम में संत रामपाल जी महाराज के 39वें बोध दिवस का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** जनपद के गांव वेदखेड़ी स्थित सतलोक आश्रम में संत रामपाल जी महाराज के 39वें बोध दिवस समारोह का शुभारंभ श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव के साथ हो गया। पहले दिन आयोजित कार्यक्रम में शामली सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और आध्यात्मिक आयोजनों में भाग लिया। प्रात:काल नित्य नियम के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके पश्चात आयोजित सत्संग में संत रामपाल जी महाराज के जीवन परिचय और बोध दिवस के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने बताया कि 17 फरवरी को मनाया जाने वाला यह दिवस संतमत के अनुसार आध्यात्मिक जन्मदिन के रूप में विशेष महत्व रखता है। वर्ष 1988 में फाल्गुन अमावस्या की रात्रि में उन्हें नाम दीक्षा प्राप्त हुई थी, जिसे उपदेश दिवस के रूप में मनाया जाता है।




आश्रम परिसर में भव्य आध्यात्मिक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें संत के जीवन संघर्ष, त्याग और आध्यात्मिक यात्रा को चित्रों और मॉडलों के माध्यम से दर्शाया गया। प्रदर्शनी में शास्त्रसम्मत भक्ति, सृष्टि रचना और मानव जीवन के उद्देश्य से संबंधित जानकारी भी दी गई। श्रद्धालुओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर सतभक्ति से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कीं। विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं को देशी घी से बने लड्डू, जलेबी, हलवा, पूड़ी, सब्जी और रायता सहित सात्विक भोजन प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में लगे सेवादारों ने व्यवस्थाएं संभालीं। सायंकालीन सत्संग और आरती के साथ पहले दिन के कार्यक्रम का समापन हुआ।

आश्रम प्रबंधन ने बताया कि बोध दिवस समारोह 17 फरवरी तक जारी रहेगा और श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सत्संग एवं भंडारे का लाभ उठाने की अपील की गई है।

# पांच लाख की उधारी मांगने पर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** दयानंद नगर शामली निवासी 65 वर्षीय कृष्णपाल मलिक के साथ पांच लाख रूपए की उधारी मांगने पर मारपीट, लूट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में न्यायालय के आदेश पर थाना झिंझाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह कार्रवाई अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्धएसीजेएमत्रः कैराना के आदेश पर की गई है।

कृष्णपाल मलिक पुत्र सलेटी सिंह ने दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि 16 नवंबर 2025 की शाम करीब छह बजे वह अपने भांजे शिवकुमार के साथ झिंझाना से ऊन की ओर जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में राजबाहा पटरी के पास जाट कॉलोनी शामली निवासी शिवम मलिक, उसके पिता प्रदीप कुमार और मोहित कुमार ने उन्हें रोक लिया।

पीड़ित के अनुसार जब उन्होंने आरोपियों से अपने दिए हुए पांच लाख रूपए वापस मांगे तो आरोपियों ने उन्हें वाहन से नीचे गिराकर लात-घूंसों से मारपीट की। आरोप है कि प्रदीप कुमार ने गाली-गलौज करते हुए साथियों को उकसाया। इसी दौरान आरोपियों ने उनकी सोने की चेन तोड़कर छीन ली और मोबाइल फोन फेंककर तोड़ दिया। मुकदमे में यह भी आरोप लगाया गया है कि शिवम मलिक ने तमंचा निकालकर जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर भांजा व आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी वहां से फरार हो गए। पीड़ित का आरोप है कि घटना के संबंध में थाना झिंझाना व पुलिस अधीक्षक शामली को शिकायत देने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। इस पर उन्होंने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर थाना झिंझाना पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर दो सड़क हादसे, कई बाइक सवार गंभीर घायल









**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर अलग-अलग स्थानों पर हुए दो सड़क हादसों में बाइक सवार कई महिला व पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।बाबरी थाना क्षेत्र के गांव भनेडाजट निवासी वतन अपनी बहन किरण, और मा रचना के साथ बाइक पर सवार होकर जनपद बागपत में एक शादी समारोह में गए थे। लौटते समय उनकी बाइक की विपरीत दिशा से आ रहे बलवा, गुजरान निवासी खुर्शीद की बाइक से गांव पंजोखरा के निकट आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने सभी को सरकारी अस्पताल पहुंचाया।दूसरी और गढ़ी पुख्ता थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर निवासी सूर्याकांत बाइक से बागपत के कस्बा बड़ौत में अपनी मांमा के घर गया हुआ था। वापस लौटते समय उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गाव जसाला के समीप सड़क किनारे खड़ी सेंट्रो कार से टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।चिकित्सकों ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। खबर लिखे जाने तक किसी भी मामले में थाने पर तहरीर नहीं दी गई थी।

# पुलिस की कार्रवाई,अवैध छुरी सहित गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** क्षेत्र में अपराध व असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने चेकिंग के दौरान नाला नहर पटरी के पास से एक युवक को अवैध छुरी सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया।पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के निर्देश पर क्षेत्र में लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एलम चौकी प्रभारी विपिन मलिक, हेड कांस्टेबल कर्मजीत सिंह एवं कांस्टेबल सुमित कुमार के साथ नाला नहर पटरी पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रहे थे।चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही वह युवक घबराकर मौके से भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर पकड़ लिया।पकड़े गए युवक की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध छुरी बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम आसिफ पुत्र शौकत निवासी ग्राम असारा, जनपद बागपत बताया। पुलिस के अनुसार युवक किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में था।रविवार को पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने कहा की क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार की चेकिंग आगे भी जारी रहेगी। आमजन से भी अपील की कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।




# कोशिश करने वाले की कभी हार नहीं होती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 25.12.2026 को पुलिस चौकी, लांक जिला शामली पर एक लावारिस महिला असहाय हालत में मिली, जिसको सब इंस्पेक्टर खूबसिंह एवं महिला कांस्टेबल लक्ष्मी द्वारा महिला को रेस्क्यू कर सेवा, उपचार एवं उचित संरक्षण हेतु अपना घर आश्रम शामली में भर्ती कराया गया उस समय महिला प्रभु श्रीमती जसबीरी देवी की मानसिक स्थिति बहुत खराब थी।

आश्रम द्वारा प्रभु जी का इलाज मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. अरुण रॉय से कराया गया, डॉ0 की दवाई एवं आश्रम के सौहार्दपूर्ण वातावरण से प्रभु जी की स्थिति में तेजी से सुधार होने लगा और एक महीने में ही प्रभु जी को सब याद आ गया, एक दिन काउंसलिंग करते समय प्रभु जी ने बताया कि वह दौराला के पास पनवाड़ी गांव की रहने वाली है मेरी चार बेटियां है पति का स्वर्गवास हो गया है और सब बेटी भी शादीशुदा है, आश्रम कार्यालय द्वारा पनवाड़ी के प्रधान से संपर्क किया गया उनको जैसे ही प्रभु जी की जानकारी दी गई। 15.2.2026 को प्रभु जी की बेटी सिमरन और दामाद रवि गांव टिस्सा जिला मु0 नगर से प्रभु जी को लेने आश्रम आए , प्रभु जी ने जैसे ही अपनी बेटी को देखा तो बहुत खुश और और प्रभु जी ने अपनी बेटी को गले से लगा लिया।

# कैराना में दिल्ली से लाई गई महिला से दुष्कर्म का आरोप, आरोपी फरार, मुकदमा दर्ज

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बेगमपुर निवासी एक युवक पर दिल्ली से लाई गई महिला के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार बताया जा रहा है, जिसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दो दिन पूर्व कैराना के मोहल्ला बेगमपुर निवासी ताहिर अपनी पत्नी को बिहार भेजने के लिए दिल्ली गया था। वह पत्नी को छोड़ने के लिए पुराना दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचा था। आरोप है कि रेलवे स्टेशन पर उसकी मुलाकात बिहार निवासी एक महिला से हुई। बताया जा रहा है कि युवक महिला को अपने साथ कैराना स्थित अपने घर ले आया। पीड़िता का आरोप है कि शनिवार देर रात आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती की और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। महिला द्वारा शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर कैराना कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को अपने साथ थाने ले गई, जहां उससे पूछताछ की गई। महिला ने आरोपी ताहिर के विरुद्ध दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए लिखित तहरीर दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। महिला का चिकित्सकीय परीक्षण कराया जा रहा है और अन्य आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी घटना के बाद से फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, अभियान में निकाली रैली

**कांधला।** नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना, एनएसएस, इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिवस की शुरुआत स्वयंसेविकाओं द्वारा शिविर स्थल की सफाई, प्रार्थना तथा लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठें उठें के सामूहिक गायन से हुई।इसके उपरांत कार्यक्रम अधिकारी डॉ। श्याम बाबू के नेतृत्व में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत एक जन-जागरूकता रैली निकाली गई। रैली शिविर स्थल से प्रारंभ होकर रायजादगान मोहल्ला होते हुए सूरज कुंड मंदिर तक पहुंची। इस दौरान स्वयंसेविकाओं ने बेटी है अनमोल उपहार, शिक्षा है उसका अधिकार, पढ़ी-लिखी बेटी घर की शान,बढ़ेगी राष्ट्र की पहचान,जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। प्रथम सत्र के दूसरे कार्यक्रम में छात्राओं ने घर-घर जाकर शिक्षा के महत्व को लेकर जनसंपर्क किया।

## श्मशान घाटों पर बैठने की चार बेंच स्थापित कराई

**शामली।** लायंस क्लब शामली क्राउन द्वारा ऊन क्षेत्र के दो श्मशान घाटों पर चार बैठने की बेंच स्थापित कराई गईं। क्लब की इस पहल का उद्देश्य अंतिम संस्कार के दौरान शोक संतप्त परिवारों एवं ग्रामीणों को बैठने की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराना है, ताकि कठिन समय में उन्हें कुछ राहत मिल सके। मुख्य अतिथि के रूप में देवेंद्र गोयल एवं ऋषिपाल गोयल उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि श्मशान घाट जैसे स्थानों पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य है, जो समाज में सेवा भावना को मजबूत करता है। क्लब अध्यक्ष गौरव मित्तल ने कहा कि लायंस क्लब क्राउन समाज के प्रत्एक वर्ग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए निरंतर जनसेवा के कार्य करता रहा है। इस अवसर पर आशीष गोयल, तरुण जैन, संजय संगल, विनय गोयल, डॉ। नीलेश वशिष्ठ, अरुण गर्ग, मुस्कान संगल, डॉ। निमिषा वशिष्ठ, वैभव गोयल आदि मौजूद रहे।



## वैदिक यज्ञ के साथ कार्यक्रम का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आर्य समाज मंदिर में आयोजित ऋषि बोध उत्सव के अंतिम दिन वैदिक यज्ञ, प्रवचन एवं भजन कार्यक्रमों के साथ समारोह का समापन हो गया। कार्यक्रम में भजन सम्राट कुलदीप आर्य के भजन एवं प्रवचन सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। रविवार प्रात: अशोक आर्य के आवास पर वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें ब्रह्मा पुरोहित सुदेशपाल आर्य ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ सम्पन्न कराया। उन्होंने महर्षि दयानंद के जीवन और उनके द्वारा बताए गए यम, नियम, आसन एवं प्राणायाम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन सिद्धांतों को अपनाकर मनुष्य जीवन में आत्मिक उन्नति प्राप्त कर सकता है। कुलदीप आर्य ने शिवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिव का अर्थ कल्याणकारी, सत्य और निराकार परमात्मा है। उन्होंने स्वामी दयानंद के जीवन संदेश को बताते हुए कहा कि सत्य ही शिव है और शिव ही कल्याण का मार्ग है। इस दौरान रघुवीर सिंह आर्य, सुभाष गोयल आर्य, नितिन वर्मा आर्य, देवेंद्र आर्य उपस्थित रहे।

# नशे में धुत युवक नहर में पुल से गिरा, मुस्लिम युवक की सूझबूझ से बची जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे की बड़ी नहर पुल पर बैठकर शराब पी रहे एक युवक का अचानक संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह पुल से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को नहर से बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी संदीप रविवार को अत्यधिक शराब के नशे में था। नशे के कारण वह लड़खड़ाता हुआ बड़ी नहर पुल तक पहुंच गया, जहां अचानक संतुलन बिगड़ने से वह नीचे जा गिरा। गनीमत रही कि नहर में उस समय पानी नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया, हालांकि युवक को गिरने से गंभीर चोटें आईं।सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने तुरंत मदद करते हुए घायल युवक को बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर 112 पुलिस तथा एंबुलेंस कर्मियों ने पहुंचकर घायल को प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी अस्पताल पहुंचाया।इसी दौरान थाना क्षेत्र के बिजली घर मार्ग निवासी समीर ने मानवता और आपसी भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए घायल युवक को अपने कंधों पर उठाकर लगभग 10 फीट गहरी नहर से बाहर निकाला। उनके इस साहसिक और सराहनीय कार्य की क्षेत्र में जमकर प्रशंसा हो रही है।सूचना मिलने पर घायल के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने युवक को छुट्टी दे दी, जिसके बाद परिजन उसे अपने साथ घर ले गए।




# आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर एलम में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** क्षेत्र के कस्बा एलम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन बस स्टैंड स्थित ग्रीन मैरिज हॉल में संपन्न हुआ, जिसमें स्वामी रामनरेश दास महाराज, दंडी स्वामी ललितानंद जी महाराज एवं भारतीय किसान संघ के विभाग संगठन मंत्री रामपाल ने संबोधित किया। इस दौरान सैकड़ो लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्वामी रामनरेश दास महाराज ने कहा कि अनेकता में एकता बनाए रखना ही हिंदू धर्म की मूल पहचान है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को जाति-वर्ग में बंटने के बजाय संगठित होकर अपनी संस्कृति और परंपराओं को सहेजना चाहिए। हिंदू संस्कृति उदार, लोकतांत्रिक और मानवतावादी रही है।दंडी स्वामी ललितान महाराज ने हिंदुत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज को जात-पात से ऊपर उठकर एकजुट रहना होगा। उन्होंने आरएसएस की स्थापना और उसके राष्ट्रव्यापी विस्तार पर भी चर्चा की तथा सामाजिक एकता पर बल दिया।भारतीय किसान संघ के रामपाल ने संघ के 100 वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डाला। सम्मेलन की अध्यक्षता जयकुमार पंवार ने की तथा संचालन सुबोध भारतीय ने किया।इस अवसर पर अजय पंवार, डॉ। कृष्णपाल, ओमपाल सिंह, विनोद पंवार, बिजेंद्र रूहेला, चंद्रपाल उपाध्याय, वरुण पंवार सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि पर हर-हर महादेव की गूंज

■ मंदिरों में भक्तों की लगी लंबी लाइनें



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** महाशिवरात्रि के पर्व पर रविवार को हर-हर महादेव की गूंज से जनपद गौतमबुद्ध नगर के शिवालय गूंज उठे। प्रात: 4 बजे से ही शिव भक्तों ने यहां के विभिन्न मंदिरों में अपने आराध्य देव को जलाभिषेक कर अपने परिजनों तथा समाज के हित की कामना की। नोएडा व ग्रेटर नोएडा के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों एवं सोसाइटियों में स्थित मंदिरों में सुबह से दोपहर तक लंबी लाइनें लगी रही। लोग भांग, धतूरा, बेर तथा बेलपत्र व फूल-माला चढ़ाकर अपने अराध्य भोलेनाथ की उपासना करते हुए दिखाई दिए। शिव. रात्रि की पूजा में बढ़ चढ़कर सबसे ज्यादा महिलाओं ने भाग लिया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा के सभी धार्मिक स्थलों पर वर्दी व सादे वस्त्रों में पुलिसकर्मियों की तैनाती कर रखी है।

महाशिवरात्रि को लेकर नोएडा में सेक्टर-19 स्थित सनातन धर्म मंदिर, सेक्टर-12 स्थित कलरिया बाबा मंदिर, सेक्टर-11 स्थित हनुमान मंदिर, सेक्टर-2 स्थित लाल मंदिर, सेक्टर-22 स्थित शिव मंदिर, छलेरा स्थित शिव मंदिर, वोड़ा महादेव मंदिर, सेक्टर-40 स्थित शक्ति धाम मंदिर, सर्फाबाद में प्राचीन शिव मंदिर, सेक्टर-20 हनुमान मंदिर, रबूपुरा स्थित भाईपुर प्राचीन शिव मंदिर, बिसरख स्थित प्राचीन शिव मंदिर सहित तमाम मंदिरों में सुबह से ही लोगों की लंबी-लंबी लाइनें लगी थी।

यहां के विभिन्न सेक्टर और सोसाइटी में बने मंदिरों पर सुबह से ही महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और नौजवान लंबी-लंबी लाइन लगाकर शिव भगवान की पूजा अर्चना करने के लिए लाइन में खड़े दिखाई दिए।

## सड़क जाम करने वाले 42 लोगों पर केस

**ग्रेटर नोएडा।** दनकौर के बिहारी लाल चौक पर बीती आठ फरवरी को सड़क जाम कर प्रदर्शन करने वाले 42 लोगों पर कार्रवाई की है। पुलिस ने जगन, गीता, मुकेश, देवेंद्र, जोगेंद्र, सुशील, अमित, गोलू, रवि गौतम, अशोक, बबीत और दिनेश समेत 12 नामजद और 30 अज्ञात लोगों पर केस दर्ज किया है। प्रदर्शनकारी सड़क हादसे में हुई युवक बबलू की मौत के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। दनकौर चौकी पर तैनात दरोगा शुभम शर्मा की शिकायत पर कार्रवाई की गई है। दरोगा शुभम शर्मा ने बताया कि युवक बबलू की सड़क हादसे में हुई मौत पर उसके परिजनों ने प्रदर्शन कर सड़क जाम कर दी थी। परिजनों को आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया लेकिन वे नहीं माने। इस दौरान मुख्य मार्ग पर लंबा जाम लग गया था। इससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। इसलिए पुलिस ने कार्रवाई की है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

# जेपी इंफ्राटेक रिजोल्यूशन प्लान की निगरानी करेंगे एनसीएलटी के पूर्व सदस्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जेपी इंफ्राटेक में रिजोल्यूशन प्लान के तहत किए जा रहे निर्माण कार्य की निगरानी एनसीएलटी (नेशनल कंपनी ला ट्रिब्यूनल) के पूर्व दो सदस्य करेंगे। दिसंबर 2024 में खरीदारों की ओर से दायर की गई याचिका पर एनसीएलटी ने यह आदेश जारी किया है। पूर्व सदस्य पीके मोहंती और डॉ. दीप्ति मुकेश को यह जिम्मेदारी दी है। दोनों को 2.5-2.5 लाख रुपये प्रति माह का मानदेय भी मिलेगा। याचिका दायर करते हुए खरीदारों ने आरोप लगाया कि रिजोल्यूशन प्लान के तहत कोडेवलपर ने जेपी की परियोजनाओं में निवेश नहीं किया और न ही खरीदारों को निर्धारित समय पर घर मिले। जेपी पर दिवालिया प्रक्रिया का मामला 2017 से शुरू हुआ। कंपनी पर बैंक और खरीदारों का हजारों करोड़ का खर्च था। मार्च 2023 में एनसीएलटी ने मुंबई की कंपनी सुरक्षा रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड के रिजोल्यूशन प्लान को मंजूरी दी थी।

प्लान के तहत सुरक्षा रियल्टी को जेपी की अधूरी परियोजनाओं को पूरा करना था। इसमें विशटाउन समेत जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड (जेआइएल) की कई परियोजनाएं शामिल थीं। प्लान में कुल 20363 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित था। इससे खरीदारों फ्लैट डिलीवरी और किसानों का मुआवजा शामिल था।

जेआईएल रियल एस्टेट अलाटीज वेलफेयर एसोसिएशन (जेआरएडब्ल्यूएएस) के अध्यक्ष आशीष मोहन गुप्ता ने कहा कि यह फैसला खरीदारों के हित में है। एसोसिएशन लगातार शिकायतें दर्ज करा रहा है। रिजोल्यूशन प्लान को सुरक्षा ने पूर्ण रूप से लागू नहीं किया। पूर्व सदस्य निगरानी कर रिजोल्यूशन प्लान की प्रगति पर नजर रख एनसीएलटी में रिपोर्ट देंगे।

**सुरक्षा पर लगे हैं धोखाधडी के आरोप:** जनवरी 2026 में ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने दिल्ली पुलिस की ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध शाखा) में एफआइआर दर्ज कराई है। सुरक्षा रियल्टी और उसके सहयोगी लक्षदीप इन्वेस्टमेंट्स पर जेपी इंफ्राटेक से 235 करोड़ रुपये की फंड डाइवर्जन का आरोप है। रिजोल्यूशन प्लान के तहत सुरक्षा ने 90 दिनों में 3000 करोड़ का लोन नहीं लिया। जेपी की परियोजनाओं में 20 हजार से अधिक खरीदार घर मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

**रिजोल्यूशन प्लान में सदस्य लाएंगे पारदर्शिता:** एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष मोहन गुप्ता ने कहा कि सुरक्षा के साथ कई दौर की बैठकें हुईं। रिजोल्यूशन प्लान को पूर्ण रूप से लागू करने का अनुरोध किया गया। सुरक्षा की ओर से यह प्लान लागू नहीं किया गया। इसके बाद एनसीएलटी में याचिका दायर की गई। एनसीएलटी के दोनों पूर्व सदस्यों की रिजोल्यूशन प्लान पर निगरानी होने से पारदर्शिता बढेगा। खरीदार भी अपनी बात उनके सामने रख सकेंगे।

# परी चौक को जाममुक्त करने की योजना आगे नहीं बढ़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** परी चौक को जाम मुक्त बनाने के नए डिजाइन की योजना फाइलों से आगे नहीं बढ़ रही। केंद्रीय सड़क अनुसंधान संगठन, आईआईटी रुड़की सहित एक निजी विश्वविद्यालय के छात्रों से सर्वेक्षण कराया जा चुका है। विशेषज्ञ कई बार प्राधिकरण के अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुतिकरण भी दे चुके हैं। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर काम शुरू नहीं हुआ। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान सेवा शुरू होने के बाद ग्रेटर नोएडा की सड़कों पर वाहनों का दबाव और बढ़ जाएगा।

परी चौक पर जाम की समस्या पहले से ही बनी हुई है। यहां हर रोज दो लाख से अधिक वाहन गुजरते हैं। एयरपोर्ट चालू होने के बाद यहां जाम का संकट और बढ़ने की आशंका है। औद्योगिक नगरी होने की वजह से अन्य जिलों से बड़ी संख्या में लोग ग्रेटर नोएडा आते हैं। भारी वाहनों की भी आवाजाही लगी रहती है। बुलंदशहर, सिकंद्राबाद, दनकौर और कासना की तरफ से आने वाले वाहन परी चौक से होकर ही नोएडा, फरीदाबाद और दिल्ली जाते हैं। इसी तरह से दिल्ली और नोएडा की तरफ से आने वाले वाहन परी चौक से होते हुए बुलंदशहर और सिकंद्राबाद की तरफ जाते हैं। सूर. जपुर- कासना मार्ग से होकर जाने वाले वाहन भी यहीं से होकर जाते हैं। परी चौक सूरजपुर- कासना मार्ग पर स्थित है। परी चौक को 30 साल पहले डिजाइन किया गया। इस दौरान शहर का विस्तार और दिल्ली एनसीआर के शहरों में वाहनों की संख्या बढ़ने से परी चौक वाहनों का दबाव झेलने की स्थिति में नहीं है। इसको देखते हुए प्राधिकरण के अधिकारी नया डिजाइन तैयार कराना चाह रहे हैं। एलिवेटेड रोड और अंडरपास की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। नया डिजाइन ऐसा होगा कि परी चौक की पहचान समाप्त न हो।

> परी चौक को जाम मुक्त बनाने की योजना पर काम चल रहा है। भविष्य को देखते हुए इसे नए तरीके से डिजाइन किया जाएगा। विशेषज्ञों से सलाह ली जा रही है। नोएडा एयरपोर्ट के लिए प्रस्तावित रैपिड रेल का काम पूरा होने के बाद ही परी चौक पर कुछ किया जा सकता है।
>
> **रवि कुमार एनजी, सीईओ, ग्रेटर नोएडा।**

**यह दिक्कत आ रही:** परी चौक पर जाम से निजात के लिए एलिवेटेड रोड और अंडरपास का निर्माण किया जा सकता है, लेकिन इसकी राह में फिलहाल सबसे बड़ी बाधा गाजियाबाद से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक प्रस्तावित रैपिड रेल परियोजना बनी हुई है। रैपिड रेल का रूट यहीं से होकर गुजर रहा है। परी चौक के पास स्टेशन भी प्रस्तावित है।

**जाम के लिए ये उपाय किए:** परी चौक पर जाम की समस्या पैदा न हो, इसके लिए नॉलेज पार्क स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट व तुगलपुर की तरफ जाने के लिए नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर कुछ नए कट बनाए गए हैं। एक्सप्रेसवे के रास्ते नोएडा की तरफ से आने वाले वाहनों को दाएं मुड़ना प्रतिबंधित है। बाएं मुड़कर अल्फा-1 कमर्शियल से घूमकर आना पड़ता है। इसके बाद भी ज्यादा फर्क नहीं पड़ा है।

**इन सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव अधिक:** गाजियाबाद वाया ग्रेटर नोएडा वेस्ट, सूरजपुर, एलजी चौक और परी चौक कासना मार्ग। ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट को जोड़ने वाली 130 मीटर चौड़ी सड़क। सिरसा गोलचक्कर से खेरली नहर तिराहा तक। दादरी-सूरजपुर-छलेरा (डीएससी) मार्ग।

# गांजे के साथ दिल्ली का तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर के अलग-अलग हिस्से में चोरी और गांजे की तस्करी करने वाले शातिर को सेक्टर-20 थाने की पुलिस ने रविवार को थानाक्षेत्र से दबोच लिया। बदमाश के पास से एक किलो सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ है।



उसकी पहचान दिल्ली के मोहम्मद सलमान उर्फ विनय उर्फ शान के रूप में हुई है। आरोपी का जब पुलिस ने आपराधिक इतिहास पता किया जो उसके खिलाफ दिल्ली के अलग-अलग थानों में 15 केस विभिन्न धाराओं में दर्ज होने की जानकारी मिली। ज्यादातर केस चोरी की धाराओं में दर्ज हैं। 28 वर्षीय सलमान पूर्व में भी कई बार दिल्ली से जेल जा चुका है।

जेल से बाहर आने के बाद सलमान ने गांजे की तस्करी करना शुरु किया। पुलिस को चकमा देने के लिए उसने अपने कई नाम रखे थे।

## दो कारों की टक्कर से जाम लगा

**नोएडा।** सेक्टर-63 में शनिवार देर रात तेज रफ्तार दो कारों की टक्कर से एक कार पलट गई। कार में सवार लोगों को मामूली चोट आई। घटना के बाद सड़क पर जाम लग गया। पुलिस ने दोनों गाड़ियों को सड़क से हटवाकर जाम खुलवाया। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की निराला ग्रीनशायर सोसाइटी निवासी अभिनीत राय ने पुलिस को बताया कि वह शनिवार रात पत्नी और बेटी के साथ घर लौट रहे थे। गढ़ी गोलचक्कर के पास एक वाहन चालक ने उनकी कार में टक्कर मार दी। इसके कारण उनकी कार पलटकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार उन्हें और उनकी पत्नी को चोट आईं। आरा. ेप है कि दूसरी कार का चालक नशे की हालत में था और लापरवाही से गाड़ी चला रहा था। पुलिस शिकायत पर केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# एक ही प्लॉट दो लोगों को बेचने का आरोप, 51 लाख की धोखाधड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** एक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स परियोजना में प्लॉट दिलाने के नाम पर 51.18 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। गांव वैदपुरा निवासी ललित नागर के अनुसार उन्होंने एमेटेक स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स परियोजना में 151 वर्ग मीटर का प्लॉट 17 मार्च 2023 को बुक कराया था। यह बुकिंग दीपक अरोड़ा, नितिश अरोड़ा और गोविंद बिष्ट (सेल्स हेड), एमेटेक बिल्डटेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से की गई। पीड़ित ने 10 प्रतिशत राशि देकर बुकिंग की और इसके बाद कंपनी द्वारा बताई गई किश्तों का समय-समय पर भुगतान किया। आरटीजीएस और चेक के माध्यम से मार्च 2023 से अक्तूबर-2024 तक कुल 51,18,137 रुपये का भुगतान किया गया।

बाद में बिल्डर-बायर एसोसिएशन से उन्हें जानकारी मिली कि उक्त प्लॉट पहले से ही किसी अन्य व्यक्ति को बेचा जा चुका था। उसी प्लॉट को पुन: उन्हें आवंटित कर दिया गया। 11 नवंबर 2024 को ई-मेल के जरिए बिल्डर से संपर्क किया। जिस पर 22 नवंबर 2024 को जवाब मिला कि पूर्व आवंटन को कानूनी रूप से निरस्त करने के बाद उन्हें प्लॉट दिया गया है। मामले में नया मोड़ तब आया जब उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा), लखनऊ में शिखा गोस्वामी द्वारा दायर प्रकरण में 5 नवंबर 2024 को उक्त प्लॉट पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश पारित कर दिया गया। इससे पीड़ित को आशंका हुई कि प्लॉट पर पहले से विवाद चल रहा था। बिल्डर ने पूर्व नियोजित षड्यंत्र के तहत फर्जी दस्तावेज दिखाकर उनकी गाढ़ी कमाई हड़पी है। वहीं कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

## एक नजर

### चार खनन माफियाओं पर केस, कृषि भूमि पर अवैध मिट्टी खनन का आरोप

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र स्थित मेहंदीपुर गांव में कृषि भूमि पर अवैध मिट्टी खनन का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार खनन माफियाओं के खिलाफ रविवार को केस दर्ज कर लिया है।

गाजियाबाद के शाहपुर बम्हेटा गांव निवासी ज्ञानेंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मेहंदीपुर गांव में उनकी कृषि जमीन है। उन्होंने आरोप लगाया कि मेहंदीपुर गांव के कामिल खां, अब्बास खां, अख्तर खां और प्रदीप भाटी नामक खनन माफियाओं ने उनकी जमीन से जेसीबी का उपयोग कर अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया।

शिकायत के अनुसार, जब जमीन के सह-हिस्सेदार बॉबी ने प्रदीप भाटी को फोन किया, तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई। बॉबी ने तुरंत मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी फरार हो गए।

पीड़ित के वहां से जाने के बाद आरोपियों ने दोबारा खनन शुरू कर दिया। पीड़ित ज्ञानेंद्र सिंह का कहना है कि खनन माफिया उनकी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### एक्सप्रेस ट्रेनों में पत्थरबाजी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर चिपियाना और मारीपत रेलवे स्टेशन के बीच एक्सप्रेस ट्रेनों में पत्थरबाजी कर शीशे तोड़ने वाले आरोपी को आरपीएफ ने गिरफ्तार किया है। 31 दिसंबर को एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12309 जा रही थी। इसी दौरान चिपियाना और मारीपत स्टेशन के बीच पत्थर मारकर ट्रेन के शीशे तोड़ दिए गए। बाद में 26 जनवरी को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर भी पत्थरबाजी हुई, जिसमें शीशा टूट गया लेकिन यात्री बाल-बाल बच गए। दोनों घटनाओं की रिपोर्ट आरपीएफ कोतवाली में दर्ज की गई थी। आरपीएफ पुलिस टीम पत्थर मारने वाले आरोपियों की तलाश में लगी थी। पुलिस ने अलीगढ़ जनपद के अतरौली गांव निवासी आकाश को मारीपत रेलवे स्टेशन के समीप भूरिया नाले के पास घूमते हुए गिरफ्तार किया है। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि पूछताछ पर आरोपी ने जुर्म कबूल कर लिया है।

### मंदिर के पास गड्ढे में डूबा तीन साल का बच्चा

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के दलेलगढ़ गांव में रविवार को एक तीन वर्षीय बच्चे की गहरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। यह गड्ढा सरकारी जमीन पर बना था। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है और ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार, दलेलगढ़ गांव निवासी अनिल की बेटी अंजलि कुछ दिन पहले ही अपने ससुराल सिकंदराबाद (बुलंदशहर) से अपने तीन वर्षीय बेटे देवांश और बेटी के साथ मायके आई थीं। रविवार को घर के पास स्थित मंदिर में भंडारे का आयोजन चल रहा था, जिसमें परिवार के लोग बच्चों के साथ शामिल होने गए थे। इसी दौरान खेलते-खेलते मासूम देवांश पास ही सरकारी जमीन पर बने गहरे गड्ढे में भरे पानी में गिर गया।काफी देर तक देवांश के नजर न आने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान बच्चा गड्ढे के पानी में मिला। परिजन उसे तत्काल बाहर निकालकर अस्पताल ले जाने की तैयारी करने लगे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस घटना से परिवार सदमे में है। ग्रामीण अमित भाटी ने आरोप लगाया है कि 4 जनवरी को ही इस गड्ढे में जलभराव की शिकायत ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों से की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है और जिम्मेदारों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों ने बच्चे का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# यू-ट्यूब चैनल के दो पत्रकारों पर ब्लैकमेल कर फर्जी खबर चलाने का आरोप, सीएमएस ने दर्ज कराया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना सेक्टर 39 में जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक ने यू-ट्यूब चौनल चलाने वाले दो पत्रकारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। आरोप है दोनों ब्लैकमेल करते है। झूठी व भ्रामक सूचना प्रसारित कर सरकारी अस्पताल व अधिकारियों की छवि धूमिल करते हैं। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।




थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक डीपी शुक्ल ने बताया कि डॉक्टर अरविंद मलिक चिकित्सा अधीक्षक जिला संयुक्त चिकित्सालय गौतमबुद्ध नगर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मनोज शर्मा, सूरज दीक्षित आदि जो कि स्वयं को यूट्यूब पर पत्रकार बताते हैं, वे लोग जानबूझकर सरकारी अस्पताल के अधिकारियों को धमकाकर अवैध लाभ प्राप्त करने का प्रयास करते हैं। उनके अनुसार उक्त लोगों द्वारा समय-समय पर अस्पताल प्रशासन एवं अधिकारियों से यह कहा गया कि यदि उन्हें व उनके साथियों को अस्पताल परिसर में अनुचित सुविधा, फायदे, हस्तक्षेप की अनुमति नहीं दी गई तो वे अस्पताल के अधिकारियों के विरुद्ध झूठा, भ्रामक खबर अपने यूट्यूब चौनल पर प्रकाशित करेंगे, उनमें से एक व्यक्ति मनोज शर्मा जो पूर्व में जिला संयुक्त चिकित्सालय नोएडा में अवांछित गतिविधियों में लिप्त रहा है, तथा शिकायत के आधार पर जेल जा चुका है।

उन्होने आरोप लगाया कि इसका साथी सूरज दीक्षित जिसकी मां बिना वैधानिक आधार के चिकित्सालय में उपस्थित रहकर अवांछित गतिविधियों में लिप्त रहती है, उसे अस्पताल कर्मियों की शिकायत पर अवैध गति. विधियों के लिए चेतावनी दी जा चुकी है। उनके अनुसार उक्त व्यक्ति द्वारा स्पष्ट रूप से यह धमकी दी गई कि वह तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर वीडियो को एडिट कर अस्पताल की छवि खराब करने वाली सामग्री प्रसारित करेगा, जिससे अस्पताल व अधिकारियों की सामाजिक व प्रशासनिक प्रतिष्ठा को गंभीर क्षति पहुंचे। उनका कहना है कि जिला प्रशासन द्वारा उसकी अवैध व अनुचित मांगों को अस्वीकार किए जाने के पश्चात उक्त व्यक्तियों ने जानबूझकर भ्रामक, असत्य वीडियो, तथ्यों को काट छांटकर एडिट किया तथा उसे यूट्यूब चौनल व डिजिटल माध्यम से प्रकाशित किया। उनके अनुसार इनके इस कृत्य से अस्पताल के अधिकारियों और कर्मचारियों की छवि धूमिल हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में पीड़ित की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 221,351(2), 356(2) तथा सूचना प्रौद्योगिकी संशोधन अधिनियम 2008 की धारा 66 डी के तहत मुक. दमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बीमा कंपनी के कार्यालय में वरिष्ठ प्रबंधक से अभद्रता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-आठ स्थित एक निजी बीमा कंपनी के कार्यालय में वरिष्ठ प्रबंधक के साथ गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने एक नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ फेज-वन थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। दिल्ली के प्रीतमपुरा निवासी डॉक्टर चेतन तिवारी ने पुलिस को बताया कि वह टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी (टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस) के नोएडा स्थित कार्यालय में वरिष्ठ प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। कंपनी में मेडिकल दावा से जुड़ी कुछ गड़बड़ियों को लेकर जांच चल रही है। जांच के दौरान पाया गया कि कुछ पॉलिसी धारकों ने गलत तरीके से दावा लिया है और एक ही बीमारी का दावा अन्य कंपनियों से भी लिया है।

इसी सिलसिले में उन्होंने ममता देवी को कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। आरोप है कि महिला खुद नहीं आईं, बल्कि उनकी जगह तीन लोग कार्यालय आए। उनमें से एक ने अपना नाम संजय बताया और कहा कि ममता को क्यों बुलाया जा रहा है, जो बात करनी है उनसे की जाए। प्रबंधक के अनुसार उन्होंने साफ कहा कि दावा ममता देवी के नाम से है, इसलिए बात भी उन्हीं से होगी। इस पर संजय और उसके साथ आए दो अन्य लोग आक्रोशित हो गए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर धक्का-मुक्की की और जान से मारने की धमकी दी। शोर-शराबा होने से कार्यालय का माहौल बिगड़ गया। अन्य कर्मचारियों के बीच-बचाव के बाद तीनों आरोपी वहां से चले गए, लेकिन जाते-जाते धमकी देकर गए।

# हार्न बजाने पर कार सवार युवकों पर हमला, पिटाई से सिर में फोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट स्थित आम्रपाली लेजर पार्क सोसाइटी के बाहर हार्न बजाने को लेकर दबंगों ने कार सवार युवकों की बेसबॉल बैट-हॉकी डंडों से मारपीट कर कार में तोड़फोड़ की। पिटाई से एक युवक के सिर में फ्रैक्चर हुआ है। वहीं बिसरख कोतवाली पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिये मामले की जांच कर रही है।

आम्रपाली लेजर पार्क में रहने वाले आयुष सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार की रात करीब 1 बजे वह अपने साथी वेदांत, आयुष, श्वेता और निशा के साथ डिनर के लिए सोसाइटी से बाहर जा रहे थे। सोसाइटी गेट के पास एक कार बीच रास्ते में खड़ी थी। मार्ग खाली कराने के लिए हार्न बजाया तो कार सवार अनिश और शाहरुख नामक व्यक्तियों ने इसे लेकर आपत्ति जताई और उनकी कार का पीछा कर बाहर रोक लिया। कुछ ही देर में फिरोज नामक मौके पर पहुंचा। तीनों बेसबॉल बैट और हॉकी डंडों से लैस थे। हमलावरों ने उनकी क्रेटा कार पर डंडों से वार कर शीशे व बॉडी को क्षतिग्रस्त कर दिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। मारपीट में वेदांत घायल होने के बाद मौके पर ही बेहोश हो गया। किसी तरह साथियों ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी और उसे ग्रेनो वेस्ट स्थित पहले यथार्थ अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए मणिपाल अस्पताल दिल्ली रेफर किया गया। कोतवाली प्रभारी कृष्ण गोपाल शर्मा का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है।

# सोसाइटी विवाद में दो दबंग गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के आम्रपाली लेजर पार्क सोसाइटी के पास मामूली विवाद में सोसाइटी के 2 लड़कों तथा 2 लड़कियों के साथ गाली-गलौज कर उनके साथ मारपीट तथा उनकी कार को क्षतिग्रस्त करने वाले दो दबंग युवकों को थाना बिसरख पुलिस ने आज गिरफ्तार किया है। इस मामले में अन्य आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है।




थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि थाने में आम्रपाली लेजर पार्क सोसाइटी में रहने वाले आयुष नामक शख्स ने तीन लोगों को नामित करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उन्होंने बेसबॉल, बैट, डंडा से उनके और उनके परिवार के लोगों के ऊपर जानलेवा हमला किया। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने रास्ते में कार खड़ी कर रखी थी। जब उन्होंने कार हटाने के लिए कहा तो उन्होंने उसके ऊपर हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मारपीट, हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि पीड़ित के अनुसार इस घटना में वेदांत को गंभीर चोट आई है। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही थाना पुलिस ने रविवार को एक सूचना के आधार पर आम्रपाली लेजर पार्क सोसाइटी के पास सोसाइटी के 2 लड़कों तथा 2 लड़कियों के साथ गाली-गलौज कर उनके साथ मारपीट कर उनकी कार को भी क्षतिग्रस्त करने के दो आरोपी शाहरूख पुत्र इमामुद्दीन तथा अजीम पुत्र मोहम्मद मोमीन को घटना में प्रयुक्त कार व बेसबॉल बैट, डंडा के साथ चार मूर्ति से एटीएस की तरफ जाने वाली रोड पर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया है।

# डूब क्षेत्र में अवैध कॉलोनी विकसित करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गाजियाबाद सिंचाई विभाग में कार्यरत अधिकारी ने हिंडन के डूब क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कॉलोनी विकसित करने का आरोप लगाया। इस मामले में एक नामजद और अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

शिकायतकर्ता सींचपाल राज. ेंद्र चंद्र ने पुलिस को बताया कि शासन ने वर्ष 2010 में नदियों के बाढ़ क्षेत्र में अवैध निर्माण और अतिक्रमण को रोकने के आदेश दिए। इसके मद्देनजर हिंडन का तटवर्ती बंध नदी के दाएं किनारे पर नोएडा को बाढ़ से सुरक्षित रखने के लिए बनाया गया है।

इस बांध के गांव हैबतपुर के खसरा नंबर-350 डूब क्षेत्र की जमीन है। आरोप है कि बहलोलपुर निवासी रामवीर यादव अवैध रूप से पुस्ता रोड पर कॉलोनी विकसित कर रहा है। यही नहीं, लोगों को झूठ बोलकर डूब क्षेत्र में भूखंड बेच रहा है और निर्माण कर रहा है। इस क्षेत्र में यदि बाढ़ आई तो सभी घर डूब जाएंगे।

20 जनवरी को शिकायतकर्ता सींचपाल के साथ सहायक कर्मचारी धीरज कुमार ने मिलकर आरोपी और उसके साथियों को समझाने का प्रयास किया तो आरो. पियों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

शाह टाइम्स

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है









# महाशिवरात्रि: शिवालयों में हुआ जलाभिषेक, आस्था का उमड़ा सैलाब

थानाभवन



बिडौली



शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर कस्बा थानाभवन स्थित दयाल आश्रम में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने एक दिन पूर्व अर्धरात्रि जागरण कर भगवान शिव की आराधना की और भक्ति रस में सराबोर हो गए।

महाशिवरात्रि के दिन प्रात:काल से ही आश्रम परिसर में धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत हो गई। भजन-कीर्तन, हवन और प्रवचनों के माध्यम से वातावरण पूरी तरह शिवमय हो उठा। आश्रम प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में महंत स्वामी रामदेव महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु के मार्गदर्शन के बिना परमात्मा की प्राप्ति संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि मोक्ष की प्राप्ति और जीवन-मरण के बंधन से मुक्ति के लिए मनुष्य को गुरु द्वारा बताए गए मार्ग पर चलना आवश्यक है। परमात्मा की शरण में जाने से ही मानव जीवन का कल्याण संभव है।

प्रात:काल श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से हवन में आहुति देकर विश्व कल्याण की कामना की। इसके पश्चात आश्रम में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं का कहना था कि ऐसे धार्मिक अनुष्ठान हिंदू संस्कृति को सु.ढ़ करने के साथ समाज में आध्यात्मिक चेतना का संचार करते हैं, इसलिए इस प्रकार के कार्यक्रम निरंतर आयोजित होते रहने चाहिए।

महाशिवरात्रि से पूर्व कथा व्यास मनोज जी महाराज ने आश्रम में राम कथा का वाचन कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। रामप्रताप कालिया ने अर्धरात्रि जागरण शिव. रात्रि के अवसर पर किया उन्होंने भगवान शिव से जुड़े विभिन्न रहस्यों और कथाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान शिव सृष्टि के पालनहार हैं और जो भी उनकी शरण में आता है, उसे जीवन के समस्त सुखों की प्राप्ति होती है। उनके भजनों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम की सफलता में दयाल आश्रम ट्रस्ट का विशेष सहयोग रहा। आयोजन में राम प्रताप कालिया, सुभाष नारंग, मदन नारंग, निक्का चावला, अशोक नारंग, राजीव मेहता, विकास मेहता, पंकज चावला सहित अनेक श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा।

पूरे आयोजन के दौरान आश्रम परिसर में श्रद्धा, आस्था और सेवा भाव का अद्भुत .श्य देखने को मिला। महाशिवरात्रि के इस पावन पर्व पर थानाभवन का दयाल आश्रम भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बना रहा।

**बिडौली।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रविवार को मेरठ. करनाल हाईवे एक बार फिर आस्था और भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। बम-बम भोले और हहर-हर महादेव के जयकारों से पूरा मार्ग दिनभर गूंजता रहा। हाईवे से गुजरने वाले राहगीरों को जगह-जगह शिवभक्तों की टोली, डाक कांवड़ और भक्ति संगीत की धुनों पर झूमते श्रद्धालु दिखाई दिए।

बताया जाता है कि हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने-अपने गंतव्यों की ओर रवाना हुए। इनमें करनाल और कुरुक्षेत्र सहित हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों के शिवभक्त प्रमुख रूप से शामिल रहे। कई श्रद्धालु डाक कांवड़ लेकर तेज गति से अपने मंदिरों की ओर बढ़ते दिखे, जबकि कुछ स्थानों पर सजीव झांकियां और डीजे पर बजते भक्ति गीतों ने माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया। प्रशासन की ओर से भी यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए, ताकि श्रद्धालुओं की यात्रा सुरक्षित और सुगम बनी रहे। कुल मिलाकर महाशिवरात्रि के अवसर पर मेरठ. करनाल हाईवे भक्ति, उत्साह और श्रद्धा का जीवंत .श्य प्रस्तुत करता नजर आया।

शामली



नि:शुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण कैंप का दृश्य।

**शामली।** शहर के अस्पताल रोड पर महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर लोक स्वास्थ्य सेवा समिति शामली द्वारा 96वां निशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण कैंप का आयोजन पर किया गया। कैंप का शुभारंभ समिति अध्यक्ष कुलदीप गोयल एवं नेत्र चिकित्सक डॉ। अब्दुल बासित ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष कुलदीप गोयल ने बताया कि समिति द्वारा पिछले लगभग आठ वर्षों से प्रत्एक माह निशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण कैंप का नियमित आयोजन किया जा रहा है। अब तक करीब 10 हजार जरूरतमंद लोगों को निशुल्क चश्मे वितरित किए जा चुके हैं, जिससे बड़ी संख्या में लोगों को लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी यह सेवा कार्य निरंतर जारी रहेगा। कैंप के दौरान 85 जरूरतमंद लोगों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 72 व्यक्तियों को निशुल्क चश्मे वित. रित किए गए। इस अवसर पर संजय कुमार त्यागी, महेश शर्मा, रवि संगल, नरेंद्र, नबील, उस्मान आदि मौजूद रहे।

**शामली।** महाशिवरात्रि पर्व पर शहर के शिवालयों में रविवार सुबह से ही भगवान आशुतोष का जलाभिषेक करने के लिए शिवभक्तों की लंबी-लंबी लाइनें लग गई। शिव मंदिरों में भगवान शिव को शहद, दूध, दही, बेलपत्र, धतूरा आदि से जलाभिषेक और पूजा अर्चना की गई और परिवार की सुख शांति की कामना की है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिरों में बैरिकेटिंग की व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था के चलते मंदिरों के बाहर पुलिसकर्मी तैनात रहे।

रविवार को फाल्गुन मास में कृष्ण चतुर्दशी के दिन महाशिवरात्रि का पर्व जिलेभर में भक्तिभावना के साथ मनाया गया। सवेरे 4 बजे से शहर के शिवालयों में भगवान शिव को जलाभिषेक के करने के लिए शिवभक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। शिव मंदिरों में देखते ही देखते शिवभक्तों की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। शिव मंदिरों में शिवभक्तों की लंबी लंबी लाईने लगी रही। घंटों प्रतीक्षा करने के बाद शिवभक्तों ने भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया। मंदिरों व शिवालयों में दिनभर बम-बम भोले, ओम नम: शिवाय, हर-हर महादेव के जयघोष के नारे लगते रहे। शिवभक्तों ने भगवान शिव को दूध, दही, शहद, बेलपत्र, धतूरा आदि से जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की और परिवार की सुख शांति की कामना की। मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए बैरिकेटिंग की व्यवस्था की गई थी। महिलाओं, पुरूषों व

बच्चों ने जलाभिषेक किया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंदिरों के बाहर पुलिस फोर्स तैनात रहा। जहां पुलिसकर्मियों द्वारा श्रद्धालुओं की लाईने लगवाकर ही जलाभिषेक करने दिया गया। वही शहर के सिद्धपीठ मंदिर गुलजारी वाला, सिद्धपीठ भाकूवाला शिव मंदिर, सिद्धपीठ सदाशिव मंदिर रेलपार, गढमुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर, बलभद्र मंदिर बुढाना रोड, हनुमान धाम स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए लेकर देर शाम तक शिवभक्तों की भीड़ लगी रही। सुरक्षा की .ष्टि से मंदिरों के बाहर पुलिस फोर्स तैनात रहा। मंदिरों में देर शाम तक जलाभिषेक हुआ, और श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

**शामली।** महाशिवरात्रि पर्व पर इस बार शिवभक्तों में काफी उत्साह देखने को मिला है। पूर्व के सालों के मुकाबले इस बार हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले डांक काविडयों की संख्या दोगुणी रही। हालात यह रही कि गत शनिवार से लेकर रविवार देर शाम तक शहर की सड़कों पर हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर आने वाले डांक कांवड़ियों की भीड़ उमड़ी रही। सवेरे से देर शाम तक शिवभक्त डांक कांवडिए हजारों की संख्या में शामली से होकर गुजरे। डांक कांवड़ियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए शहर के मुख्य चौराहों पर ट्रेफिक पुलिसकर्मी तैनात रहे। डांक कांवड़ को देखते हुए कई स्थानों पर रूट डायर्वजन भी किया गया था।

## एसपी ने किया कांवड़ मार्ग का निरीक्षण



**शामली।** महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। एसपी एनपी सिंह ने जनपद में निर्धारित कांवड़ यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने संवेदनशील स्थलों, प्रमुख चौराहों, बाजार क्षेत्रों तथा संभावित भीड़-भाड़ वाले स्थानों का गहन अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए और प्रमुख स्थानों पर बैरिकेडिंग की समुचित व्यवस्था की जाए। साथ ही यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए प्रभावी ट्रैफिक प्लान लागू करने के निर्देश भी दिए गए। एसपी ने सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी रखने, आवश्यकता अनुसार ड्रोन कैमरों का उपयोग करने, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली को सक्रिय रखने तथा आपातकालीन सेवाओं के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। इसके अलावा अराजक एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग बढ़ाने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनपद पुलिस द्वारा महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने जाने पर राहत की सांस ली।

## महाकाल महाशिव बाबा की भव्य बारात निकाली

**शामली।** महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष में महाकाल महाशिव बाबा की भव्य बारात सत्यनारायण शिव मंदिर हलवाई हट्टा में पंचम वर्ष कान्हा के दीवाने समिति द्वारा निक. ाली गई। मंदिर परिसर से भगवान शिव की पालकी शुरू कर नगर परिक्रमा कराई गई। जिसमें ढोल नगाडे शामिल रहे। इस शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण बाबा महाकाल का चंद्रमौलेश्वर रूप रहा, जिसमें वे दूल्हा बनकर पालकी में विराजमान थे। शहर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर बारात का भव्य स्वागत किया गया। वहीं देर शाम मंदिर परिसर में मां पार्वती व भोलनाथ का विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद भगवान शिव की भव्य महाआरती कर प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मनोज मित्तल, रोबिन गर्ग, पंकज गुप्ता, अमित मित्तल, लव वर्मा, शिवम, हर्षित, अनमोल, बोबी, हर्ष, शुभ, अमन, अंकुर, पारस, राघव आदि मौजूद रहे। इसके अलावा शहर के भाकूवाला मंदिर से महाकाल पालकी सेवा परिवार द्वारा भव्य चतुर्थ शिव पालकी यात्रा निकाली गई। सबसे पहले दिन परिसर में पालकी का पूजन हुआ। तत्पश्चात पालकी यात्रा प्रारंभ की गई, जिसका शुभारंभ हनुमान धाम के प्रधान सलिल द्विवेदी ने किया, जो शहर के विभिन्न स्थानों से होते हुए निकाली गई। भगवान शिव और मां पार्वती की झांकी देख श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। साथ ही भूत बाराती रहे। इस दौरान जमकर गुलाल उडाया गया। इस अवसर पर कोमल शर्मा, प्रिंस गौतम, शिवम एडवोकेट, हेमराज गुप्ता, पुनित द्विवेदी, अभिषेक भार्गव, रूद्र शर्मा, वैभव कौशिक, गौरव शर्मा, नारायण शर्मा, कमल, सूर्या ढाका, मयंक आदि मौजूद रहे।

**शामली।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर देर शाम जिलेभर के शिवालयों में महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ उठाया। शहर के माजरा रोड स्थित भाकूवाला मंदिर में देर शाम भगवान शिव की महाआरती का आयोजन किया गया। मौके पर पंडित कमलकांत पांडे, रामबीर, मुकेश, यश, वीशू, नितिश, गर्वित आदि मौजूद रहे। शहर के शिव चौक पर भी देर शाम महाआरती की गई। मंदिर के पुजारी संजय शास्त्री ने विधि विधान के साथ महाआरती कराई। महाआरती में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ उठाया। इसके बाद प्रसाद भी वितरित किय गया। इसके अलावा शहर के मंदिर हनुमान धाम, मंदिर गुलजारी वाला, बलभद्र शिव मंदिर, सदाशिव मंदिर रेलपार, कुटी वाला शिव मंदिर, शिवमूर्ति, गढमुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर में भी महाआरती की गई। जिसमें सैकडों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ उठाया।

**शामली।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर वृहद गौशाला केन्द्र बनत में नंदी महाराज व गौमाता की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची नगर पंचायत चेयरमैन कुसुम देवी ने विधि विधान से पूजा अर्चना की तथा गौमाता को गुड आदि खिलाकर मंगल आरती की। गौशाला संचालक दिनेशच कुमार ने बताया कि सुबह गौशाला में साफ सफाई तथा चूना डाला गया। गौशाला को फूलों से सजाया गया था। मौके पर चेयरमैन पति धर्मवीर, ओम सिंह, विकास कुमार, प्रवीन कुमार, मिनाक्षी, पूनम, पिंकी, गीता, रूबी, सन्नी, विशाल, श्यामलाल आदि मौजूद रहे।



महाकाल महाशिव बाबा की भव्य बारात का दृश्य।

झिंझाना



**झिंझाना।** रविवार को महाशिव. रात्रि का पावन पर्व कस्बे में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। ब्रह्ममुहूर्त से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं और दिनभर पूजा-अर्चना का सिल. सिला जारी रहा। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और शांति की कामना की। कस्बे के प्रमुख शिव मंदिरों पंचमुखी मंदिर, राम-श्याम मंदिर, कोतवाली परिसर स्थित शिव मंदिर, मोहन जोहड़ प्राचीन शिव मंदिर, महर्षि वाल्मीकि मंदिर परिसर के शिवालय और भूमिया खेड़ा शिव मंदिरकृमें विशेष रौनक देखने को मिली। मंदिरों को फूल-मालाओं और रंगीन रोशनी से सजाया गया था। श्रद्धालुओं ने दूध, दही, शहद, गंगाजल, बेलपत्र, धतूरा व फल-फूल अर्पित कर विधि-विधान से पूजा की। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से वातावरण गूंजता रहा।

### महिलाओं और युवाओं में दिखा खास उत्साह

पर्व को लेकर महिलाओं और युवाओं में विशेष उत्साह नजर आया। कई श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर रात्रि जागरण किया और भजन-कीर्तन में सहभागिता की। शाम को आरती के समय मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ी और देर रात तक भक्ति गीतों की गूंज बनी रही।

### सुरक्षा और व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम

महाशिवरात्रि को देखते हुए प्रशासन और पुलिस पूरी तरह सतर्क रही। प्रमुख मंदिरों पर पुलिस बल तैनात किया गया तथा भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई। नगर पंचायत की ओर से साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था के विशेष प्रबंध किए गए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असु. विधा न हो।

महाशिवरात्रि के अवसर पर पूरे कस्बे में आस्था, अनुशासन और उत्सव का माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से क्षेत्र में शांति, सद्भाव और खुशहाली की प्रार्थना की।

# एंटी रोमियो टीम ने चलाया जागरुकता अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** रविवार को मिशन शक्ति फेस 5.0 के अंतर्गत थाना थानाभवन की मिशन शक्ति एंटी रोमियो टीम द्वारा महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। जलाभिषेक के दौरान मंदिरों के आसपास कस्बा थानाभवन क्षेत्र में महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा और सशक्तिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।



इस अभियान में महिला हेड कांस्टेबल पूनम एवं महिला कांस्टेबल रविता ने सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को महिला सशक्तिकरण, साइबर क्राइम, ऑनलाइन धोखाधड़ी, छेड़खानी तथा बाल अपराध जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त करने के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी बताया। टीम द्वारा 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन तथा 108 एंबुलेंस सेवा के बारे में जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जैसे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं समूह विवाह योजना की जानकारी भी दी गई। पुलिस टीम ने महिलाओं और बालिकाओं से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में संकोच न करें और तत्काल हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें। अभियान के दौरान उपस्थित लोगों ने पुलिस के इस प्रयास की सराहना की।

# नोटिस तामील कराने गई बीएलओ व उसके बेटे पर हमला, सरकारी कार्य मेंबाधा का मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**झिंझाना।** थाना क्षेत्र के ग्राम जैनपुर उर्फ छतैला में नोटिस तामील करने गई एक बीएलओ के साथ अभद्रता और मारपीट का मामला सामने आया है। प्रार्थिया बबीता पत्नी स्व। बबलू, निवासी ग्राम जैनपुर उर्फ छतैला, वर्तमान में 139 विधानसभा क्षेत्र 8 कैराना में बीएलओ के पद पर कार्यरत हैं। बताया गया कि शनिवार को वह अपने पुत्र हर्ष के साथ शासन की योजना के अंतर्गत द्धएस।आई।आर।ऋ का नोटिस तामील कराने के लिए गुलाब पुत्र भुल्लु के घर पहुंचीं। आरोप है कि गुलाब ने नोटिस लेने से इनकार कर दिया और कहने लगा कि वह किसी भी हालत में नोटिस स्वीकार नहीं करेगा। प्रार्थिया के अनुसार जब उन्होंने नोटिस तामील कराना आवश्यक होने की बात कही तो आरोपित ने गाली-गलौच शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी देने लगा। इस दौरान उनके पुत्र हर्ष ने बीच-बचाव किया तो आरोप है कि गुलाब ने बाल काटने की मशीन से उसके सिर पर हमला कर दिया, जिससे उसके सिर से खून निकलने लगा। शोर-शराबा सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह हर्ष को छुड़ाया। जाते-जाते आरोपित ने पुन: जान से मारने की धमकी दी और नोटिस पर हस्ताक्षर न करने की बात कही। पीड़िता का आरोप है कि आरोपित ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए उनके साथ अभद्रता, मारपीट और धमकी दी है, जिससे उन्हें और उनके पुत्र को जान का खतरा है। मामले में पुलिस ने मुक. दमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# खंभे में अचानक दौड़ा करंट, लाइनमैन की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**चौसाना।** क्षेत्र के सकौती गांव में बिजली लाइन दुरुस्त करने गए संविदाकर्मी लाइनमैन सचिन कुमार की करंट लगने से मौत के मामले में विभागीय एसएसओ राहुल कुमार को जिम्मेदार ठहराते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। रविवार तड़के पोस्टमार्टम होने के बाद सुबह सात बजे गांव में गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। चौसाना क्षेत्र के नाइनगला जाटान निवासी मृतक सचिन कुमार, खोडसमा बिजली उपकेंद्र पर संविदा लाइनमैन के रूप में तैनात था। शनिवार को सुबह दस बजे सकौती में बिजेन्द्र पुत्र जयपाल के खेत में बिजली लाइन में फाल्ट आने की सूचना पर सचिन अपने साथियों जयपाल पुत्र रगबीर निवासी खोडसमा और गुरमीत निवासी सिघापुर के साथ मौके पर पहुंचा था। आरोप है कि शटडाउन लेने के बाद लाइन पर कार्य शुरू किया गया, लेकिन इसी दौरान अचानक लाइन में करंट दौड़ गया, जिससे सचिन गंभीर रूप से झुलस गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में को. हराम मच गया। विभागीय जेई अकबर आजम की शिकायत पर चौसाना पुलिस ने आरोपीत एसएसओ राहुल कुमार के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के भाई विपिन ने भी तहरीर देकर अन्य लाइनमैनों पर षडडंत्र के तहत घटना कारित करने का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। तकनीकी और विभागीय पहलुओं की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विद्युत विभाग की आंत. रिक जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद विभागीय अधिका. रियों में खलबली मची हुई है।

# एक ही रात में फिर हुई 6 टयूबवैलों पर चोरी

## एनकाऊंटर के बाद भी चोरों में पुलिस का भय नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक सप्ताह पहले लगभग एक दर्जन टयूबवैलों पर हुई चोरी की घटना को ग्रामीण अभी भूले भी नहीं थे कि अज्ञात चोरों ने फिर दोबारा से बैखौफ होकर एक ही रात में 6 टयूबवैलों पर चोरी की घटना को अंजाम देकर बुढाना पुलिस की कानून व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। जिसको लेकर किसानों में पुलिस के प्रति भारी रोष पनप रहा है।

एक ही रात में छह टयूबवेलों पर चोरी की यह घटना भी तब हुई जब बुढाना पुलिस ने 3 दिन पहले ही एक ईनामी बदमाश का फुल एनकाउंटर किया था और टयूबवेलों पर चोरी करने वाले 3 चोर गिरफ्तार कर जेल भेजे थे। मौके पर पहुंची पुलिस को किसानों के गुस्से को झेलना पड़ा तो पुलिस ने सभी को ये कहकर शांत कर दिया कि वे महा. शिवरात्रि की डयूटी पर लगे थे नहीं तो चोरी की घटना नही होती। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की उमरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव बसी खुर्द, वैल्ली, माजरा और अलीपुर अटेरना के जंगलों में एक सप्ताह पहले लगभग एक दर्जन टड्‌बवेलों पर चोरी की घटना हुई थी। जिसमें सभी किसानों की टयूबवेलों पर एक लाख रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ था और उनकी टड्‌बवेलें भी बंद हो गयी थी मगर पुलिस ने तीन दिन पहले ही इन सभी घटनाओं का खुलासा कर तीन चोरों को कुछ सामान बरामद कर जेल भेज दिया था और उसी दिन एक बदमाश का भी एनकाऊंटर कर दिया था। इसके बाद भी आज फिर दिन निकलने से पहले ही रविवार की प्रथम रात्रि में अज्ञात चोरों ने उमरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव वैल्ली और गांव बसी खुर्द के जंगल में स्थित गांव वैल्ली निवासी शुभम पंवार, ज्ञान सिंह पंवार, सुधीर पंवार पुत्र ओम सिंह, बाबा राजबीर पंवार, जितेंद्र पंवार पुत्र लाल सिंह और अनुज पंवार पुत्र हरेंद्र सिंह की टयूबवेलों से केबिल व अन्य सामान चोरी कर पुलिस की कानून व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए। इस घटना का पता सभी किसानों को आज सुबह तब लगा जब सभी किसान अपनी अपनी टड्‌बवेलों पर गये। किसानों ने एक हफ्ते में डेढ़ दर्जन से भी अधिक टयूबवेलों पर हुई चोरी की दो घटनाओं को लेकर गुस्से का इजहार किया और पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को सभी किसानों का गुस्सा झेलना पड़ा। तब बुढ़ाना पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर सभी किसानों को आश्वस्त किया कि वे इन घटनाओं का खुलासा भी एक दो दिन में कर देंगे। वे रात में महाशिवरात्रि की डयूटी पर थे नहीं तो चोरी नहीं होती। कुल मिलाकर इन घटनाओं को लेकर किसानों में भय का वातावरण बना है।

# गांव लुहसाना में हिंदू सम्मेलन हुआ आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव लुहसाना में रविवार के दिन आयोजित हिन्दू सम्मेलन में भारी भीड़ जुटी। यह सम्मेलन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि बघरा आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी यशवीर महाराज मुख्य रहे।

जिनका गांव लुहसाना में पहुंचने पर सैंकडो ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। उन्हें दर्जनों ट्रैक्टरों, बाइ. कों और अन्य वाहनों के काफिले के साथ एक भव्य जुलूस के रुप में मंच तक लाया गया। गोरक्षा दल लुहसाना ने भी स्वामी यशवीर महाराज का फूल-मालाओं से स्वागत किया। यहां स्वामी यशवीर महाराज ने विराट हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए सभी प्रकार के जिहाद पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने हिंदुओं को जिहाद से लड़ने का संकल्प दिलवाया। सुचेत्रा ने भी पंच परिवर्तन विषय पर अपने विचार रखे। सम्मेलन का संचालन सोमपाल ने किया। बड़ी संख्या में हिंदू वीर और वीरांगनाएं इस विराट हिंदू महासम्मेलन में शामिल हुए। आयोजकों ने सफल आयोजन के लिए हिंदू सम्मेलन समिति और सभी उपस्थित लोगों का हृदय से धन्यवाद किया। इस भव्य सम्मेलन में मुख्य रूप से युवराज सैनी, यदु सैनी जतिन कुमार, रवि कुमार, नौनी सैनी, काव्य सैनी, जितेंद्र कुमार, मिन्ना सैनी, त्रिलोक चंद्र, कविराज सैनी, नवीन सैनी और नरेंद्र कुमार आदि सैंकड़ों ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

# आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यार्थियों को रोजगार का सुनहरा अवसर

**मुजफ्फरनगर।** राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान, मुजफफरनगर में रोजगार परक संस्थान में 17 फरवरी 2026 को रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में रोजगार परक कम्पनी Hero Motor Haridwar UK. रोजगार हेतु अभ्यार्थियों को योजित करने के लिये आ रही है। (Fitter, Electrician, Machinist, Turner] Mechanic Motor Vechile, Mechanic Diesel Engine,Electronic Mechanic, Copa-Only For Female) के अभ्यार्थी भाग ले सकते है। साक्षात्कार 17 फरवरी 2026 (दिन मंगलवार) समय 09:00 बजे कम्पनी के अधिकारियों द्वारा संस्थान परिसर में किया जाना है।

अधिक जानकारी के लिए अभ्यार्थी, नोडल प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मुजफ्फरनगर के कार्यालय में उपस्थित होकर सम्पर्क करे

# महाशिवरात्रि पर पंचमुखी महादेव मंदिर में उमड़ा जनसैलाब

**मीरापुर।** विश्व विख्यात प्राचीन श्री सिद्ध पीठ पंचमुखी महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धा और आस्था का अद्‌भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही शिवभक्तों की लंबी कतारें मंदिर परिसर में लग गईं और श्रद्धालु जयघोष के साथ प्राचीन शिवलिंग पर जलाभिषेक करते नजर आए। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों में विशेष उत्साह दिखाई दिया।आचार्य पंडित अंकज भारद्वाज ने बताया कि 14 फरवरी की शाम बनारस की तर्ज पर भव्य महा आरती का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। साथ ही 14 फरवरी से 20 फरवरी तक श्रीमद् भागवत महापुराण कथा और रुद्र महायज्ञ का आयोजन भी किया जाएगा।मंदिर कमेटी ने श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यापक व्यवस्थाएं की थीं। दर्शन और जलाभिषेक की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित की गई। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। इस दौरान उपजिलाधिकारी जानसठ राजकुमार भारती, नायब तहसीलदार अजय कुमार तथा थाना अध्यक्ष मीरापुर राजीव शर्मा भी मौके पर मौजूद रहे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

मंदिर परिसर में लगे मेले में बच्चों ने झूलों और मिकी माउस का आनंद लिया, वहीं महिलाओं ने खरीदारी की। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर कमेटी के साथ प्रवीण सैनी, जगपाल प्रजापति, अमित प्रजापति, दुष्यंत, सतपाल, रवि प्रजापति, नवनीत, रजत, ऋतिक, हर्षित शर्मा, जानी, पुष्पेंद्र शर्मा, सत्येंद्र कश्यप, सिद्धार्थ हिमांशु, आयुष, जितिन, अंशुल, अर्पित, देव प्रजापति, अनंत और नमन शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

## कस्बे-क्षेत्र में धूमधाम से मना महाशिवरात्रि पर्व



**बुढ़ाना।** रविवार के दिन महा. शिवरात्रि का पावन पर्व कस्बा बुढ़ाना और आसपास के लगभग सभी गांवों में बड़ी ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शिव स्थल मंदिर, हरनंदेश्वर धाम मंदिर और चांदनी वाला मंदिर सहित ग्रामीण अंचल के शिवालयों में भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का दुग्धाभिषेक और रुद्राभिषेक किया। जिससे मंदिर परिसर बम बम भोले के जयकारों से गूंज उठे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इसी कारण इस तिथि को महाशिवरात्रि के रूप में अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन भगवान भोलेनाथ की चार पहर की पूजा अर्चना का विधान है। ज्योतिषाचार्य विवेक मणि जी महाराज ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ माता पार्वती की तपस्या से प्रसन्न होकर उन्हें शिवलिंग के रूप में प्राप्त हुए थे। इसी दिन उन्होंने माता पार्वती को अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार करने का वचन दिया था। उन्होंने पहले माता पार्वती की तपस्या के माध्यम से उनकी परीक्षा ली और फिर उन्हें स्वीकार किया। इसलिए शिवरात्रि को शिव और पार्वती के मिलन के पर्व के रूप में मनाया जाता है। शिव रात्रि का पर्व वैसे तो हर महीने आता है लेकिनफाल्गुन मास में आने वाली शिवरात्रि का विशेष महत्व है। जिसे महाशिवरात्रि कहा जाता है। यह तिथि शिव पार्वती के विवाह के कारण और भी महत्वपूर्ण मानी जाती है। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कस्बे और ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में पुलिस बल तैनात किया था। मंदिरों में भक्त लंबी कतारों में खड़े देखें गये।

# ब्रह्मकुमारीज ने महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया

**मुजफ्फरनगर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बामनहेरी सेवा केंद्र पर महाशिव. रात्रि पर्व अत्यंत श्रद्धा, उल्लास एवं आध्यात्मिक गरिमा के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर प्रात:काल बामनहेरी गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ब्रह्माकुमारी भाई-बहनों, माताओं, युवाओं एवं ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा सेवा केंद्र से प्रारंभ होकर गांव के मुख्य मार्गों से होती हुई पुन: केंद्र पर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान आध्यात्मिक संद. ेशों से युक्त बैनर-पोस्टर एवं शिव महिमा के गीतों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। बच्चों एवं युवाओं की अनुशासित सहभागिता ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ाया। शोभायात्रा के उपरांत सेवा केंद्र परिसर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिक. ों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं शिव स्तुति से हुआ। केशवपुरी सेवा केंद्र की इंचार्ज राजयोगिनी बी. के. जयंती दीदी ने महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्मजागृति और आत्मपरिवर्तन का दिव्य संदेश देता है। उन्होंने बताया कि 'शिव' का अर्थ है कल्याणकारी और 'रात्रि' अज्ञान के अंधकार का प्रतीक है। अत: महाशिव. रात्रि वह शुभ रात्रि है जब आत्मा अज्ञान के अंधकार से निकलकर परमात्मा शिव के ज्ञान-प्रकाश में प्रवेश करती है।उन्होंने स्पष्ट किया कि परमपिता शिव निराकार, ज्योतिर्बिंदु स्वरूप परमात्मा हैं, जो कलियुग के अंधकार में ज्ञान का प्रकाश फैलाकर मानव जीवन को पवित्र बनाने का कार्य करते हैं। राजयोग के अभ्यास द्वारा मनुष्य अपने भीतर शांति, प्रेम, पवित्रता, शक्ति और आनंद जैसे दिव्य गुणों को विकसित कर सकता है। यही सच्चा जागरण है जब आत्मा अपने वास्तविक स्वरूप को पहचानकर परमात्मा से जुड़ती है। ब्रह्माकुमार शशांक भाई ने कहा कि महाशिवरात्रि का संदेश है ख्र हजागो आत्मा, परमात्मा आ चुके हैं। यह पर्व आत्मा से परमात्मा के मिलन, आत्मशुद्धि और दिव्य जीवन की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है।



मुजफ्फरनगर:ब्रह्माकुमारी आश्रम में महाशिवरात्रि पर्व पर भाग लेते अतिथि।

# श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया महाशिवरात्रि पर्व





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शिवालयों में भारी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने भगवान आशुतोष का जलाभिषेक कर परिवार में सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर बम बोल और हर हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान रहे।

मानकी स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री मण्केश्वर महादेव मंदिर और घ्याना स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नागेश्वर महादेव मंदिर में तडके से ही जलाभिषेक करने के लिए कतारें लग गई। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के बाद बेल पत्र, पुष्प और फल आदि अर्पित कर परिवार में सुख समृद्धि की कामना की। मानकी व घ्याना गांव के मंदिर परिसरों में भव्य मेलों का आयोजन भी हुआ। देवीकुंड परिसर स्थित श्री ग्यारहमुखी महादेव मंदिर, लहसवाड़ा मुहल्ला स्थित बाबा बालगिरी महादेव मंदिर, शिव चौक स्थित मंदिर के अलावा बाबूपुर नगली, चंदेना कोली, साखन कलां, शाहपुर, अंबोली व तल्हेड़ी बुजुर्ग आदि गांवों के शिव मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर परिवार की स्मृधि के लिए मन्नते मांगी। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिरों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। उपजिलाधिकारी युवराज सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी अभितेष सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरपाल शर्मा लगातार गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

# 17.5 ओवर में खत्म हुआ मुकाबला: रितेश बंसल की विस्फोटक बल्लेबाजी से नमाह चैलेंजर्स विजयी

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** स्थानीय क्रिकेट प्रेमियों को एक रोमांचक और हाई-स्कोरिंग मुकाबला देखने को मिला, जब वायुपुत्रास और नमाह चैलेंजर्स आमने-सामने हुए। मैच में चौकों-छक्कों की झड़ी लगी और आखिरी क्षण तक उत्साह बना रहा।

टॉस जीतकर वायुपुत्रास के कप्तान आकाश जैन ने पहले बल्लेबाजी चुनी और टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 202 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। आक. ाश गुप्ता ने 26 गेंदों में 47 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली, जबकि प्रसून अग्रवाल ने 23 गेंदों पर 38 रन जोड़े।

चिराग ने 39 रन का योगदान दिया। अंतिम ओवरों में सचिन माहेश्री ने 15 गेंदों में 34 रन बनाकर पारी को धार दी। 12 अतिरिक्त रनों की मदद से टीम ने 10.10 के रन रेट से चुनौतीपूर्ण लक्ष्य खड़ा किया। 203 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नमाह चौलेंजर्स की शुरुआत साधारण रही, लेकिन कप्तान रितेश बंसल ने आक्रामक तेवर अपनाते हुए मुकाबले का रुख पलट दिया। उन्होंने 46 गेंदों में 91 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें 17 चौके शामिल रहे। उनका स्ट्राइक रेट लगभग 198 रहा।

रितेश को पुनीत कंसल का बेहतरीन साथ मिला। पुनीत ने 32 गेंदों में 53 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और चार छक्के शामिल थे। दोनों के बीच अहम साझेदारी ने जीत की नींव रखी। अंत में अभिषेक साहनी ने 15 गेंदों में नाबाद 33 रन बनाकर 17.5 ओवर में ही टीम को जीत दिला दी। नमाह चौलेंजर्स ने पांच विकेट से मुकाबला अपने नाम किया और 11.66 के रन रेट से लक्ष्य हासिल किया। गेंदबाजी में वायुपुत्रास के शिवम ने 4 ओवर में 20 रन देकर 3 विकेट झटके, लेकिन अन्य गेंदबाज रन रोकने में सफल नहीं रहे। रितेश बंसल को उनकी 91 रन की मैच जिताऊ पारी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के आयोजक मोनू अहलावत और सौवीर अहलावत रहे, जबकि अंपायरिंग की जिम्मेदारी शादाब सैफी और शैली ने निभाई। यह मुकाबला तेज रन गति, दमदार साझेदारियों और आक्रामक बल्लेबाजी के लिए लंबे समय तक याद किया गया।

# वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

**देवबन्द।** पुलिस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने के आरोप में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। सोशल मीडिया एकाउंट पर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने व नफरत फैलाने वाले पोस्ट डालने के आरोप में वांछित आरोपी अब्दुल रज्जाक निवासी छोटी खानकाह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ गांव भायला खुर्द निवासी निखिल की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी को न्यायालय केसमक्ष पेश कर आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि सोशल मीडिया का प्रयोग जिम्मेदारी पूर्वक करें। कहा कि किसी भी प्रकार की भड़काऊ एवं भ्रामक पोस्ट साझा न करें। अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# किड्स स्पोर्ट्स एन्कलेव में बच्चों ने पाया प्रशिक्षण

**मुजफ्फरनगर।** ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल में 2.5 से 4 वर्ष की आयु वाले बच्चों का किड्स स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव का चौथा दिन सफल रहा ग्रेन चौंबर पब्लिक स्कूल द्वारा किड्स स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव कार्यक्रम विशेष रूप से 2.5 से 4 वर्ष की आयु वाले बच्चों के लिए नि:शुल्क प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिसमें सप्ताह के चौथे दिन बच्चों ने जंपिंग, बॉल किकिंग, बिनबैग स्कुँट्स इन क्रियाकलापो के द्वारा खूब आनन्द लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हार-जीत नहीं, बल्कि बच्चों का हौसला बढ़ाना है । सभी गतिविधियाँ बच्चों की उम्र और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षित मार्गदर्शकों की देखरेख में संपन्न कराई जा रही है।इस कार्यक्रम का समापन 16.02.26 को 2.5 वर्ष से 12 वर्ष तक के बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन कर किया जाएगा और कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को प्रशस्ति-पत्र व सांत्वना पुरूस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा ।

## महाशिवरात्रि पर्व पर मुस्लिम होटल रहे बन्द

**बुढ़ाना।** कस्बे और क्षेत्र के लगभग सभी मुस्लिम होटल महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर बंद रहे। एक दिन पहले बुढ़ाना पुलिस ने होटल संचालकों को कह दिया था कि वे कल रविवार को होटल नहीं खोलेंगे। तब मुस्लिम होटल संचालकों ने अपने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। पशुओं का भी कटान कहीं पर नहीं हुआ। होटलों पर खाना खाने वाले ग्राहक होटल बंद होने पर परेशान देखें गये। इस बारे में बुढ़ाना कस्बे के एक होटल संचालक से बातचीत की गयी तो उन्होंने बतलाया कि कल उनके पास पुलिसकर्मी आए थे। जिन्होंने रविवार के दिन होटल बंद करने के लिए कहा था।


# खतौली के शिवालयों में भक्ति की गूंज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर खतौली क्षेत्र पूरी तरह शिवमय नजर आया। तड़के ब्रह्ममुहूर्त से ही श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए मंदिरों की ओर उमड़ पड़े।


जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ता गया, शिवालयों में भक्तों की भीड़ बढ़ती चली गई और देर शाम तक पूजा-अर्चना का क्रम जारी रहा। नगर के जानसठ मार्ग स्थित शिव मूर्ति मंदिर, बुढ़ाना मार्ग के थानेश्वर मंदिर, झारखंड शिवालय, भूड़ क्षेत्र का नागेश्वर महादेव मंदिर, सैनी नगर स्थित गौरी शंकर मंदिर और गंगनहर के काली मंदिर परिसर के शिवालयों में हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का अभिषेक किया। ह्हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिरस में डूबा रहा। भक्तों ने दूध, दही, बेलपत्र, धतूरा और गंगाजल अर्पित कर परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की।

# ऋषि बोधोत्सव के रूप में मनाई गई महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती



**देवबन्द।** आर्य समाज मंदिर में महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती ऋषि बोधोत्सव के रूप में मनाई गई। इस उपलक्ष्य में वैदिर यज्ञ कर महर्षि दयानंद के जीवन कार्यों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में यज्ञ के ब्रह्मा जनेश्वर प्रसाद रहे। उन्होंने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती का जन्म 12 फरवरी 1825 को गुजरात के मौरवी प्रांत के टंकारा नामक स्थान पर हुआ था। उनके बचपन का नाम मूलशंकर था। वह बचपन से ही तीव्र बुद्धि थे। उन्होंने आर्य समाज की स्थापना की। महर्षि दयानंद ने नारी शक्ति को बढ़ावा दिया और छूआछूत व सती प्रथा समेत अन्य आडंबरों का विरोध करते हुए लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर आर्य समाज के छात्रों ने देशभक्ति गीतों व भजन प्रस्तुत किए। इस मौके पर डा. सुरेंद्र कुमार, डा. अजब सिंह, अदिति, पूनम, अनिरुद्ध, अजय, जगदीश बंसल, मदनलाल, रमेश कुमार, संजय कुमार, रश्मि, अभिषेक शामिल रहे।

# शिव ही सत्य, शिव ही सुंदर : स्वामी ओमानन्द



**मोरना।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम स्थित नर्मदेश्वर शिवलिंग पर रुद्राभिषेक करने तथा जल चढ़ाने को श्रद्धालुओ का तांता लगा रहा। पीठाधीश्वर स्वामी ओमानंद महाराज ने विश्व की सुख, शांति और समृद्धि की कामना के साथ प्रतिवर्ष की भांति परंपरागत रूप से रुद्राभिषेक किया। स्वामी ओमानंद महाराज ने कहा कि प्रति वर्ष फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को मनाया जाने वाला महाशिवरात्रि त्यौहार देवाधिदेव भगवान शंकर और जगत जननी माता पार्वती के विवाह उत्सव को समर्पित महापर्व है। गृहस्थ में पारिवा. रिक परिस्थिति अनुकूल रहे तथा स्वजनों में परस्पर प्रेम रहे और परिवार समृद्ध, ज्ञानवान हो, इसके लिए माता पार्वती और भगवान शिव की उपासना करनी चाहिय। आशुतोष भगवान शंकर की असीम महिमा का वर्णन करना कठिन है। शिवजी की अनंत विभूतियों से संपूर्ण संसार व्याप्त है। कोई भी वस्तु शिव के स्वरूप से भिन्न नहीं है। शिव ही ब्रह्मांड के मूल आधार हैं। शिव ही सत्य हैं और शिव ही सुंदर हैं। भगवान आशुतोष अव्यक्त और अजन्मा, सभी के हेतु, विश्व प्रपंच के सृष्टा, पालक एवं संहारक हैं। उन्होंने कहा कि जगत कल्याण के लिए भगवान आशुतोष तीर्थ तथा अन्य स्थलों में भी नाना प्रकार के शिवलिंग स्वरूप धारण करते हैं। समस्त लोकों का उपकार करने के लिए उन्होंने स्वयं ही अपने लिंग स्वरूप की कल्पना की। पूरे भूमंडल में जो जो शिवलिंग स्थित हैं, उन सभी की गणना करना असंभव है। वैसे भगवान शिव अवतार बारह ज्योतिर्लिंग प्रमुख माने गए हैं। महाशिवरात्रि को वर्षभर में पड़ने वाली सिद्ध रात्रियों में से एक माना गया है। पूजन में आचार्य जीसी उप्रेती, आचार्य अरुण, आचार्य अतुल आदि का सहयोग रहा।

# हज यात्रियों का किया गया टीकाकरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मुस्लिम फंड ट्रस्ट देवबंद के तत्वावधान में आयोजित हज यात्रियों के लिए टीकाकरण शिविर में चिकित्सकों की टीम ने 80 हज यात्रियों का टीकाकरण करने के साथ ही पोलिया ड्राप पिलाई।

मुस्लिम फंड ट्रस्ट देवबंद के तत्वावधान में शेखुल हिंद हाल में हज यात्रियों के लिए टीकाकरण शिविर में डा. आशीष पुनिया और डाटा प्रबंधक महताब आलम के नेतृत्व में टीम ने आसपास व दूरदराज से आए हज यात्रियों का टीकाकरण किया। इस दौरान टीकाकरण कराने वालों को वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट भी दिए गए। डा. आशीष ने बताया कि टीकाकरण प्रमाण पत्र के बिना हज यात्रा संभव नहीं है। मुस्लिम फंड ट्रस्ट के प्रबंधक सुहैल सिद्दीकी ने बताया कि संस्था





की ओर से पिछले 30 वर्षों से हज यात्रियों की सुविधा के लिए हज यात्रा फार्म भरवाने, टीकाकरण कैंप लगाने तथा हज ट्रेनिंग कैंप का आयोजन करने का कार्य किया जा रहा है। कैंप संयोजक फहीम सिद्दीकी व मौलाना दिलशाद कासमी ने बताया कि हज फ्लाइट का शेड्यूल आने के बाद हज ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर फार्मासिस्ट मोहम्मद आलम, असरार अहमद, पूनम त्यागी, पिंकी, फरहा, फैजी सिद्दीकी, इशरत बेग, अब्दुल्लाह शाह आदि शामिल रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैने अपना नाम MOHAMMAD SHAHZAD से बदलकर MOHD SHAHZAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**MOHD SHAHZAD**
**Village- Basdhara,**
**Distt. Muzaffarnagar**
**(U.P.)**

## किशोरी घर से रहस्यमय ढंग से हुई गायब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बुढ़ाना सर्किल के थाना रतनपुरी क्षेत्र के एक गांव के निवासी एक ग्रामीण ने रतनपुरी पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बीते दिन वह और उसकी पत्नि अपनी नाबालिग पुत्री को घर पर अकेली छोड़कर दो बच्चों को साथ लेकर खेत पर काम करने के लिए गये हुए थे। जब वे खेत से काम करके वापस अपने घर पर लौटे तो वहां पर उनकी पुत्री नहीं मिली। उन्होंने अपनी पुत्री को पड़ोसियों के यहां पर भी जाकर तलाश किया लेकिन वह कहीं पर भी नहीं मिली। कुछ देर बाद किसी ग्रामीण के माध्यम से पता चला कि उसकी पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। पीड़ित पिता ने रतनपुरी थाने पहुंचकर पुलिस को एक तहरीर देते हुए अपनी पुत्री की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। उधर रतनपुरी पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज करने के बाद नाबालिग किशोरी की सकुशल बरामदगी करने के प्रयास शुरु कर दिए थे।

## खेल समाचार

### लोकेश सत्यनाथन ने 8 मीटर इनडोर लॉन्ग जंप का ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया

**फेएटविले।** भारत के लोकेश सत्यनाथन शनिवार को अर्कांसस में टायसन इनविटेशनल 2026 में 8-01मी की ऐतिहासिक छलांग लगाकर इनडोर लॉन्ग जंप में आठ मीटर का आंकड़ा पार करने वाले पहले भारतीय बन गए।ओलंपिक डॉट कॉम के अनुसार, रैंडल टायसन इनडोर सेंटर में टैरलटन स्टेट के लिए मुकाबला करते हुए, 26 साल के लोकेश 16 एथलीटों के बीच आठवें स्थान पर रहे और एक नया भारतीय इनडोर नेशनल रिकॉर्ड बनाया, जिससे 2023 से जेसविन एल्ड्रिन के 7-97मी के पिछले रिकॉर्ड में सुधार हुआ। यह रिकॉर्ड एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा मंजूरी पर निर्भर है।यह इवेंट अमेरिकी हर्डलर कॉर्डेल टिच ने 8-29मी की छलांग के साथ जीता, जबकि जमैका के वर्ल्ड चैंपियन ताजय गेल 8-13मी के साथ चौथे स्थान पर रहे। दक्षिण अफ्रीका के ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट लुवो मन्योंगा 8-11मी के साथ छठे स्थान पर रहे।सत्यनाथन ने कॉम्पिटिशन के दौरान लगातार 7-69मी, फाउल, 7-94मी, 7-99मी, 8-01मी और 7-96मी की जंप लगाई। उनकी रिकॉर्ड तोड़ने वाली कोशिश उनके करियर की दूसरी सबसे अच्छी जंप भी थी, जो 2023 में कैलिफोर्निया में एक आउटडोर मीट में हासिल की गई उनकी पर्सनल बेस्ट 8-02मी से पीछे है।टायसन इनविटेशनल, जो वर्ल्ड एथलेटिक्स इंडोर टूर सिल्वर कैलेंडर का हिस्सा है, में कई टॉप इंटरनेशनल एथलीट शामिल थे। इस सीजन की शुरुआत में, सत्यनाथन टेक्सास में 7-80मी की कोशिश के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे और ओक्लाहोमा में 7-83मी की जंप के साथ एक मीट जीती थी, जिससे इनडोर कैंपेन में उनके अच्छे फॉर्म का पता चलता है।

# सुपर आठ में जगह बनाने के लिए उतरेगा श्रीलंका

## टी-20 वर्ल्ड कप : ऑस्ट्रेलिया बाहर होने की कगार पर, दोनों टीमें आज भिड़ेंगी हाईटेक मुकाबले में

**■ ऑस्ट्रेलिया के लिए, इक्वेशन आसान है, जीतो या बाहर होने का रिस्क लो, जिम्बाब्वे से मिली चौंकाने वाली हार**



**पल्लेकेले।** ऑस्ट्रेलिया बाहर होने के कगार पर है, जबकि श्रीलंका को सुपर 8 में जगह बनाने का मौका दिख रहा है, जब दोनों टीमें सोमवार शाम को पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप बी के हाई-स्टेक मुकाबले में भिड़ेंगी।

ऑस्ट्रेलिया के लिए, इक्वेशन आसान है - जीतो या जल्दी बाहर होने का रिस्क लो। जिम्बाब्वे से मिली चौंकाने वाली हार ने ट्रैविस हेड की टीम के लिए गलती करने की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी है। एक टीम जो टूर्नामेंट में फेवरेट के तौर पर उतरी थी, अचानक खुद को बचाने के लिए जूझते हुए पाती है, उसकी धमाकेदार बैटिंग लाइन. अप जांच के दायरे में है और उसकी बॉलिंग यूनिट बेहतर परफॉर्मेंस की तलाश में है।

हेड, जिन्होंने अभी तक इस कॉम्पिटिशन में कोई खास पारी नहीं खेली है, उनसे आगे बढ़कर लीड करने की उम्मीद की जाएगी। टॉप पर जोश इंगलिस और बीच में ग्लेन मैक्सवेल, टिम डेविड और कैमरन ग्रीन की फायरपावर के साथ, ऑस्ट्रेलिया के पास गेम को तेजी से पलटने की ताकत है। लेकिन पिछले मैच में चेज को कंट्रोल न कर पाने की उनकी नाकामी ने प्रेशर में उनके टेम्परमेंट पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इसके उलट, श्रीलंका मोमेंटम और क्लैरिटी के साथ आई है। लगातार दो बड़ी जीतों ने दासुन शनाका की टीम को ग्रुप में टॉप पर पहुंचा दिया है। एक और जीत सुपर 8 में उनकी जगह पक्की कर देगी, ऐसा कुछ ही लोगों ने टूर्नामेंट शुरू होने से पहले सोचा था। अपने घर पर खेलते हुए, उन्होंने डिसिप्लिन और स्टाइल को मिलाया है - उनका टॉप ऑर्डर मजबूत प्लेटफॉर्म तैयार कर रहा है और उनके बॉलर जरूरी मौकों पर स्ट्राइक कर रहे हैं। कुसल मेंडिस ने बैटिग को अथॉरिटी के साथ संभाला है, जबकि पथुम निसंका की टॉप पर कंसिस्टेंसी स्टेबिलिटी देती है। बॉलिग डिपार्टमेंट में, बीच के ओवरों में महेश थीक्षाना का कंट्रोल उस सरफेस पर डिफेंसिव साबित हो सकता है जिससे स्पिनरों को मदद मिलने की उम्मीद है।

यह जगह एक और इंटरेस्टिग लेयर जोड़ती है। पल्लेकेले का फ्लैट ट्रैक और तेज आउटफील्ड रन बनाने का वादा करता है, फिर भी बड़ी बाउंड्री और स्पिनरों के लिए पोटेंशियल ग्रिप के लिए टैक्टिकल प्रिसिजन की जरूरत होती है। चेज करने वाली टीमों को यहां हाल ही में सफलता मिली है, टॉस स्ट्रैटेजी पर असर डाल सकता है, लेकिन प्रेशर में एग्जक्यूशन ही आखिर में रिजल्ट तय करेगा। पहले से, ऑस्ट्रेलिया इस मुकाबले में हावी रहा है, पिछले 14 मुकाबलों में से 12 में जीत हासिल की है। फिर भी उस दौर में दोनों हार श्रीलंका की जमीन पर मिलीं - यह याद दिलाता है कि घरेलू फायदा सबसे खराब रिकॉर्ड को भी बदल सकता है।

जैसे-जैसे ग्रुप स्टेज कड़ा होता जा रहा है, दांव शायद ही इससे ज्यादा हो सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए, यह वापसी और बचे रहने के बारे में है। श्रीलंका के लिए, यह मोमेंटम हासिल करने और अधिकार के साथ अगले राउंड में आगे बढ़ने के बारे में है। पल्लेकेले में रोशनी में, एक टीम अपने वर्ल्ड कप के लक्ष्यों के करीब पहुंचेगी - दूसरी को अचानक बाहर होने का सामना करना पड़ सकता है।

## नेपाल को रौंदा, इंडीज ने लगाई जीत की हैट्रिक

**मुम्बई।** जेसन होल्डर (चार विकेट) के बाद कप्तान शाई होप (नाबाद 61) और शिमरॉन हेटमायर (नाबाद 46) की बल्लेबाजी प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने रविवार को टी-20 विश्वकप के 25वें मुकाबले में नेपाल को 28 गेंदें शेष रहते नौ विकेट विकेट से शिकस्त दी और अपनी जीत की हैट्रिक पूरी की।

इस जीत के साथ वेस्टइंडीज ने सुपर आठ के लिए अपनी दावेदारी पक्की कर ली है। 134 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के लिए ब्रैंडन किग और शाई होप की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 43 रन जोड़े। छठे ओवर में नंदन यादव ने ब्रैंडन किग को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए शिमरॉन हेटमायर ने शाई होप के साथ दूसरे विकेट के लिए अविजित 91 रनों की साझेदारी कर अपनी टीम को 15-2 ओवर में नौ विकेट से जीत दिला दी। शाई होप ने 44 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद 61 रनों की पारी खेली। वहीं शिमरॉन हेटमायर ने 32 गेंदों में चार चौके और दो छक्कों की मदद से नाबाद 46 रन बनाए।आज यहां वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी नेपाल के बल्लेबाज वेस्टइंडीज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे खुलकर नहीं खेल सके और टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 133 रन का स्कोर बनाया।

## यूएई को चाहिए मजबूती, अफगानिस्तान को पहली जीत

**नई दिल्ली।** वैश्विक टूर्नामेंट के दो मुकाबलों में लगातार मिली हार के बाद अफगानिस्तान टूर्नामेंट में पहली जीत की तलाश में उतरेगा। वहीं कनाडा पर जीत से उत्साहित संयुक्त अरब अमीरात द्धयूएईऋ यह मुकाबला जीतकर अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करना चाहेगा।



सोमवार को अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाले इस मुकाबले में अफगानिस्तान और यूएई ग्रुप डी में ऐसे समय भिड़ने जा रहे हैं, जब हर नतीजा अधिक महत्वपूर्ण है। अफगानिस्तान जहां अभी भी अपनी पहली जीत की तलाश में है। न्यूजीलैंड से हारने के बाद और फिर दो सुपर ओवर के बाद तय हुए मैच में दक्षिण अफ्रीका से बुरी तरह हारने के बाद, जिससे वे अंक तालिका में चौथे स्थान पर आ गए हैं। इस बीच, यूएई ने न्यूजीलैंड से मिली भारी हार से उबरते हुए एक करीबी मुकाबले में कनाडा को हराया, जिससे इस मैच से पहले उन्हें सही समय पर हौसला मिला है।टूर्नामेंट में अफगानिस्तान का अभियान निराशा और उम्मीद के बीच झूल रहा है। वे अपने शुरुआती गेम में न्यूजीलैंड के कंट्रोल का मुकाबला नहीं कर पाए, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने अपनी लड़ने की काबिलियत दिखाई, मुकाबले को और आगे बढ़ाया, लेकिन वह मुकाबला नाटकीय अंदाज में हार गए।

अब उसके सामने चुनौती मुकाबले का नतीजों में बदलने की है, जिसमें अहम मौकों पर बेहतर प्रदर्शन से यह तय होगा कि वे अपनी क्वालिफिकेशन की उम्मीदों को जिंदा रख सकते हैं या नहीं। वहीं इसके उलट, यूएई पहले ही टूर्नामेंट में क्रिकेट के दोनों मुश्किल हालात का अनुभव कर चुका है।


न्यूजीलैंड के हाथों 10 विकेट से हारने के बाद, उन्होंने कनाडा के खिलाफ एक करीबी जीत हासिल करने के लिए अच्छी तरह से वापसी की, जिसमें उन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से ज्यादा संयम दिखाया। इस नतीजे से उन्हें ग्रुप में जगह मिली है और वे इस मुकाबले को अपनी जगह मजबूत करने के एक और अवसर के तौर पर देखेंगे।

अफगानिस्तान संभावित एकादश:- रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेट कीपरऋ, इब्राहिम जदरान, गुलबदीन नैब, सेदिकुल्लाह अटल, दरविश रसूली, अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, राशिद खान (कप्तान), मुजीब उर रहमान, नूर अहमद और फजलहक फारूकी।

यूएई संभावित एकादश:- आर्याश शर्मा (विकेट कीपर), मुहम्मद वसीम (कप्तान), अलीशान शराफू, मयंक कुमार, सोहेब खान, हर्षित कौशिक, मुहम्मद अरफान, मुहम्मद फारूक, हैदर अली, जुनैद सिद्दीकी और मुहम्मद जवादुल्लाह।

## भारतीय महिला टीम ने डीएलएस पद्धति से ऑस्ट्रेलिया को 21 रनों से हराया

**सिडनी।** अरुंधति रेड्डी (चार विकेट), रेणुका सिंह और श्री चरणी (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने रविवार को टी-20 सीरीज के वर्षा प्रभावित पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ लुईस पद्धति (डीएलएस) से 21 रनों से हराया। अरुंधति रेड्डी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया।



134 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के लिए स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिय 33 रन जोड़े। पांचवें ओवर में सोफी मोलिन्यू ने शेफाली वर्मा को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। शेफाली वर्मा ने दो छक्के और एक चौका लगाते हुए 22 रन बनाए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई जेमिमा रॉड्रिग्स ने स्मृति मंधाना के साथ पारी को संभाला। इसी दौरान छठे ओवर में बारिश शुरु हो गई और उस समय भारत ने एक विकेट पर 50 रन बना लिए थे। स्मृति मंधाना द्धनाबाद 16ऋ और जेमिमा रॉड्रिग्स द्धनाबाद नौऋ क्रीज पर मौजूद थी। इसके बाद बारिश के कारण पुन: खेल नहीं शुरु हो पाया और भारतीय महिला टीम को डीएलएस पद्धति से 21 रनों विजई घोषित किया गया।इससे पहले आज यहां भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को रेणुका सिंह और क्रांति गौड़ ने शुरुआती झटके दिए। बेथ मूनी द्धपांचऋ को रेणुका और जॉर्जिया वॉल द्ध18ऋ को क्रांति गौड ने अपना शिकार बनाया। इसके बाद फीबी लिचफील्ड और एलिस पेरी की जोड़ी ने पारी को संभालने का प्रयास किया और तीसरे विकेट के लिए 41 रन जोड़े। आठवें ओवर में अरुंधति रेड्डी ने एलिस पेरी को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। पेरी ने 11 गेंदों में चार चौके लगाते हुए 20 रन बनाए। अगले ओवर में दीप्ति शर्मा ने एश्ले गार्डनर (चार) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। 10वें ओवर की पहली गेंद पर अरुंधति ने फीबी लिचफील्ड को आउट कर भारत को पांचवीं सफलता दिलाई। फीबी लिचफील्ड ने 19 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए 26 रन बनाए। 14वें ओवर में अरुंधति ने जॉर्जिया वेयरहम को आउटकर ऑस्ट्रेलिया को छठा झटका दिया। जॉर्जिया वेयरहम ने 19 गेंदों में चार चौके लगाते हुए 30 रनों की पारी खेली। इसके बाद भारतीय आक्रमण के आगे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके और उनकी टीम 18 ओवर में 133 रन पर सिमट गई।

## भारत ए महिला टीम ने पाकिस्तान को आठ विकेट से हराया

**बैंकॉक।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद दिनेश वृंदा द्धनाबाद 55ऋ की अर्धशतकीय पारी की बदौलत भारत ए महिला टीम ने रविवार को महिला एशिया कप 2026 राइजिग स्टार्स के छठे मुकाबले में पाकिस्तान को 59 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से रौंद दिया।

आज यहां पाकिस्तान ए महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक सामना नहीं कर सकी और 18-5 ओवर में 93 रन के स्कोर पर सिमट गई। शवाल जुल्फिकार (23), गुल रुख (21) और अनोशा नासिर 17 रन बनाकर आउट हुईं। शेष आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सकीं।भारत ए महिला टीम के लिए साइमा ठाकोर, राधा यादव और प्रेमा रावत ने दो-दो विकेट लिए। जितिमनी कलिता, मिन्नू मनी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसे पहले ही ओवर में हुमैरा काजी द्धशून्यऋ के रूप में पहली ही गेंद पर झटका लगा। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आई अनुष्का शर्मा ने दिनेश वृंदा साथ पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 79 रन जोड़े। नौवें ओवर में मोमिना रियासत ने अनुष्का शर्मा (24) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। भारत ए महिला टीम ने 10-1 ओवर में दो विकेट पर 97 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम किया। दिनेश वृंदा ने 29 गेंदों में 12 चौके लगाते हुए नाबाद 55 रनों की पारी खेली। तेजल हसबनीस 12 रन बनाकर नाबाद रही।पाकिस्तान के लिए वाहिदा अख्तर और मोमिना रियासत ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## पहले राउंड में भारतीय टीन एजर धामने का सामना आठवीं सीड रियो नागची से

**नई दिल्ली।** भारतीय टीनएजर मानस धामने एटीपी दिल्ली ओपन 2026 सिंगल्स इवेंट के पहले राउंड में जापान के आठवीं सीड रियो नोगुची से भिड़ेंगे, जबकि डबल्स ड्रॉ में टॉप सीड सिद्धांत बंथिया द्धभारतऋ और अलेक्जेंडर डोंस्की (बुल्गारिया), और दूसरी सीड निकी कलियंडा पूनाचा (भारत) और प्रूच्या इसारो हेडलाइन करेंगे।



एटीपी चैलेंजर 75 इवेंट, जो अपने छठे एडिशन के लिए डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में वापस आ रहा है, 16 से 22 फरवरी तक होगा, जिसमें 32 सिंगल्स खिलाड़ी और 16 डबल्स टीमें टाइटल के लिए मुकाबला करेंगी। भारतीय पुरुष टेनिस के सबसे होनहार युवा खिलाड़ियों में से एक, धामने जनवरी में पहली बार एटीपी रैंकिग में टॉप 500 में पहुंचे और इस महीने की शुरुआत में अपना तीसरा आईटीएफ सिंगल्स टाइटल जीता। नोगुची दुनिया में 246वें नंबर पर हैं और एटीपी चैलेंजर टूर पर दो बार के सिंगल्स चैंपियन हैं। भारत के नंबर 1 सुमित नागल, जो पिछले वीकेंड बेंगलुरु में नीदरलैंड्स पर भारत की डेविस कप जीत का हिस्सा थे, स्पेन के डेविड जोर्डा सांचिस के खिलाफ ओपनिंग करेंगे। दूसरी तरफ, करण सिंह पोलैंड के सातवें सीड डेनियल मिचल्स्की से भिड़ेंगे, जबकि दिग्विजय सिंह का सामना पेट्र बार बिरयुकोव से होगा। सिगल्स ड्रॉ में ऑस्ट्रेलिया के टॉप सीड डेन स्वीनी द्धरैंक 138ऋ और जापान के दूसरे सीड रेई सकामोटो द्धरैंक 174ऋ लीड कर रहे हैं।इस बीच, डेविस कप खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन समेत नौ भारतीय, शनिवार से शुरू होने वाले 24 खिलाड़ियों के सिगल्स क्वालिफाइंग ड्रॉ में हिस्सा लेंगे। क्वालिफाइंग ड्रॉ को डेनिस एवसेएव द्धरैंक नंबर 362ऋ लीड कर रहे हैं और इसमें कोरिया के पूर्व ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनलिस्ट हियोन चुंग भी शामिल हैं। पहले राउंड के सभी सिगल्स क्वालिफाइंग मैच रविवार को खेले जाएंगे, और मेन ड्रॉ मैच सोमवार द्ध16 फरवरीऋ से शुरू होंगे।डबल्स ड्रॉ में, बंथिया/डोंस्की अपने कैंपेन की शुरुआत फिलीपींस के फांसिस केसी अलकंटारा और जिम्बाब्वे के कोर्टनी लॉक के खिलाफ करेंगे। पूनाचा/इसारोद्ध जिन्होंने शनिवार को चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर डबल्स टाइटल जीता था।

## मुचोवा ने जीता पहला खिताबी मैच




**दोहा।** चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा 2019 के बाद पहली बार, डब्ल्यूटीए टूर पर चैंपियन बनी हैं। उन्होंने विक्टोरिया म्बोको को शनिवार को दोहा में 1 घंटे 34 मिनट में 6-4, 7-5 से हराकर कतर टोटलएनर्जीज ओपन जीता। इस जीत से मुचोवा को अपने करियर का दूसरा और डब्ल्यूटीए 1000 लेवल पर पहला टाइटल मिला।

ट्रॉफी प्रेजेंटेशन के दौरान मुचोवा ने कहा कि मुझे कोई टूर्नामेंट जीते हुए काफी समय हो गया है। इसलिए उस फीलिंग को फिर से पाना अच्छा है। दोहा में उस जीत की फीलिग की याद दिलाना, यह अविश्वसनीय है।?29 साल की इस खिलाड़ी के लिए यह कई मायनों में बहुत लंबे समय से आ रहा था। मुचोवा का पहला करियर टाइटल 2019 में सोल में आया था। सिर्फ दो एक्टिव खिलाड़ियों ने अपने पहले और दूसरे टाइटल के बीच ज्यादा इंतजार किया है। सोरानासिर्स्टिया (13 साल) और विक्टोरिजा गोलुबिक द्धआठऋ। उस समय में, मुचोवा चार फाइनल हारी, सभी इगा स्वियाटेक, कोको गॉफ और झेंग किनवेन जैसे एलीट कॉम्पिटिशन से। 2009 में इस फॉर्मेट के शुरू होने के बाद से, सिर्फ तीन खिलाड़ियों ने मुचोवा (57) से ज्यादा डब्ल्यूटीए 1000 मैच जीते हैं। पहले छह गेम तक दोनों बराबरी पर रहे, इससे पहले कि मुचोवा ने 4-3 से ब्रेक लिया। मजबूत होने के बाद, उन्होंने म्बोको की सर्व पर एक सेट पॉइंट हासिल किया, लेकिन कनाडाई खिलाड़ी ने कोशिश को नाकाम कर दिया। यह राहत ज्यादा देर तक नहीं रही, क्योंकि मुचोवा ने अगले गेम में सेट पूरा कर लिया।मुचोवा ने फिर से दूसरा सेट शुरू करने के लिए जोरदार शुरुआत की, 2-2 की बराबरी पर तीन ब्रेक पॉइंट हासिल किए। म्बोको ने बैकहैंड विनर, एक स्मैश और एक ऐस के साथ उन्हें जोरदार तरीके से मिटा दिया। कुछ पॉइंट बादद्ध उन्होंने मैच का अपना चौथा ऐस लगाकर स्कोर 3-2 कर दिया।वह लगातार आगे बढ़ती रहीं, मुचोवा को ब्रेक करके 4-2 की बढ़त बना ली, यह मैच का उनका पहला ब्रेक था, लेकिन यह मोमेंटम ज्यादा देर तक नहीं रहा। मुचोवा ने तुरंत ब्रेक किया और 4-4 से बराबरी पर रहते हुए वह पल तय किया जिसने मैच का फैसला कर दिया: 6-5 का ब्रेक जिससे उन्हें टाइटल के लिए सर्व करने का मौका मिला और उन्होंने काम पूरा कर दिया।

## शेल्टन सेमीफाइनल में, शापोवालोव को हराया

**डलास।** बेन शेल्टन शनिवार को नेक्सो डलास ओपन में अपने साथी लेफ्टी डेनिस शापोवालोव के बड़े टेस्ट से बच निकले, जहां उन्होंने आखिरी सेट के टाई-ब्रेक में जीत हासिल करके फाइनल में जगह बनाई।



दूसरे सीड वाले खिलाड़ी ने डिफेंडिग चैंपियन को 4-6, 6-4, 7-6 (4) से हराया। दूसरे सीड वाले शेल्टन ने पूरे मुकाबले में दबाव में शानदार हिम्मत दिखाई। उन्होंने 11 में से 10 ब्रेक पॉइंट बचाए, जिसमें दूसरे सेट में 2-2 पर क्लच वॉली से एक जरूरी सेव और तीसरे सेट में 5-5 पर एक और सेव शामिल है। इस जीत के साथ, उन्होंने जोड़ी की हेड2हेड सीरीज में 4-0 की बढ़त बना ली।फाइनल में शेल्टन का मुकाबला टॉप सीड टेलर फ्रिट्ज से होगा। 2018 के बाद से यह टूर्नामेंट में टॉप दो सीड के बीच पहला फाइनल होगा, जब टॉप सीड केविन एंडरसन ने न्यूयॉर्क में दूसरे सीड सैम क्वेरी को हराया था, जहां पहले यह टूर्नामेंट हुआ था। फ्रिट्ज ने शनिवार को सेमीफाइनल में फिर से वापसी कर रहे मारिन सिलिच का सिलसिला रोक दिया। थोड़े अंतर से तय हुए मैच में, टॉप सीड ने अपना धैर्य बनाए रखा और क्रोएशियाई खिलाड़ी को दो घंटे, दो मिनट के रोमांचक मुकाबले में 7-6(5), 7-6(3) से हराया, और 37 साल के खिलाड़ी को 22 एस से हराया।

फ्रिट्ज ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा, ष्बस बहुत शांत सर्विंग। मुझे लगता है कि जब मैं शांत और रिलैक्स महसूस करता हूं, तो यही सबसे बड़ी बात है, मैं अच्छी सर्व करता हूं।दोनों खिलाड़ियों ने बिना ब्रेक वाले मैच में बड़ी डिलीवरी से दबदबा बनाया। फ्रिट्ज को ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा और उन्होंने सिलिच के 16 के मुकाबले 22 एस मारे, जिसमें पहले सेट के टाई-ब्रेक में चार शामिल थे। हालांकि वह अपने पांच ब्रेक-पॉइंट मौकों में से किसी को भी भुना नहीं पाए, लेकिन सर्व पर फ्रिट्ज के शांत स्वभाव नेफर्क पैदा किया, उन्होंने अपने पहले सर्व पॉइंट्स का 86 प्रतिशत (48/56) जीता । फ्रिट्ज ने जोड़ी की हेड2हेड सीरीज में 3-1 की बढ़त बना ली और 2024 में यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचने पर घरेलू मैदान पर पहले फाइनल में पहुंच गए।

# सम्पादकीय

सोमवार, 16 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## लोकतंत्र में आस्था बनी रहे

लोकतंत्र में चुनाव की शुचिता बनाए रखने के लिए मतदाता सूची में समय-समय पर संशोधन जरूरी है। इसी मकसद से देश के विभिन्न राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू की गई है। मगर इसमें कई तरह की बाधाएं भी उत्पन्न हो रही हैं। कभी बड़ी संख्या में नागरिकों को मसविदा सूची से बाहर करने को लेकर सवाल उठ रहे हैं, तो कभी सियासी दलों की ओर से इस प्रक्रिया में नियमों के विपरीत दखल देने के आरोप लग रहे हैं। ऐसे में सबसे जरूरी है कि नई मतदाता सूची तैयार करने में पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता बरती जाए, ताकि सभी पात्र नागरिकों का मताधिकार सुरक्षित रह सके और अपात्र या मृतकों के नाम सूची से हटाने का कार्य बिना किसी विवाद या बाधा के पूरा हो सके। यही वजह है कि सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों को स्पष्ट कर दिया कि विशेष गहन पुनरीक्षण की कवायद में किसी भी बाधा डालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही इस प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने और विभिन्न आशंकाओं का निराकरण करने के निर्देश भी जारी किए हैं। मगर यह बात भी उतनी ही अहम है कि आयोग की इस कवायद में किसी राज्य सरकार का सीधे तौर पर दबाव या दखल देना उचित नहीं हो सकता। इस बात पर भी गौर करना जरूरी है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को सफल तरीके से पूरा करने की जिम्मेदारी सिर्फ चुनाव आयोग की नहीं है, बल्कि राज्य सरकारों की भी इसमें अहम भूमिका है। इसके लिए पर्याप्त और सक्षम कर्मी उपलब्ध कराने का जिम्मा राज्य सरकार का होता है। ऐसे में अपेक्षा की जाती है कि इसमें सियासत को दूर रखकर राज्य सरकार और चुनाव आयोग सहयोग एवं समन्वय के साथ काम करेंगे। चुनाव आयोग पश्चिम बंगाल में कुछ और कर्मियों को पुनरीक्षण प्रक्रिया में तैनात करने की मांग कर रहा है, जिस पर राज्य सरकार अब जाकर राजी हुई है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरुआत बिहार से हुई थी और तब से लेकर यह प्रक्रिया विवादों में है। शुरू में चुनाव आयोग की ओर से आधार कार्ड को पहचान पत्र के दस्तावेज में शामिल न करने का मुद्दा प्रमुखता से उठा था। आयोग का तर्क था कि आधार को नागरिकता का पहचान पत्र नहीं माना जा सकता। मगर बाद में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर इसे पहचान के दस्तावेज में शामिल कर लिया गया। अब पश्चिम बंगाल में इस प्रक्रिया पर आए दिन नए-नए सवाल उठ रहे हैं। पिछले दिनों चुनाव आयोग ने खुद राज्य में मसविदा सूची में छूट गए मतदाताओं की सुनवाई की प्रक्रिया रोकने का निर्देश दिया था। आयोग का मानना था कि वर्ष 2002 की मतदाता सूची के डिजिटलीकरण में तकनीकी समस्या की वजह से कई लोगों के नाम मसविदा सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं और ऐसे लोगों के लिए फिलहाल व्यक्तिगत सुनवाई की जरूरत नहीं है। अगर सरकार इस पर पहले ही हामी भर देती, तो इस कार्य में लगे अन्य कर्मियों को भी काम का दबाव नहीं झेलना पड़ता, जिसको लेकर राज्य में सत्तारूढ़ दल की ओर से ही सवाल उठाए जाते रहे हैं।

## भाजपा के भ्रष्ट मॉडल का उदाहरण



अयोध्या में जो रेलवे स्टेशन बनाया गया, वह भाजपा के भ्रष्ट मॉडल का उदाहरण है, सरकार को चाहिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए, बनते ही गिर जाने वाली पानी की टंकी थोड़ी दूर बनाई जाए, छत ऐसी हो कि नीचे खड़े लोगों को छतरी न लगानी पड़े और एप्रोच रोड की परत न उखड़े, लिफ्ट और एस्केलेटर लगाए जाएं, तो वे सही तरीके से काम भी करें, निर्माण कार्यों में पारदर्शिता होनी चाहिए और यात्रियों के लिए वेटिंग एरिया वास्तव में सुविधाजनक बनाया जाए, क्योंकि कई बार ट्रेनों में लंबी देरी होती है, ठेकेदार स्थानीय होना चाहिए, ताकि जिम्मेदारी तय की जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

**–अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# अगला हमला भारतीय प्रशासनिक सेवा पर!



पवन सिंह

निरंकुश और अलोकतांत्रिक सत्ताएं कभी भी निर्माण पर भरोसा नहीं करती हैं। एक सर्वमान्य निर्मित संविधान या नियमों को न मानते हुए उसके समानांतर एक और निरंकुश व्यवस्था खड़ी करना ही ऐसी सत्ताओं का पैमाना रहा है। यहां यह भी काबिल-ए-गौर है कि इन निरंकुश सत्ताओं के लिए कभी भी देश, समाज और जनता प्राथमिकता में नहीं रही है न कभी होगी। हां! इनके प्रोपेगैंडा में राष्ट्र, राष्ट्रीयता, स्वाभिमान, आत्मा, चित्त, परमात्मा जैसे शब्द आसमां तक उछलते मिलेंगे। यह ठीक वैसा ही है जैसे आजकल गिद्ध मार्का साधु-संत करते हैं। खुद के लिए एसी पंडाल, कथा के लिए 50 लाख से एक करोड़ व वाहनों में बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज, लेकिन भक्तों के लिए-क्या लेकर आए थे और क्या लेकर जाना है।

ऐसी सत्ताओं की सोच बेहद कट्टर और संकुचित होती है। जनता को उसके मूल विषयों से भटकाए रखना, अपने ही देश की अवाम के बीच नफरत पैदा करना और एक मान्य व्यवस्था को ध्वस्त कर देना ऐसी सत्ताओं का शगल रहा है। देश की जनता अगर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं होती है और इतिहास से सबक नहीं लेती है तो उसके हाथ केवल विनाश लगता है। इस तरह की सत्ताओं के तीन सबसे खतरनाक हथियार हुआ हैं-धर्म, राष्ट्रवाद और संस्कृति। जर्मनी हो या मिडिल ईस्ट या ताजा-ताजा लंका इसके जीवंत उदाहरण हैं। इन सत्ताओं का अंतिम हमला होता है सुरक्षा बलों पर और देश की व्यवस्था को मान्य नियमों से संचालित करने वाली वहां की प्रशासनिक सेवाओं पर। भारत की मौजूदा सत्ता ने अब इन दोनों पर हमला आरंभ कर दिया है। मैं पहले भी अपने लेखों के माध्यम से कहता आया हूं कि बचेगा कोई नहीं। एक-एक करके सबका शिकार होगा और ठीक वैसा ही हो रहा है।

भारतीय प्रशासनिक सेवा को नष्ट करने के लिए एक वायरस तैयार किया गया है और उस वायरस का नाम है-लैटरल एंट्री यहां यह स्पष्ट कर दूं कि इस तथाकथित लैटरल एंट्री के जरिए जो आईएएस थोपे जा रहे हैं वे UPSC जैसे कड़ी परीक्षा और प्रक्षिशण प्राप्त आईएएस अधिकारियों से कहीं ज्यादा ताकतवर हैं, क्योंकि उनकी नियुक्तियों का आका सत्ता के मजबूत शिखर पर बैठा है और वे उस आका द्वारा नियुक्त कठपुतली हैं, उनकी रीढ़ के सारे धागे आका की उंगलियों में हैं। उनकी स्थिति और औकात एक गाने की लाइन में छिपी हैं-जितनी चाभी भरी राम ने उतना चले खिलौना। यानी कि लैटरल आईएएस कहीं ज्यादा ताकतवर है UPSC के आईएएस से। केंद्र सरकार में लैटरल एंट्री के जरिए वरिष्ठ पदों के लिए 31 नाम फाइनल किए और तैनाती दे दी। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग DoPT ने 12 दिसम्बर, 2020 और 12 फरवरी 2020 को UPSC से संविदा प्रतिनियुक्ति आधार पर केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों विभागों में संयुक्त सचिव उप सचिव के पद पर शामिल करने के लिए योग्य उम्मीदवारों के चयन करने का अनुरोध किया था। यूपीएससी ने 6 फरवरी 2021 को ऑनलाइन भर्ती आवेदन द्वारा संयुक्त सचिव निदेशक स्तर की भर्ती प्रक्रिया की शुरुआत की और इन पदों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 22 मार्च 2021 थी। इसके साथ ही उप सचिव पदों के लिए 20 मार्च को भर्ती प्रक्रिया की शुरुआत हुई और आवेदन करने की अंतिम तिथि 3 मई थी। संयुक्त सचिव के लिए 295, निदेशक स्तर के पदों के लिए 1247 और उप सचिव स्तर के पदों के लिए 489 आवेदन मिले। 27 सितंबर से 8 अक्टूबर 2021 तक साक्षात्कार का आयोजन किया गया। उम्मीदवारों द्वारा दाखिल किए ऑनलाइन आवेदन पत्रों के आधार पर संघ लोक सेवा आयोग ने 231 उम्मीदवारों का साक्षात्कार के लिए चयन किया और 27 सितंबर से 8 अक्टूबर 2021 तक साक्षात्कार का आयोजन किया गया और 31 उम्मीदवारों का अंतिम चयन किया गया है। लेटरल एंट्री गजब का भर्ती वायरस है। इसमें UPSC की तीन चरणों में वाली परीक्षा पास किए बगैर भी प्रशासनिक अधिकारी बनाया जाता है। लेटरल एंट्री के जरिए निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों को सीधे जॉइंट सेकेट्री या डायरेक्टर के पद पर नियुक्त मिलती है। इस परीक्षा में साक्षात्कार के जरिए सेलेक्शन किया जाता है। फिलहाल लैटरल एंट्री वाले आईएएस अधिकारी ये रहे-

1. सैमुएल प्रवीण कुमार (ज्वाइंट सेक्रेटरी, कृषि मंत्रालय) 2. मनीष चड्ढा (ज्वाइंट सेक्रेटरी, वाणिज्य मंत्रालय) 3. बालासुब्रमण्यम कृष्णमूर्ति (ज्वाइंट सेक्रेटरी, वित्त मंत्रालय) 4. कपिल अशोक बेंद्रे (डायरेक्टर-एग्रीकल्चर मार्केटिंग, कृषि मंत्रालय) 5-नीरज गाबा (डायरेक्ट-एक्सपोर्ट मार्केटिंग, वाणिज्य मंत्रालय) 6-सागर रमेश राव काडू (डायरेक्टर-लॉजिस्टिक्स, वाणिज्य मंत्रालय) 7-प्रणु नारायण (डायरेक्टर-साइबर सिक्योरिटी इन फाइनेंशियल सेक्टर, वित्त मंत्रालय) 8-हर्ष भौमिक (डायरेक्टर-डिजिटल इकोनॉमी, वित्त मंत्रालय) 9-शेख चौधरी (डायरेक्टर-फाइनेंशियल मार्केट, वित्त मंत्रालय) 10-हार्दिक मुकेश सेठ (डायरेक्टर-बैंकिंग, वित्त मंत्रालय) 11-मंदाकिनी बलोढी (डायरेक्ट-इंश्योरेंस, वित्त मंत्रालय) 12-अवनीत सिंह अरोड़ा (डायरेक्टर-आर्बिट्रेशन एंड कंसिलिएशन लॉ, कानून मंत्रालय) 13-हैमंती भट्टाचार्य (डायरेक्टर-साइबर लॉ, कानून मंत्रालय) 14-मातेश्वरी प्रसाद मिश्रा (डायरेक्टर-वेयर हाउस एक्सपरटीज, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय) 15-गौरव सिंह (डायरेक्ट-एजुकेशन टेक्नोलॉजी, शिक्षा मंत्रालय) 16-एडला नवीन निकोलस (डायरेक्टर-आईसीटी एजुकेशन, शिक्षा मंत्रालय) 17-मुक्ता अग्रवाल (डायरेक्टर-मीडिया मैनेजमेंट, शिक्षा मंत्रालय) 18-शिव मोहन दीक्षित (डायरेक्टर-वाटर मैनेजमेंट, जलशक्ति मंत्रालय) 19-गोविंद कुमार बंसल (डायरेक्टर, स्वास्थ्य मंत्रालय) 20-बिदुर कांत झा (डायरेक्टर, सड़क परिवहन मंत्रालय) 21-अवीक भट्टाचार्य (डायरेक्टर, नागरिक उड्डयन मंत्रालय) 22-संदेश माधवराव तिलेकर (डायरेक्टर, स्किल डेवलपमेंट मंत्रालय) 23- ) तु चंद्रा (डिप्टी सेक्रेटरी, शिक्षा मंत्रालय) 24-रुचिका द्राल (डिप्टी सेक्रेटरी, पर्यावरण मंत्रालय) 25-सौमेंदू रे (डिप्टी सेक्रेटरी, सांख्यिकी मंत्रालय) 26-सारथी राजा जी (डिप्टी सेक्रेटरी, इस्पात मंत्रालय) 27-राजन जैन (डिप्टी सेक्रेटरी, कारपोरेट कार्य मंत्रालय) 28- धीरज कुमार (डिप्टी सेक्रेटरी खान मंत्रालय) 29-राज. ेश असाती (डिप्टी सेक्रेटरी, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय) 30-गौरव किशोर जोशी (डिप्टी सेक्रेटरी, भारी उद्योग मंत्रालय) 31-जमीरुद्दीन अंसारी (डिप्टी सेक्रेटरी, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय)।

मैंने अपने परिचित अवकाश प्राप्त दो चीफ सेक्रेटरी अधिकारियों, आधा दर्जन रिटायर्ड और वर्तमान आईएएस अधिकारियों से बात की तो लब्बोलुआब यह निकला कि 2024 के बाद अग्निवीर की तरह वे भी प्रशासनिक वीर बन कर रह जाएंगे। इन आईएएस अधिकारियों के अनुसार प्राइम पोस्टिंग यानी मलाईदार पोस्टिंग और सत्ता के साथ मिलकर लूट में साझेदारी ने इस कैडर की ताकत को नेस्तनाबूद कर दिया है। इन अधिकारियों का कहना है कि देश के सारे आईएएस अधिकारियों को मिलकर एक आपात बैठक करके यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी अधिकारी सत्ता के गलत आदेशों को किसी भी सूरत में नहीं मानेगा भले ही उसका स्थानांतरण सामान्य विभाग में क्यों न कर दिया जाए अन्यथा अगला नंबर भारतीय प्रशासनिक सेवाओं का है। सरकार अब प्रशासनिक सेवाओं के रिक्त पदों को भी भरने में खास दिलचस्पी नहीं ले रही है। राज्यसभा में सरकार की ओर से 2023 में जो जवाब दिया गया था कि भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1,365 और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 703 पद रिक्त हैं। कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक सवाल के लिखित जवाब में उच्च सदन को यह जानकारी दी थी। उन्होंने कहा था कि भारतीय वन सेवा (आईएफएस) में 1,042 और भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) में 301 पद रिक्त हैं। कुल जमा खर्च यह है कि सत्ता को रीढ़ विहीन प्रशासनिक लाबी चाहिए। मौजूदा सत्ता को फिल्म घातक (1996 हीरो-सनी देओल और विलेन-डैनी डेन्जोंगपा) के डायलाग बोलने और सोचने वाला आईएएस अफसर नहीं चाहिएं, सत्ता को चाहिए जो उसके लिखे डायलाग्स दुम हिलाते हुए बोल सकें। सत्ता चाहती है ऐसा प्रशासनिक अधिकारी जो रिरियाता हुआ धीरे से यह डायलाग्स बोल सके-कात्या! तू चाहता है मैं तेरे यहां कुत्ता बनकर रहूं। तू कहे तो काटूं। तू कहे तो भौंकू। ऐसा ही होगा कात्या! यहां कात्या कैरेक्टर का मतलब सत्ता से है। काश! भारतीय प्रशासनिक सेवा से आए मौजूदा आईएएस अधिकारी आने वाले खतरे को भांप सकें और रीढ़ की हड्डी को खड़ा करके राष्ट्रीय स्तर पर एक बैठक कर विचार कर सकें। अन्यथा अब उम्मीद तो न सुप्रीम कोर्ट से रही और न पूंछ बराबर बची संवैधानिक संस्थाओं से। अब तो नेचर से न्याय की उम्मीद है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ऐसे ही नहीं शुरू हो गई घुड़सवारी

**कंकालों की जांघ की हड्डियों में कुछ मोटे स्थान भी नजर आए जो टांगें मोड़कर लंबे समय तक बैठक का परिणाम हो सकते हैं और तो और, टूटी हुई कंधे की हड्डियां, पैरों की हड्डियों में फ्रेक्चर और कशेरुकों में दरारें ऐसी चोटों से मेल खाती थीं जो या तो घोड़े द्वारा मारी गई लातों से हो सकती थीं या वैसी हो सकती थीं जो आजकल घुड़सवारों को घोड़ों पर से गिरने के कारण होती हैं। इन लक्षणों की तुलना उन्होंने बाद के समय के ऐसे कंक. ालों से की जिन्हें घुड़सवारी के उपकरणों और घोड़ों के साथ दफनाया गया था जो इस बात का परिस्थितिजन्य प्रमाण है कि ये पक्के तौर पर घुड़सवार रहे होंगे। और इन लक्षणों में समानता देखी गई, लेकिन अन्य पुरावेत्ता अभी अपने विचारों को लगाम दे रहे हैं।**

मनुष्य ने सबसे पहले घुड़सवारी कब की थी? इस सवाल के जवाब कई तरह से खोजने की कोशिश हुई है क्योंकि घोड़े पर सवारी करना मानव इतिहास का एक अहम पड़ाव माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि आजकल के रूस और यूक्रेन के घास के मैदानों (स्टेपीज) से निकलकर लोग तेजी से यूरेशिया में फैल गए थे। यह कोई 5300 वर्ष पहले की बात है। जल्दी ही इन यामानाया लोगों के जेनेटिक चिंह मध्य यूरोप से लेकर कैस्पियन सागर के लोगों तक में दिखने लगे थे। आजकल के पुरावेत्ता इन लोगों को पूर्वी चरवाहे कहते हैं, लेकिन इनमें घुड़सवारी के कोई लक्षण नजर नहीं आते थे। इसके अलावा, यामानाया स्थलों पर मवेशियों की हड्डियां भी मिली हैं और मजबूत गाड़ियों के अवशेष भी, लेकिन घोड़ों की हड्डियां बहुत कम मिली हैं। इस सबके आधार पर पुरावेत्ताओं ने मान लिया था कि लोगों ने घोड़ों पर सवारी 1000 साल से पहले शुरू नहीं की होगी। अब अमेरिकन एसोसिएशन फॉर एडवांसमेंट ऑफ साइन्सेज के सम्मेलन में प्रस्तुत एक अध्ययन में दावा किया गया है कि घुड़सवारी के प्रमाण प्राचीन घोड़ों की हड्डियों में नहीं, बल्कि यामानाया सवारों की हड्डियों में मिले हैं। हेलसिंकी विश्वविद्यालय के वोल्कर हेड का कहना है कि सब लोग घोड़ों को देख रहे थे और हमने मनुष्यों को देखा। आनुवंशिक व अन्य प्रमाण बताते हैं कि घोड़ों को 3500 ईसा पूर्व में पालतू बना लिया गया था, लेकिन ऐतिहासिक स्रोतों या चित्रों में घुड़सवारी के प्रमाण इसके लगभग 2000 वर्षों बाद मिलने लगते हैं। तो कई पुरावेत्ता मानने लगे थे कि पूर्वी चरवाहे घोड़ों पर सवारी करने की बजाय अपने पशुधन के साथ पैदल ही चलते रहे होंगे। अब यामानाया फैलाव को समझने के उद्देश्य से हेलसिंकी के मानव वैज्ञानिक मार्टिन ट्रॉटमैन और उनके साथियों ने रोमानिया, हंगरी और बुल्गारिया की कब्रों से खोदे गए डेढ़ सौ से ज्यादा मानव कंकालों का विश्लेषण किया है। यह क्षेत्र यामानाया लोगों के फैलाव की पूर्वी सीमा पर है।

विश्लेषण से पता चला कि ये लोग सुपोषित, तंदुरुस्त और अच्छे कद वाले थे। उनकी हड्डियों के रासायनिक विश्लेषण से यह भी लगता है कि इनका भोजन प्रोटीन प्रचुर था, लेकिन एक दिक्कत थी इनके कंकालों में विशिष्ट किस्म की क्षतियां और विकृतियां नजर आईं। कई कंकालों में रीढ़ की हड्डियां दबी हुई थीं। ऐसा तब हो सकता है जब बैठी स्थिति में व्यक्ति को दचके लग रहे हों। कंकालों की जांघ की हड्डियों में कुछ मोटे स्थान भी नजर आए जो टांगें मोड़कर लंबे समय तक बैठक का परिणाम हो सकते हैं और तो और, टूटी हुई कंधे की हड्डियां, पैरों की हड्डियों में फ्रेक्चर और कशेरुकों में दरारें ऐसी चोटों से मेल खाती थीं जो या तो घोड़े द्वारा मारी गई लातों से हो सकती थीं या वैसी हो सकती थीं जो आजकल घुड़सवारों को घोड़ों पर से गिरने के कारण होती हैं। इन लक्षणों की तुलना उन्होंने बाद के समय के ऐसे कंकालों से की जिन्हें घुड़सवारी के उपकरणों और घोड़ों के साथ दफनाया गया था जो इस बात का परिस्थितिजन्य प्रमाण है कि ये पक्के तौर पर घुड़सवार रहे होंगे। और इन लक्षणों में समानता देखी गई, लेकिन अन्य पुरावेत्ता अभी अपने विचारों को लगाम दे रहे हैं क्योंकि उनका मानना है कि जब तक घोड़ों की हड्डियां न मिल जाएं, जिन पर सवारी के चिंह हों, तब तक निश्चित रूप से कुछ कहा नहीं जा सकता। एक समस्या यह भी है कि पुरावेत्ताओं को यामानाया स्थलों से गाड़ियां, बैल और जुएं तो मिले हैं लेकिन लगाम और जीन जैसे घुड़सवारी के साधन नहीं मिले हैं। तो मामला अभी खुला है कि मनुष्यों ने घुड़सवारी कब शुरू की थी।



# बढ़ते तापमान के निकट भविष्य में दिखने लगे संकेत



जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग जैसे शब्द अब हमारे लिए अनजाने नहीं हैं। बढ़ते हुए वैश्विक तापमान से निकट भविष्य में होने वाली समस्याओं के संकेत दिखने लगे हैं। इनको सीमित करने के लिए समय-समय पर सम्मेलन आयोजित होते रहे हैं। हाल ही में ग्लासगो में ऐसा सम्मेलन हुआ था। आमतौर पर इन सम्मेलनों में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन, वनों की कटाई, पारिस्थितिक तंत्र आदि मुद्दे सुर्खियों में रहते हैं, लेकिन कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जिन पर चर्चा नहीं होती है। हाल ही में कुछ शोधकर्ताओं ने हमारे खानपान के तरीकों से पृथ्वी पर होने वाले प्रभावों का अध्ययन किया है। तथ्य यह है कि विश्व में लगभग दो अरब लोग (अधिकांश पश्चिमी देशो में) अधिक वजन या मोटापे से ग्रस्त हैं। इसके विपरीत करीब 80 करोड़ ऐसे लोग (अधिकांश निम्न व मध्यम आमदनी वाले देशों में) भी हैं जिनको पर्याप्त पोषण नहीं मिल रहा है। 2017 में अस्वस्थ आहार से विश्व स्तर पर सबसे अधिक मौतें हुई थीं। राष्ट्र संघ खाद्य व कृषि संगठन के अनुसार जनसंख्या में वृद्धि और पश्चिमी देशों के समान अधिक से अधिक भोजन का सेवन करने के रुझान को देखते हुए अनुमान है कि वर्ष 2050 तक मांस, डेयरी और अंडे के उत्पादन में लगभग 44 प्रतिशत वृद्धि जरूरी होगी।

यह स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण की भी समस्या है। गौरतलब है कि वर्तमान औद्योगीकृत खाद्य प्रणाली वैश्विक ग्रीनहाउस उत्सर्जन के लगभग एक-चौथाई के लिए जिम्मेदार है। इसके लिए विश्व भर के 70 प्रतिशत मीठे पानी और 40 प्रतिशत भूमि का उपयोग किया जाता है। इसके अतिरिक्त इसके लिए इस्तेमाल किए जाने वाले उर्वरक नाइट्रोजन और फॉस्फोरस चक्र को बाधित करते हैं और नदियों तथा तटों को भी प्रदूषित करते हैं। वर्ष 2019 में 16 देशों के 37 पोषण विशेषज्ञों, पारिस्थितिकीविदों और अन्य विशेषज्ञों के एक समूह-लैंसेट कमीशन ऑन फूड, प्लेनेट एंड हेल्थ-ने एक रिपोर्ट जारी की है जिसमें पोषण और पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए व्यापक आहार परिवर्तन का आह्वान किया गया है। लैंसेट समूह द्वारा निर्धारित आहार का पालन करने वाले व्यक्ति को लचीलाहारी कहा जाता है जो अधिकांश दिनों में तो पौधों से प्राप्त आहार लेता है और कभी-कभी थोड़ी मात्रा में मांस या मछली का सेवन करता है। इस रिपोर्ट ने निर्वहनीय आहार पर ध्यान तो आकर्षित किया है लेकिन यह सवाल भी उठा है कि क्या यह सभी के लिए व्यावहारिक है। इस संदर्भ में कुछ वैज्ञानिक पोषण और आजी. विका को नुकसान पहुंचाए बिना स्थानीय माहौल के हिसाब से पर्यावरणीय रूप से निर्वहनीय आहार का परीक्षण करने का प्रयास कर रहे हैं।

**खानपान से होने वाला उत्सर्जन**

खाद्य उत्पादन से होने वाला ग्रीनहाउस उत्सर्जन इतना अधिक है कि वर्तमान दर पर सभी राष्ट्र गैर-खाद्य उत्सर्जन को पूरी तरह खत्म भी कर देते हैं तब भी तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित नहीं किया जा सकता है। खाद्य प्रणाली उत्सर्जन का 30 से 50 प्रतिशत हिस्सा तो केवल जंतु सप्लाई चेन से आता है। इसके अतिरिक्त कुछ विशेषज्ञों के अनुसार 2050 तक शहरीकरण और जनसंख्या वृद्धि के कारण भोजन सम्बंधी उत्सर्जन में 80 प्रतिशत तक वृद्धि होने की सम्भावना है। यदि सभी लोग अधिक वनस्पति-आधारित आहार का सेवन करने लगें और अन्य सभी क्षेत्रों से उत्सर्जन को रोक दिया जाए तो वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के लक्ष्य को पूरा करने की 50 प्रतिशत उम्मीद होगी। यदि भोजन प्रणाली में व्यापक बदलाव के साथ आहार में भी सुधार किया जाता है तो यह संभावना बढ़कर 67 प्रतिशत हो जाएगी। अलबत्ता, ये निष्कर्ष मांस उद्योग को नहीं सुहाते। 2015 में यूएस कृषि विभाग की सलाहकार समिति ने आहार सम्बंधी दिशानिर्देशों में संशोधन करते समय शोधकर्ताओं के हस्तक्षेप के चलते पर्यावरणीय पहलू को भी शामिल करने पर विचार किया था, लेकिन उद्योगों के दबाव के कारण इस विचार को खारिज कर दिया गया। फिर भी इस मुद्दे पर लोगों का ध्यान तो गया। यूके-आधारित वेलकम संस्थान द्वारा वित्तपोषित ईट-लैंसेट कमीशन ने एक मजबूत केस प्रस्तुत किया। पोषण विशेषज्ञों ने संपूर्ण खाद्य पदार्थों से बना एक बुनियादी स्वस्थ आहार तैयार किया, जिसमें कार्बन उत्सर्जन, जैव-विविधता हानि और मीठे पानी, भूमि, नाइट्रोजन तथा फॉस्फोरस के उपयोग को शामिल किया गया। इस प्रकार से टीम ने आहार की पर्यावरणीय सीमाएं निर्धारित की। टीम के अनुसार इन पर्यावरणीय सीमाओं का उल्लंघन करने का मतलब इस ग्रह को मानव जाति के लिए जीवन-अयोग्य बनाना होगा। इस आधार पर उन्होंने एक विविध और मुख्यत: वनस्पति आधारित भोजन योजना तैयार की है। इस योजना के तहत औसत वजन वाले 30 वर्षीय व्यक्ति के लिए 2500 कैलोरी प्रतिदिन के आहार के हिसाब से एक सप्ताह में 100 ग्राम लाल मांस खाने की अनुमति है। यह एक आम अमे. रिकी की खपत से एक-चौथाई से भी कम है। यह भी कहा गया है कि अत्यधिक परिष्कृत खाद्य पदार्थ (शीतल पेय, फ्रोजन फूड और पुनर्गठित मांस, शर्करा और वसा) के सेवन से भी बचना चाहिए। आयोग का अनुमान है कि इस प्रकार के आहार के जरिए पारिस्थितिकी तंत्र को क्षति पहुंचाए बिना 10 अरब लोगों को अधिक स्वस्थ भोजन दिया जा सकता है। कई वैज्ञानिकों ने ईट-लैंसेट द्वारा तैयार किए गए आहार प्लान की सराहना की है, लेकिन एक सवाल यह भी है कि क्या यह आहार कम संसाधन वाले लोगों के लिए भी पर्याप्त पोषण प्रदान करेगा। जैसे वाशिंगटन स्थित ग्लोबल एलायंस फॉर इम्प्रूव्ड न्यूट्रिशन के टाय बील का निष्कर्ष है कि यह आहार 25 वर्ष से ऊपर की आयु के व्यक्ति के लिए आवश्यक जिंक का 78 प्रतिशत और कैल्शियम का 86 प्रतिशत ही प्रदान करता है और प्रजनन आयु की महिलाओं को आवश्यक लौह का केवल 55 प्रतिशत प्रदान करता है। इन आलोचनाओं के बावजूद, यह आहार पर्यावरण सम्बंधी चिंताओं को केंद्र में रखता है। रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद विश्व भर के स्वास्थ्य वैज्ञानिक इस आहार को सभी तरह के लोगों के लिए व्यावहारिक बनाने पर अध्ययन कर रहे हैं।

**समृद्ध आहार**

कई पोषण शोधकर्ता जानते हैं कि अधिकांश उपभोक्ता आहार सम्बंधी दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करते। कई वैज्ञानिक लोगों को यह संदेश देने के कारगर तरीके तलाश रहे हैं। कुछ पोषण वैज्ञानिक स्कूलों में बगैर हो-हल्ले के एक निर्वहनीय आहार का परीक्षण कर रहे हैं, जिसमें मौसमी सब्जियों और फ्री-रेंज मांस (जिन जंतुओं को दड़बों में नहीं रखा जाता) जैसे पारंपरिक और निर्वहनीय खाद्य की खपत को बढ़ावा दिया जाता है। इस कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय के 2000 छात्रों के स्कूल लंच का विश्लेषण करने के लिए कंप्यूटर एल्गोरिदम का उपयोग किया गया है। जिससे उन्हें आहार को अधिक पौष्टिक और जलवायु के अनुकूल बनाने के तरीकों के सुझाव मिले, जैसे मांस की मात्रा को कम करके फलियों और सब्जियों की मात्रा में वृद्धि। शोधकर्ताओं ने बच्चों और उनके अभिभावकों को लंच में सुधार की सूचना दी लेकिन उनको इसका विवरण नहीं दिया गया। इसकी ओर बच्चों ने भी ध्यान नहीं दिया और पहले के समान भोजन की बर्बादी भी नहीं हुई। इस कवायद के माध्यम से शोधकर्ता बच्चों में टिकाऊ आहार सम्बंधी आदतें विकसित करना चाहते हैं जो आगे भी जारी रहें। वैसे यह आहार ईट-लैंसेट से काफी अलग है। यह ईट-लैंसेट आहार को स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर तैयार करने के महत्व को रेखांकित करता है। इसी तरह से कुछ शिक्षाविद और रेस्तरां भी कम आय वाली परिस्थिति में मुफ्त आहार का परीक्षण कर रहे हैं। इस संदर्भ में जॉन हॉपकिंस यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के शोधकर्ताओं ने इस तरह का आहार लेने वाले 500 लोगों का सर्वेक्षण किया और पाया कि 93 प्रतिशत लोगों ने इस आहार को काफी पसंद किया। देखा गया कि प्रत्येक मुफ्त आहार की कीमत 10 अमेरिकी डॉलर है जो वर्तमान में यूएस फूड स्टैम्प द्वारा प्रदान की जाने वाली राशि का पांच गुना है। इससे पता चलता है कि यदि आप आहार में व्यापक बदलाव करें तो पर्यावरण पर एक बड़ा प्रभाव डाल सकते हैं लेकिन इसमें सांस्कृतिक और आर्थिक बाधाएं रहेंगी।

**...स्रोत फीचर्स**

उत्तराखण्ड शासन
देवभूमि रजत उत्सव

# देवभूमि उत्तराखण्ड



# विरासत भी, विकास भी

संवरता, समृद्ध, सक्षम
**उत्तराखण्ड**
*नए भारत की पहचान*

"प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड सर्वांगीण विकास की नई मिसाल बन रहा है। स्थानीय उत्पाद, बेहतर कनेक्टिविटी, उद्योग एवं निवेश तथा हर मौसम पर्यटन सहित देवभूमि अपनी अलौकिक विरासत को संजोते हुए विकास के नए आयाम छू रही है।"

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।"

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## स्थानीय उत्पाद

### (पहाड़ का स्वाद, पहचान और आत्मनिर्भरता)

- हाउस ऑफ हिमालयाज के माध्यम से अब तक राज्य की 3,300 ग्रामीण महिलाओं को प्रत्यक्ष एवं 28,000 से अधिक महिलाओं को अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित किया गया
- उत्तराखण्ड के 25 से अधिक उत्पादों को मिला जीआई टैग
- च्यूरा ऑयल, मुन्स्यारी राजमा, भोटिया दन, ऐंपण, रिंगाल क्राफ्ट, उत्तराखण्ड ताम्र उत्पाद एवं थुलमा को जी आई सर्टिफिकेशन
- ट्राउट प्रोत्साहन योजना को राज्य सरकार ने दी मंजूरी
- उत्तराखण्ड स्टेट मिलेट्स पॉलिसी के तहत राज्य सरकार ने 2030-31 तक 11 पर्वतीय जिलों के लिए कुल ₹134.89 करोड़ की कार्य योजना पर मुहर लगाई
- मण्डुवा, झंगोरा, रामदाना, कौणी एवं चीना उत्पादक किसानों को बीज एवं जैव उर्वरक पर 80 प्रतिशत अनुदान दिए जाने का फैसला
- उत्तराखण्ड कीवी नीति के तहत वर्ष 2030-31 तक राज्य सरकार कीवी उद्यान स्थापना के लिए कुल लागत 12 लाख प्रति एकड़ का 70 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान करेगी
- राज्य में माल्टा मिशन शुरू करने का लिया निर्णय
- राज्य में उत्तराखण्ड महक क्रांति 2026-36 का हुआ शुभारंभ



## बेहतर कनेक्टिविटी

### (हर दिशा से जुड़ रहा उत्तराखण्ड)

- रिस्पना एवं बिन्दाल ऐलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना के निर्माण को मंजूरी
- देहरादून एयरपोर्ट में अतिरिक्त टर्मिनल का निर्माण किया गया। देहरादून से बेंगलुरु, हैदराबाद, भोपाल, मुम्बई, चेन्नई, लखनऊ, आदि शहरों में नियमित हवाई सेवाएं हुईं शुरू
- पन्तनगर एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर के एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने का कार्य गतिमान
- रीजनल कनेक्टिविटी योजना के अंतर्गत 13 स्थानों पर हेलीपोर्ट का निर्माण जारी
- राज्य में उड़ान योजना के अंतर्गत पर्वतीय जिलों में हो रहा हेली सेवाओं का संचालन। अब तक हल्द्वानी, नैनीताल, बागेश्वर, मसूरी, चंपावत, गौचर, श्रीनगर, चिन्यालीसौड़, मुन्स्यारी, पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा को हेली सेवा से जोड़ा गया
- उतराखण्ड को दो वंदे भारत ट्रेन की मिली सौगात। देहरादून से दिल्ली एवं देहरादून से लखनऊ का सफर हुआ आसान
- लालकुआं से अमृतसर जंक्शन एवं देहरादून से टनकपुर के लिए ट्रेन संचालन को मिली मंजूरी
- गौरीकुण्ड से केदारनाथ एवं गोविन्दघाट से हेमकुण्ड साहिब तक रोपवे निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास
- दिल्ली-देहरादून के बीच एलिवेटेड रोड का ₹13 हजार करोड़ की लागत से निर्माण कार्य जारी। इसके बनने से 2.5 घंटे में सफर होगा पूरा
- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का कार्य तेज गति से गतिमान। अब तक 70 प्रतिशत कार्य हुआ पूरा
- ऑल वेदर रोड के माध्यम से जुड़े चारधाम, सीमांत क्षेत्रों को सड़क से जोड़ने का कार्य है निरंतर जारी



## उद्योग एवं निवेश

### (निवेश का नया केंद्र — उत्तराखण्ड)


- ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में ₹3.56 लाख करोड़ के एम.ओ.यू.
- ₹1 लाख करोड़ से अधिक के निवेश की हो चुकी ग्राउंडिंग
- खुरपिया फार्म किच्छा में केंद्र सरकार द्वारा स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप विकसित करने को मंजूरी
- निर्यात तैयारी सूचकांक 2024 में उत्तराखण्ड ने छोटे राज्यों की श्रेणी में प्रथम स्थान किया प्राप्त
- उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम की स्थापना
- मेगा इंडस्ट्रियल एवं इन्वेस्टमेंट नीति-2025 को मंजूरी
- ईज आफ डूईंग बिजनेस- 2021 की राज्यों की रैंकिंग में एचीवर्स की श्रेणी
- उत्तराखण्ड लॉजिस्टिक में एचीवर्स श्रेणी के राज्यों में शामिल



## पर्यटन

### (हर मौसम, हर अनुभव — उत्तराखण्ड)

- वर्ष 2025 में 51 लाख से अधिक यात्रियों ने किए चारधाम के दर्शन
- राज्य में पहली बार शीतकालीन यात्रा का हुआ शुभारंभ
- मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत 48 मंदिरों को सर्किट के रूप में जोड़ने का कार्य गतिमान
- केदारनाथ पुनर्निर्माण और बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत कार्य गतिमान
- बदरीनाथ धाम को स्मार्ट आध्यात्मिक पहाड़ी कस्बे के रूप में विकसित करने हेतु ₹255.00 करोड़ की विकास योजनाओं का कार्य गतिमान
- चारधाम यात्रा, महत्वपूर्ण मेलों आदि के सुव्यवस्थित संचालन हेतु उत्तराखण्ड धर्मस्व एवं तीर्थाटन परिषद् के गठन का निर्णय
- उत्तराखण्ड के जखोल, सूपी, हर्षिल और गुंजी गांवों को भारत सरकार द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम के रूप में पुरस्कृत किया गया



**प्रधानमंत्री जी के नौ आग्रह**

**स्थानीय लोगों से:** बोली-भाषा का संरक्षण, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छ जल, गांव से जुड़ाव, तिबारी वाले घरों को संवारें
**पर्यटकों से:** प्लास्टिक के इस्तेमाल से बचें, वोकल फॉर लोकल, यातायात के नियम अपनाएं, तीर्थों की मर्यादा का पालन करें।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR